05 जुलाई, 2025
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 255

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


अंबा प्रसाद और करीबियों के यहां छापा, 15 लाख बरामद








आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 05 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



# पूरी तरह उफान पर है बिहार के मिथिलांचल का सियासी माहौल

## ■ एक सौ विधानसभा सीटों वाले इस इलाके के समीकरण सभी के लिए अहम

## ■ बिहार की सत्ता का ताला इसी इलाके पर जीत हासिल करने से खुलता रहा है

**बिहार के आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तमाम राजनीतिक दल अपना-अपना समीकरण फिट करने में लगे हुए हैं। इस दौरान बिहार के मिथिलांचल पर खास ध्यान दिया जा रहा है, क्योंकि कहा जाता है कि बिहार की सत्ता का ताला इसी इलाके पर जीत के साथ खुलने का इतिहास रहा है। बिहार की 243 विधानसभा सीटों में से एक सौ सीटें मिथिलांचल से हैं, जो इसे सत्ता की दौड़ में निर्णायक बनाती हैं। यह क्षेत्र उत्तरी बिहार का एक बड़ा हिस्सा है, जिसमें दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर और सीतामढ़ी जैसे जिले शामिल हैं, जो परंपरागत रूप से एनडीए के लिए मजबूत गढ़ रहे हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में एनडीए ने दरभंगा जिले की सभी नौ सीटें जीती थीं। लेकिन मिथिलांचल की सियासत के साथ एक खास बात यह है कि इस इलाके ने कभी किसी एक दल या गठबंधन का समर्थन नहीं किया, क्योंकि यहां का सामाजिक समीकरण अपने-आप में विशिष्ट है। मिथिलांचल में ब्राह्मण, राजपूत, यादव, अति पिछड़ा वर्ग और दलित समुदायों की महत्वपूर्ण आबादी है। इनके अलावा मुस्लिम वोटर भी यहां की सियासी धारा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मिथिलांचल की सियासत का इतिहास बताता है कि ब्राह्मण और मुस्लिम वोटरों की गोलबंदी ही यहां के चुनाव परिणाम को तय करते हैं। इसलिए इस बार एनडीए और महागठबंधन, दोनों ही मिथिलांचल पर खास ध्यान दे रहे हैं। 'पग-पग पोखरि माछ मखान, मधुर बोल मुस्की मुख पान' वाले मिथिलांचल में इस बार क्या है सियासी माहौल और क्या हैं चुनावी संभावनाएं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

बिहार के सत्ता संग्राम में मिथिलांचल का महत्व सभी को पता है। इस अंचल की एक सौ विधानसभा सीटें बिहार की सत्ता की चाबी हैं, क्योंकि इन सीटों पर जीत का मतलब ही सत्तासीन होने का प्रमाण पत्र होता है। इसलिए इस बार के चुनाव में भी मिथिलांचल को खासा महत्व दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद यहां से चुनाव प्रचार अभियान का आगाज कर चुके हैं, तो महागठबंधन की तरफ से राहुल गांधी ने दरभंगा का छात्रावास दौरा कर चुनाव प्रचार अभियान को हरी झंडी दिखा दी है। तेजस्वी यादव ने भी पिछले दिनों मिथिला का दौरा किया था। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर क्यों दोनों गठबंधनों के लिए मिथिलांचल इतना महत्वपूर्ण है।

### क्यों जरूरी है मिथिलांचल


पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में मिथिलांचल में महागठबंधन को जबरदस्त हार का सामना करना पड़ा था, जबकि एनडीए विशेषकर बीजेपी को शानदार कामयाबी मिली थी। लिहाजा इस वोट बैंक को इंटैक्ट रखते हुए नये मतदाताओं को जोड़ना भी एनडीए का लक्ष्य है। यही वजह है कि बीजेपी के साथ-साथ तमाम घटक दल भी मिथिलांचल के लिए पसीना बहा रहे हैं।

### मिथिलांचल में एक सौ सीटें

मिथिलांचल और उत्तर बिहार की करीब एक सौ विधानसभा सीटें इस क्षेत्र में आती है। कहते हैं कि इस इलाके में जीत हासिल करने वाला ही बिहार की सत्ता पर राज करता है। पिछली बार तेजस्वी यादव की अगुवाई में महागठबंधन ने एनडीए को कड़ी चुनौती दी थी, लेकिन इसी क्षेत्र में वह काफी पीछे रह गये, जिस वजह से वह सत्ता में नहीं आ पाये। वहीं बीजेपी और जेडीयू ने शानदार कामयाबी हासिल करते हुए सत्ता में वापसी की।

### 2024 में एनडीए की एकतरफा जीत

लोकसभा चुनाव 2024 में भी एनडीए की एकतरफा जीत हुई। मिथिलांचल में आरजेडी का खाता भी नहीं खुला, जबकि कांग्रेस सिर्फ कटिहार सीट ही जीत पायी, वहीं पूर्णिया में निर्दलीय पप्पू यादव को जीत मिली। बीजेपी ने जहां मधुबनी, दरभंगा, उजियारपुर, मुजफ्फरपुर और अररिया में जीत हासिल की, वहीं झंझारपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, मधेपुरा और सुपौल में जेडीयू को जीत मिली। समस्तीपुर (सुरक्षित) और खगड़िया में चिराग पासवान की एलजेपी (आर) को सफलता मिली।




### मिथिलांचल का सामाजिक समीकरण

मिथिलांचल का क्षेत्र बहुत बड़ा है। इसके तहत मिथिला का मुख्य इलाका तो शामिल है ही, इसके अलावा कोसी और सीमांचल भी इसी में आता है। ऐसे में ब्राह्मण, यादव और मुस्लिम मतदाता उम्मीदवारों की जीत-हार तय करते हैं। पारंपरिक तौर पर ब्राह्मण कांग्रेस के वोटर रहे हैं, लेकिन हालिया सालों में उनका रुझान एनडीए, विशेषकर बीजेपी की तरफ रहा है। वहीं यादव और मुस्लिम वोटर आरजेडी के साथ रहते हैं। हालांकि अति पिछड़ी जातियों को गोलबंदी जेडीयू के साथ रही है। इस वजह से नीतीश कुमार जिस गठबंधन में रहते हैं, उनके उम्मीदवारों की जीत की संभावना बढ़ जाती है।

ब्राह्मण और राजपूत पारंपरिक रूप से भारतीय जनता पार्टी के कोर वोटर रहे हैं, जबकि ओबीसी और कुछ हद तक यादव मतदाता जनता दल यूनाइटेड और राष्ट्रीय जनता दल के बीच बंटते हैं। 1989 के राम मंदिर आंदोलन के बाद से ब्राह्मण और मुस्लिम समुदायों का ध्रुवीकरण हुआ, जिसने भाजपा को इस क्षेत्र में मजबूत किया। मिथिलांचल में मुस्लिम आबादी भी कुछ क्षेत्रों में प्रभावशाली है, जिसे राजद और अन्य विपक्षी दल अपने पक्ष में करने की कोशिश करते हैं। इस तरह यह क्षेत्र जातीय और धार्मिक समीकरणों का एक जटिल मिश्रण है। मिथिलांचल मैथिली भाषा और संस्कृति का केंद्र है, जो इसे बिहार के अन्य क्षेत्रों से अलग करता है। मिथिलांचल में जातीय समीकरण जटिल हैं। एनडीए को ब्राह्मण और राजपूत वोटों को बनाए रखने के साथ-साथ इबीसी और मुस्लिम मतदाताओं को भी लुभाना होगा, जो राजद की ओर झुक सकते हैं।अगर राजद मुस्लिम-यादव समीकरण को मजबूत करता है, तो एनडीए को कुछ सीटों पर नुकसान हो सकता है।

### मिथिलांचल के विकास पर जोर

केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार लगातार मिथिलांचल पर सौगातों की बारिश कर रही है। इनमें सड़क, रेल परियोजना, दरभंगा एयरपोर्ट, दरभंगा एम्स, मैथिली में संविधान, मखाना को जीआइ टैग और मखाना बोर्ड का गठन समेत कई योजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार मिथिलांचल और मखाने की तारीफ करते रहे हैं। पिछली बार भी जब वह बिहार दौरे पर आये थे, तब भी उन्होंने मखाने का जिक्र किया था। इतना ही नहीं, बीजेपी की तरफ से इस साल अहमदाबाद में 'शाश्वत मिथिला महोत्सव 2025' का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के विकास में मिथिला और बिहार के लोगों के योगदान की तारीफ की थी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में लोकतंत्र और दर्शन को सशक्त बनाने का इतिहास रहा है।

### हालिया मंत्रिमंडल विस्तार में मिथिलांचल की धमक

नीतीश कैबिनेट के आखिरी विस्तार में बीजेपी कोटे से जिन सात नये मंत्रियों को शामिल कराया गया, उनमें से पांच मिथिला क्षेत्र से ही आते हैं। इनमें जीवेश मिश्र, संजय सरावगी, राजू कुमार सिंह, मोती लाल प्रसाद और विजय कुमार मंडल शामिल हैं। पार्टी को उम्मीद है कि इनके मंत्री बनने से विधानसभा चुनाव में लाभ मिलेगा।

### तेजस्वी ने भी किया मिथिलांचल दौरा

पिछले साल तेजस्वी यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जन्मस्थली समस्तीपुर से अपने 'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम' की शुरुआत की। मिथिलांचल के तमाम जिलों में जाकर उन्होंने कार्यकर्ताओं से मिलकर फीडबैक लिया।

### अलग राज्य का दांव कितना असरदार

पिछले चुनावों में आरजेडी को सबसे अधिक मिथिलांचल में ही नुकसान उठाना पड़ा था। ऐसे में पिछले दिनों पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने अलग मिथिला राज्य की वकालत कर बड़ा दांव चल दिया। यह मांग पिछले कई दशकों से क्षेत्र के लोग कर रहे हैं। हालांकि हाल के वर्षों में कोई भी राजनीतिक दल इसे हवा नहीं दे रहा है। ऐसे में राबड़ी की मांग को बीजेपी विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने मुस्लिम तुष्टिकरण से जोड़ते हुए कहा कि वह बांग्लादेश बनाना चाहती हैं मिथिलांचल को, इसलिए ऐसी मांग कर रही हैं।

### क्या है मिथिलांचल की खासियत

राजनीतिक तौर पर मिथिलांचल जहां सरकार बनाने और बिगाड़ने में असर डालता है, वहीं इस क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान भी रही है। 'पग-पग पोखरि माछ मखान, मधुर बोल मुस्की मुख पान', इस पंक्ति से ही मिथिलांचल की विशेषता को समझा जा सकता है। ये पंक्तियां मिथिलांचल की पहचान से जुड़ी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भागवत झा आजाद, ललित नारायण मिश्रा, जगन्नाथ मिश्रा और विनोदानंद झा जैसे दिग्गजों की जन्म और कर्मभूमि रहा मिथिलांचल पिछड़े इलाकों में गिना जाता है।


# कल झारखंड आयेंगे केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, रांची में होगा अभिनंदन

**नये अधिवक्ताओं को लाइसेंस और मेडिकल एड चेक प्रदान करेंगे**

**नागरिकों की जिज्ञासा समाधान का भी होगा सत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल रविवार 6 जुलाई को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। रविवार की सुबह केंद्रीय मंत्री नयी दिल्ली से रांची आयेंगे और यहां से हेलीकॉप्टर से धनबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। इस दौरान उनके साथ रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद श्री संजय सेठ भी मौजूद रहेंगे। धनबाद में दोनों मंत्री झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अधिवेशन में शामिल होंगे। धनबाद में कार्यक्रम के बाद दोनों मंत्री रांची आयेंगे। यहां होटल



रामदा में अर्जुन राम मेघवाल का भव्य नागरिक अभिनंदन झारखंड स्टेट बार काउंसिल, अधिवक्ता परिषद, चेंबर ऑफ कॉमर्स, मारवाड़ी युवा मंच सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा किया जायेगा।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री नये वकीलों को लाइसेंस भी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही मेडिकल एड का चेक भी दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश से बड़ी संख्या में अधिवक्ता भी शामिल होंगे। इसके अलावे कार्यक्रम में एक परिचर्चा का भी सत्र रखा गया है, जिसमें नागरिक अधिवक्ता व अन्य सामाजिक प्रतिनिधि केंद्रीय मंत्री से विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासा रखेंगे और उसका समाधान किया जायेगा। कार्यक्रम के बाबत रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि केंद्रीय कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री का ऐतिहासिक अभिनंदन रांची के नागरिक करेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। कार्यक्रम को लेकर पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, व्यावसायी पवन बजाज, अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, बार काउंसिल के राजेंद्र कृष्ण, मुकेश द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है।

# शिल्पी नेहा ने विमल लकड़ा से अस्पताल में की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को रांची के दीपाटोली स्थित क्यूरेस्टा अस्पताल में इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मुलाकात की। उन्होंने लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनकी पत्नी कांति बा और समाजसेवी अनिल अभिताभ पन्ना से घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मंत्री ने चिकित्सकों से विमल लकड़ा के इलाज संबंधी जानकारी ली और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हुए कहा कि वे जल्द ही अपने परिवार के बीच स्वस्थ होकर लौटें, यही कामना है।

# पीएलएफआइ के तीन उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** पुलिस ने जरियागढ़ थानांतर्गत बकसपुर झंडा टोंगरी जंगल में शुक्रवार को छापेमारी कर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में जरियागढ़ थानांतर्गत बकसपुर स्टेशन टोली निवासी गेंद्र बारला उर्फ लादेन (28 ),गुमला जिला के कामडरा थानांतर्गत रामतोलया महुआ टोली गांव निवासी असीम टोपनो (20) और अजीत टोपनो उर्फ डुडा (26) शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, दो जिंदा गोली, पीएलएफआइ का पर्चा और मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने प्रेस वार्ता में शुक्रवार को बताया कि तड़के सुबह उन्हें यह गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बकसपुर झंडा टोंगरी जंगल में प्रतिबंधित पीएलएफआइ उग्रवादी संगठन के सदस्य किसी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए हैं। इसके

**26 मई की रात में रामजय गांव के पास सड़क निर्माण कार्य में लगे रोड रोलर को नक्सलियों ने जलाया था**

बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ख्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त जंगल में छापेमारी कर तीनों आरोपितों को हथियार गोली एवं पीएलएफआइ संगठन के पर्चा के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

एसपी ने बताया कि लगभग डेढ़ माह पूर्व गत 26 मई की रात में रनिया थानांतर्गत रामजय गांव के पास सड़क निर्माण कार्य में लगे एक रोड रोलर को जलाने की घटना में गिरफ्तार आरोपित शामिल थे। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से रोड रोलर को जलाने की उक्त घटना में संगठन के अन्य सदस्यों के साथ शामिल होने की बात स्वीकार कर ली है। यह भी बताया गया कि गिरफ्तार आरोपितों में गेंद्र बारला उर्फ लादेन का आपराधिक इतिहास रहा है। इसके विरुद्ध जिले के कर्रा थाना में पांच वर्ष पूर्व वर्ष 2020 में आर्म्स एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं में एक मामला कांड संख्या 58/ 20 दर्ज है। इस मामले में गिरफ्तार कर उसे जेल भी भेजा गया था। लेकिन जेल से निकलने के बाद वह फिर से पीएलएफआइ संगठन से जुड़कर संगठन के विस्तार में जुटा था।

छापेमारी टीम में तोरपा एसडीपीओ के अलावा तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, जरियागढ़ थाना प्रभारी राजू कुमार, रनिया थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल, कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार, जरियागढ़ थाना के एसआई कुलदीप रौशन बारी एवं मनीष कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# बेरोजगार युवाओं के प्रति संवेदनहीन है राज्य सरकार : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने युवाओं के सवालों पर राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को लिखा है कि विधानसभा चुनाव से पूर्व राज्य सरकार ने उत्पाद सिपाही भर्ती की दौड़ आयोजित करायी थी। सरकार के कुव्यवस्था और



हठधर्मिता के कारण कई युवाओं की मौत होने लगी, लेकिन सरकार ने दौड़ को नहीं रोका जिससे मौत का आंकड़ा बढ़ता ही चला गया। उन्होंने कहा कि युवाओं को उम्मीद थी कि सरकार जल्द लिखित परीक्षा लेगी, लेकिन हेमंत सरकार गठन के छह माह बीत जाने के बाद भी लिखित परीक्षा न होने के कारण अबतक उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया पर संशय बना हुआ है। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवा राज्य सरकार की राजनीति के सबसे आसान शिकार हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवाओं के मुद्दे से बेपरवाह नजर आते हैं। जब भी युवाओं द्वारा नौकरी की मांग की जाती है तो परीक्षा कैलेंडर का झुनझुना थमा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो चुका है। न कोई ठोस नियोजन नीति, न पारदर्शी परीक्षा, न ससमय रिजल्ट और युवाओं को मिलता है तो सिर्फ फर्जी आश्वासन।

www.epaper.azadsipahi.in

05 जुलाई, 2025
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 255

रूस ने दी अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को मान्यता



Euro Kids
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG) | AGE GROUP 01.8 TO 06 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

## मनी लांड्रिंग से जुड़ा मामला : रांची से हजारीबाग तक आठ जगहों पर एक साथ इडी की दबिश

# अंबा प्रसाद और करीबियों के यहां छापा, 15 लाख बरामद

- निवेश के कागजात और संदिग्ध दस्तावेज हुए बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/हजारीबाग/बड़कागांव।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने झारखंड के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की पूर्व कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद और उनके करीबियों के कई ठिकानों पर शुक्रवार को छापेमारी की। यह कारवाई बालू कारोबार और ट्रांसपोर्टिंग से जुड़ा हो सकती है। चर्चा है कि यह कार्रवाई कोल ट्रांसपोर्टिंग, इंफ्रा और पावर सेक्टर से जुड़ी एक चर्चित कंपनी की मनी लांड्रिंग से जुड़े केस में की गयी। सूत्रों के अनुसार छापेमारी में 15 लाख रुपये नगद, निवेश के कागजात और संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुए हैं, जिन्हें इडी के अधिकारियों ने जब्त कर लिया है।

### आठ ठिकानों पर इडी की छापेमारी

सूचना के अनुसार इडी की टीमों ने रांची, हजारीबाग और बड़कागांव में कुल आठ जगहों पर एक साथ दबिश दी। अंबा प्रसाद के करीबी संजीत के रांची के किशोरगंज इलाके में स्थित आवास, उनके निजी सहायक संजीव साव, मनोज दांगी और पंचम कुमार के बड़कागांव स्थित ठिकानों पर भी तलाशी ली गयी।



छापामारी के दौरान आवास के बाहर तैनात सुरक्षाकमी

### 2024 में भी इडी ने की थी छापेमारी

इसके पहले 12-14 मार्च 2024 को इडी ने अंबा प्रसाद, उनके पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, भाई अंकित राज सहित कई रिश्तेदारों और करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी कर कई दस्तावेज बरामद किये थे। इस छापेमारी में 35 लाख रुपये, डिजिटल उपकरण, सर्किल कार्यालयों, बैंकों के नकली टिकट, हाथ से लिखी रसीदें, डायरियां, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किये गये थे। माना जा रहा है कि इस बार की छापेमारी उन्हीं दस्तावेजों और सबूतों के आधार पर की जा रही है, जो पहले की जांच में सामने आये थे। इडी की टीमें वित्तीय लेन-देन, जमीन और खनन से जुड़े दस्तावेजों की शुरुआती जांच के बाद अपने साथ ले गयी। सुत्रों के मुताबिक अंबा प्रसाद और उनके रिश्तेदारों के नाम पर बनी 10 कंपनियां इडी की जांच के दायरे में हैं।

### सुबह 6 बजे सभी जगह एक साथ पहुंची टीम

रांची से बड़कागांव तक छापेमारी एक साथ शुरू हुई। इडी की टीम सुबह 6 बजे पहुंची। छापेमारी की कार्रवाई शाम तक चली। अंबा प्रसाद ने नव निर्मित समाधान केंद्र समेत अन्य जगहों पर इडी ने दबिश दी। साथ ही हजारीबाग शहर के बडम बाजार स्थित सीए बादल गोयल के ऑफिस में भी छापेमारी की गयी। बताया जा रहा है कि अंबा प्रसाद के भाई का सीए बादल हिसाब-किताब देखता है। वहीं शहर के सुरेश कॉलोनी स्थित पेट्रोल पंप व्यवसायी के घर और कटकमदाग प्रमुख के घर भी इडी ने दस्तक दी और कागजातों को खंगाला। इस दौरान इडी के हाथों कई कागजात लगने की भी बात सामने आ रही है।

# त्रिनिनाद की प्रधानमंत्री कमला बिहार की बेटी हैं : नरेंद्र मोदी

## प्रधानमंत्री ने राम मंदिर का मॉडल, महाकुंभ का जल भेंट किया

एजेंसी

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार तड़के त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। उन्होंने पीएम कमला प्रसाद बिसेसर को 'बिहार की बेटी' कहा। उन्हें राम मंदिर का मॉडल और सरयू नदी के जल के साथ-साथ प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ का जल भी भेंट किया। मोदी ने भारतीय समुदाय की यात्रा को साहस की मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि वे (भारतीय प्रवासी) गंगा और यमुना को पीछे छोड़ आये, लेकिन अपने दिल में रामायण को साथ लाये। उनके योगदान ने इस देश को सांस्कृतिक, आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध किया है। वे अपनी मिट्टी छोड़ आये, लेकिन अपने संस्कार नहीं छोड़े। वे सिर्फ प्रवासी नहीं थे, बल्कि एक सभ्यता के दूत थे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने ऐलान किया कि भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को भी ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआइ) कार्ड दिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार तड़के त्रिनिदाद और टोबैगो की राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर और उनके 38 मंत्रियों और चार सांसदों ने एयरपोर्ट पर नरेंद्र मोदी की अगवानी की।



### श्रीराम के लिए गहरी आस्था की तारीफ की

मोदी ने भारतीय समुदाय की श्रीराम के लिए गहरी आस्था की तारीफ की। उन्होंने कहा- मुझे आपकी प्रभु श्रीराम में गहरी आस्था का पता है। यहां की रामलीला वाकई अनोखी है। मुझे यकीन है कि आप सभी ने 500 साल बाद अयोध्या में रामलला की वापसी का स्वागत किया होगा। आपने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए पवित्र जल और शिला भेजी थी। मैं भी उसी भक्ति के साथ कुछ लाया हूं। मेरे लिए यह सम्मान की बात है कि मैं राम मंदिर की प्रतिकृति और पवित्र सरयू नदी का जल लेकर आया हूं।

**त्रिनिदाद और टोबैगो की रामलीला अनोखी :** प्रधानमंत्री ने कहा कि 25 साल पहले मैं यहां आया था। तब से अब तक हमारी दोस्ती और मजबूत हुई है। बनारस, पटना, कोलकाता और दिल्ली भारत के शहर हैं, लेकिन यहां भी इनके नाम की सड़कें हैं। नवरात्रि, महाशिवरात्रि और जन्माष्टमी यहां खुशी, उत्साह और गर्व के साथ मनाए जाते हैं। चौताल और भटक गाना यहां फल-फूल रहे हैं। मैं यहां कई परिचित चेहरों की गर्मजोशी और युवा पीढ़ी की आंखों में उत्सुकता देखता हूं, जो एक साथ जानने के लिए उत्साहित हैं। हमारे रिश्ते भौगोलिक सीमाओं से परे हैं।

**गुमला : फायरिंग कांड**

### डॉक्टर समेत तीन गिरफ्तार, लाइसेंसी रिवॉल्वर भी जब्त

**गुमला/रांची (आजाद सिपाही)।** गुमला जिले के भरनो थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना का पुलिस ने 12 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। एसपी गुमला ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि यह फायरिंग पारिवारिक भूमि विवाद को लेकर हुई थी। इस मामले में लोहरदगा के एक डॉक्टर शैलेश साहू भी शामिल है। गोली डॉक्टर शैलेश के लाइसेंसी रिवॉल्वर से चली थी। पुलिस ने डॉक्टर शैलेश के साथ दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया है और घटना में प्रयुक्त रिवॉल्वर को जब्त कर लिया गया है। एसपी हरीश बिन जमा ने बताया कि मुख्य आरोपी डॉक्टर शैलेश लोहरदगा के कोर्ट रोड का रहने वाला है। वो लोहरदगा में अपना नर्सिंग होम चलाता है। अन्य दो आरोपियों में आनंद साहू लोहरदगा के भंडरा का रहने वाला है और सूरज कुमार साहू बरंदा गांव में शैलेश के मकान में किरायेदार है। तीनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से एक छह चक्रीय रिवॉल्वर, 4 खाली कारतूस, 23 जिंदा गोलियां, एक पैशन प्रो बाइक और 4 मोबाइल फोन बरामद किये हैं। घायल हेमंत को रांची के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें तीन गोली लगी थी। स्थिति गंभीर है।

# गोड्डा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में फूड प्वायजनिंग से 80 छात्राएं बीमार

- सब्जी खाने के बाद चक्कर और उल्टियां होने लगीं
- खाने के बाद उन्हें उसमें छिपकली गिरे होने का पता चला

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा स्थित बंका कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शुक्रवार को फूड प्वायजनिंग का मामला सामने आया। विद्यालय में बनी सब्जी को खाने से 80 छात्राएं बीमार हो गयीं। आनन-फानन में सभी बच्चियों को सदर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में 50 बच्चियों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया, जबकि 30 बच्चियों का इलाज अभी भी जारी है। छात्राओं को चक्कर और उल्टियां आने लगीं। कुछ छात्राएं बेहोश भी हो गयीं। सभी को तत्काल गोड्डा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। साथ ही सभी छात्राओं का स्वास्थ्य जांच की गयी। सभी की तबीयत अब ठीक है। इधर, छात्रा मीरा कुमारी, संजू कुमारी और निशा कुमारी ने बताया कि सब्जी खाने के बाद उन्हें उसमें छिपकली गिरे होने का पता चला। वहीं, छात्राओं का आरोप है कि स्कूल में उनसे रोटी बनवायी जाती है। प्रत्येक कक्षा की छात्राओं की बारी-बारी से रसोई में ड्यूटी लगती है। एक छात्रा के पिता सुनील राउत ने स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाया कि स्कूल में साफ-सफाई नहीं होती। रसोई गंदी रहती है और छात्राओं से जबरन खाना बनवाया जाता है।

इधर, जिला शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि गोड्डा स्थित बंका कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में भोजन करने से 10-12 बच्चियों की तबीयत बिगड़ गयी। इसके बाद उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बारी-बारी से सभी बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम छात्राओं की निगरानी कर रही है। शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि बच्चों से खाना बनाने की कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। स्कूल में गंदगी की शिकायत की जांच के लिए गोड्डा डीसी को सूचित कर टीम गठित की जायेगी।



### बच्चियों का समुचित इलाज और देखभाल हो : दीपिका पांडेय

गोड्डा (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि गोड्डा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में फूड प्वायजनिंग की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मैंने तत्काल जिला प्रशासन से संपर्क किया और बच्चियों के समुचित इलाज व देखभाल के लिए स्पष्ट निर्देश दिये हैं। राज्य सरकार हालात पर लगातार नजर बनाये हुए है। मैं पीड़ित बच्चियों के परिजनों से अपील करती हूं कि वे घबराएं नहीं। हर आवश्यक चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। ईश्वर से प्रार्थना है कि सभी बच्चियां जल्द स्वस्थ हों।

## रांची में खुला सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान का नया क्षेत्रीय केंद्र

# विचार और विजन को हकीकत में बदलने का दिन: अन्नपूर्णा

सुनील कुमार सिंह

**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को रांची में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के नये क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन किया। यह क्षेत्रीय केंद्र झारखंड, बिहार, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल के लिए प्रशिक्षण और अनुसंधान आवश्यकताओं को पूरा करेगा और मंत्रालय की प्रमुख पहलों को मजबूत करेगा। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह नया क्षेत्रीय केंद्र एक विचार, एक विश्वास और एक विजन को हकीकत में बदलने का दिन है। बाल मार्गदर्शन और परामर्श में उन्नत डिप्लोमा पाठ्यक्रम और अग्रिम पंक्ति के कार्यकताओं को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इससे क्षेत्र में रोजगार के नये अवसरों का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे पहले, इन राज्यों के पास इस तरह की समर्पित प्रशिक्षण सुविधाएं सीमित थीं। आमतौर पर गुवाहाटी और लखनऊ के क्षेत्रीय केंद्रों पर निर्भर राज्यों को रसद संबंधी कठिनाइयां आती थीं।



रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारत की बेटियों की उपलब्धियों की सराहना की और कहा कि बेटियों को समान अवसर देकर देश के विकास में उनका योगदान और सशक्त बनाया जा सकता है।

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि यह नया क्षेत्रीय केंद्र महिला और बाल विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। इसमें राष्ट्रीय सार्वजनिक सहयोग और बाल विकास संस्थान (एनआइपीसीसीडी) का आधिकारिक नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला और बाल विकास संस्थान करना शामिल है।

बता दें कि यह नया क्षेत्रीय केंद्र मंत्रालय की प्रमुख पहलों- मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य और मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के लिए प्रशिक्षण और अनुसंधान आवश्यकताओं को पूरा करेगा। इससे क्षेत्र में रोजगार के नये अवसरों का मार्ग प्रशस्त होगा और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार योगदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। यह संस्थान नयी दिल्ली में अपने मुख्यालय और बेंगलुरु, गुवाहाटी, लखनऊ, इंदौर और मोहाली में क्षेत्रीय केंद्रों के साथ, ऑनलाइन और व्यक्तिगत कार्यक्रमों के माध्यम से सालाना 1,000 से अधिक पेशेवरों को प्रशिक्षित करने में सबसे आगे रहा है। यह नया केंद्र इसे और गति प्रदान करेगा। कार्यक्रम में संस्थान से ट्रेनिंग लिए प्रशिक्षु लड़कियों से बातचीत, अनुभव साझा करना और व्यावसायिक प्रशिक्षण पूरा करने वालों के लिए नौकरी नियुक्ति पत्र का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के नये लोगो का शुभारंभ भी हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक नवीन जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सचिव अनिल मालिक और पदाधिकारी शामिल थे।

# ऑपरेशन सिंदूर में तीन दुश्मनों से लड़े : लेफ्टिनेंट जनरल राहुल

## पाकिस्तान को चीन ने हथियार और लाइव डेटा दिया, तुर्किए ने ड्रोन मुहैया कराये

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के वक्त हमने तीन दुश्मनों से लड़ाई की। बॉर्डर एक और दुश्मन तीन थे। पाकिस्तान मोर्चे पर था। चीन और तुर्किए हथियार और बाकी दूसरे सपोर्ट मुहैया करा रहे थे। उन्होंने बताया कि चीन ने पाकिस्तान को हथियार दिये और हमें हथियारों की टेस्टिंग के लिए लैब की तरह इस्तेमाल किया। चीन हमारे हर रणनीतिक कदम की लाइव अपडेट पाकिस्तान के साथ साझा कर रहा था। तुर्किये ने बैरेक्टर समेत दूसरे ड्रोन दिये। इनका इस्तेमाल हमारे खिलाफ भी किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल राहुल शुक्रवार को नयी दिल्ली में फिक्की के 'न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीस' कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमें कई महत्वपूर्ण सबक सिखाये। यह एक ऐसा संघर्ष था, जिसने मॉडर्न वॉरफेयर की कठिनाइयों को उजागर किया। इसलिए अब हमें और मजबूत एयर डिफेंस चाहिये।



### पहलगाम हमले का जवाब था ऑपरेशन सिंदूर

बताते चलें कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने 26 पर्यटकों की हत्या की थी। 7 मई को भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। दोनों देशों के बीच 10 मई की शाम 5 बजे से सीजफायर पर सहमति बनी थी।

### पूर्व में हुए युद्ध की तरह दर्द बर्दाश्त नहीं कर सकते थे:

लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि लीडरशिप का संदेश साफ था। जिस तरह से हमने कुछ साल पहले बर्दाश्त किया, उस तरह से दर्द को सहने की कोई गुंजाइश नहीं थी। टारगेट की योजना और चयन बहुत सारे डेटा पर आधारित था। इसलिए कुल 21 टारगेट की पहचान की गयी, जिनमें से 9 को निशाना बनाना समझदारी समझी गयी। लास्ट मोमेंट पर इन नौ लक्ष्यों पर निशाना लगाने का फैसला लिया गया। पूरे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस और उसका ऑपरेशन कैसे हुआ, यह बेहद अहम था। इस बार, हमारे पॉपुलेशन सेंटर पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन अगली बार, हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा एयर डिफेंस सिस्टम, काउंटर-रॉकेट आर्टिलरी ड्रोन जैसे सिस्टम तैयार करने होंगे। हमें बहुत तेजी से आगे बढ़ना होगा। हम इजराइल को देख रहे हैं। उनके पास आयरन डोम हैं। दूसरे एयर डिफेंस सिस्टम हैं। हमारे पास वैसी सुविधाएं नहीं है, क्योंकि हमारा देश विशाल है। और ऐसी चीजों पर बहुत पैसा खर्च होता है। इसलिए हमें फिर से अपनी तैयारी और सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है।





## मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया नेपाल हाउस का निरीक्षण

# अनुपस्थित कर्मचारियों को होगा शोकॉज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को नेपाल हाउस स्थित विभागीय कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण की सूचना से नेपाल हाउस कार्यालय में हड़कंप का माहौल रहा। मंत्री विभाग के दफ्तर में सभी कोषांग का निरीक्षण किया। इस दौरान कई कर्मचारी, पदाधिकारी और अधिकारी अपने दफ्तर में अनुपस्थित पाये गये। इस दौरान मंत्री ने पदाधिकारियों से उनके काम और योजनाओं से संबंधित जानकारी भी ली।निरीक्षण के क्रम में कई पदाधिकारी अपने सहयोगी कर्मी को लेकर बहाने बनाते भी नजर आये। वहीं कुछ पदाधिकारी निरीक्षण की सूचना मिलने के बाद दौड़ते-भागते दफ्तर पहुंचे। बायोमैट्रिक सिस्टम में शुक्रवार की अनुपस्थिति से संबंधित डेटा को



संग्रह किया गया है। इस डेटा में कार्यालय आने के निश्चित समय के बाद आने वाले पदाधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है। इस सूची के आधार पर अनुपस्थित पदाधिकारी और अधिकारियों को शो कॉज जारी करने की प्रक्रिया पूरी की जायेगी।

### समय पर उपस्थिति दर्ज करायें पदाधिकारी

निरीक्षण के दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कार्यस्थल पर कर्मी हर हाल में निश्चित समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे। समय का पाबंद और अनुशासित होना, बेहतर कार्य संस्कृति के लिए जरूरी है। कार्य संस्कृति में सुधार से विकास योजनाओं को गति मिलेगी।

# राज्यसभा सांसद ने शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने शुक्रवार को नयी दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में जाकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने दिल्ली स्थित न्यू झारखंड भवन में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात की और शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के बारे में चर्चा की।

डॉ महुआ माजी ने कहा कि शिबू सोरेन की तबीयत में सुधार हो रहा है, और उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे जल्द ही स्वस्थ होकर अस्पताल से घर लौट आयें। उनके साथ कई अन्य सांसद और मंत्री भी मौजूद थे, जिनमें नलिन सोरेन, दीपक बिरुवा, इरफान अंसारी, मिथलेश ठाकुर, विजय हांसदा और कांग्रेस के मीर साहब शामिल थे। डॉ महुआ माजी ने कहा कि हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि हमारे अभिभावक मार्गदर्शक शिबू सोरेन गुरुजी जल्द से जल्द स्वस्थ होकर अस्पताल से घर लौट आयें।



## नेतरहाट विद्यालय समिति की सामान्य निकाय की बैठक

# मंत्री रामदास सोरेन ने शैक्षणिक स्तर में सुधार का दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य के सबसे प्रतिष्ठित सरकारी विद्यालय लातेहार जिले के नेतरहाट आवासीय विद्यालय का शैक्षणिक स्तर वर्ष 2010 के बाद लगातार गिर रहा है। अब स्थिति यह हो गयी है कि सीबीएसइ की इस वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं में इस विद्यालय के पांच छात्र फेल हो गये। 10वीं की परीक्षा में एक और 12वीं में चार छात्रों को असफलता हाथ लगी है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को धुर्वा स्थित एमडीआइ भवन में नेतरहाट विद्यालय समिति की सामान्य निकाय की हुई बैठक में इस पर चिंता प्रकट की गयी। विभागीय मंत्री ने भी इसे गंभीरता से लेते हुए इसके कारणों की जांच के लिए पूर्ववर्ती छात्रों की कमेटी गठित करने के निर्देश दिये। यह कमेटी विद्यालय में एक सप्ताह रहकर फेल हुए छात्रों के पठन-पाठन का अवलोकन कर अपनी रिपोर्ट देगी।



मंत्री ने इस प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालय के शैक्षणिक स्तर में लगातार गिरावट होने और नामांकन में छात्रों की घटती रुचि पर चिंता जतायी है। उन्होंने विद्यालय की तमाम कमियों की पहचान कर उसे दूर करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये ताकि विद्यालय की खोई प्रतिष्ठा वापस आ सके। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर विद्यालय की नियमावली में भी बदलाव किया जाये। उन्होंने कई छात्रों के बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से कम अंक आने पर भी चिंता जताते हुए इसके लिए जिम्मेदार शिक्षकों से स्पष्टीकरण पूछकर कार्रवाई के निर्देश दिये। विद्यालय में आश्रम व्यवस्था को कठोरता से लागू करने के निर्देश दिये। इस बैठक में विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, नेतरहाट विद्यालय कार्यसमिति के अध्यक्ष संतोष उरांव सहित अन्य उपस्थित थे। इस विद्यालय की गरिमा का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है इसने दर्जनों यूपीएससी से आइएएस व आइपीएस अधिकारी दिये हैं।

### शिक्षकों के 42 पद कार्यरत हैं महज 18

बैठक में बोर्ड परीक्षाओं के खराब परिणाम के लिए शिक्षकों की कमी को भी बड़ा कारण माना गया। मंत्री को बताया गया कि विद्यालय में शिक्षकों के 42 पद हैं, जबकि वर्तमान में कार्यरत महज 18 हैं। मंत्री ने रिक्त पदों को शीघ्र भरने और तबतक के लिए पूर्ववर्ती छात्रों से पठन-पाठन कराने के निर्देश दिये। इसके लिए पोर्टल के माध्यम से ऐसे पूर्ववर्ती छात्रों और पूर्व शिक्षकों से आवेदन मंगाये जायेंगे, जो विद्यालय में शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने के लिए अपनी सेवा देना चाहते हैं। इसके लिए उन्हें सम्मान राशि के अलावा आने-जाने, भोजन आदि का खर्च दिया जायेगा। मंत्री ने विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं को भी दुरुस्त करने के निर्देश दिये।

### डीएमएफटी की राशि हो सकेगी खर्च

बैठक में डीएमएफटी की राशि से विद्यालय में बुनियादी सुविधाएं बहाल करने पर भी सहमति बनी। बैठक में विद्यालय की भूमि के अतिक्रमण की समस्या लातेहार जिला प्रशासन से मिलकर सुलझाने के निर्देश प्राचार्य को दिये गये।

# मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सशक्त पंचायत नेत्री अभियान कार्यक्रम की शुरुआत की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, हेहल में रेवमपेड आरजीएसए योजना के अंतर्गत राज्य की सभी महिला निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुक्रवार को प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से सशक्त पंचायत नेत्री अभियान कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने इस अभियान के तहत सशक्त पंचायत सतत विकास प्रशिक्षकों



के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जो महिला प्रतिनिधियों को नेतृत्व, शासन और सतत विकास के क्षेत्रों में सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि यह पहल महिला नेतृत्व को केवल सम्मान ही नहीं देती, बल्कि उन्हें गांव के विकास की धुरी बनाने की दिशा में भी प्रेरित करती है। आज महिलाएं केवल जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि बदलाव की अग्रदूत बन रही हैं और यह प्रशिक्षण उन्हें उस भूमिका में और अधिक दक्ष बनायेगा।

# स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्वामी विवेकानंद क्रीड़ा मैदान में उनकी पुण्यतिथि पर राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह और प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय के प्राचार्य ज्योति कुमारी ने उनकी प्रतिमा पर माला पहनाकर और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आर डी एस पब्लिक स्कूल और प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और उन्होंने जीवन जीने के लिए कुछ महत्वपूर्ण संदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम उनके बताये गये पांच सिद्धांतों - लक्ष्य निर्धारित करना, एक समय में एक काम करना, जब तक जीना तब तक सीखना, नारी का सम्मान और दूसरों के प्रति दया भाव - को जीवन में उतार लें, तो जीवन सार्थक हो जायेगा। प्राचार्य ज्योति कुमारी ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी के बारे में विस्तार से



बताया और कहा कि वे युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार और आदर्श हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। इस कार्यक्रम में बी एड प्रशिक्षु शिक्षक, छात्र-छात्राएं, नीलम देवी, अनिल कुमार, अरविंद कुमार, ज्योति गुप्ता, कृष्णा कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने बस्ती में समस्या का किया समाधान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बोकारो जिले के चास प्रखंड अंतर्गत ब्राह्मण द्वारिका की दलित बस्ती में आवासीय समस्या का समाधान करने के लिए तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने स्थानीय निवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उप विकास आयुक्त, बोकारो से संपर्क कर उन्हें पूरे मामले की जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष कमलेश ने कहा कि झारखंड में गठबंधन सरकार गरीबों और वंचितों के कल्याण के



लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी हाल में कोई पात्र परिवार आवास से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही इन परिवारों को आवास योजना अंतर्गत राज्य सरकार का आवास उपलब्ध कराया जायेगा। इसकी तत्काल कार्रवाई के परिणामस्वरूप, 2 घंटे के भीतर ही राहत पहुंच गयी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ कांग्रेस पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से कांके विधायक सुरेश बैठा, मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव, केदार पासवान, जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता, जवाहर महता, मनोज सिंह, मृत्युंजय शर्मा, देव शर्मा सहित अन्य शामिल थे।

# वेतन का भुगतान न करना अपमानजनक है : डॉ अशोक नाग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची शिक्षक संघ के सचिव डॉ अशोक कुमार नाग ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के पेंशनभोगियों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को पिछले दिनों से वेतन का भुगतान न करने पर आपत्ति जतायी है। अधिकांश कर्मचारी बैंकों के डिफॉल्टर हो रहे हैं क्योंकि वेतन के अभाव में बैंक इएमआइ का भुगतान नहीं हो पा रहा है।

डॉ नाग ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के प्रशासन के प्रति अपना गुस्सा व्यक्त किया है, क्योंकि रजिस्ट्रार का पद पिछले 10 दिनों से खाली है और वेतन वितरण के लिए वित्त अधिकारी और रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर की आवश्यकता होती है, जिसके कारण वेतन का भुगतान नहीं हो पा रहा है।

डॉ नाग ने कहा है कि उन्होंने पहले ही वैकल्पिक व्यवस्था करने का अनुरोध किया है और जल्द से जल्द वेतन देने का अनुरोध किया है, क्योंकि यह राज्यपाल आवास के निर्देश का उल्लंघन है, जिसमें हर महीने की एक तारीख को वेतन देने का उल्लेख है।

# डीपीएस विद्यार्थियों का कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट 2025 में शानदार प्रदर्शन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अपनी अद्भुत मेधा शक्ति का प्रदर्शन करते हुए, दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची के विद्यार्थियों ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में शुभान शर्मा, कुमार चैतन्य, ध्वनि मिश्रा, विजाया, अनन्या आशी राज, अश्का सिंह, अंकुर भास्कर, सावनजीत, मिरियालु मार्तंड मोहित नायडू, पियूष अग्रवाल, अभिनव कुमार, श्रेयांशी मिश्रा, मयंक राज, काम्या अग्रवाल, ऋषभ तिवारी, दीपेश वर्मा, निधि बसंत प्रकाश, उन्नति आर्य, मनीषा और अनेक अन्य विद्यार्थी शामिल हैं। विशेष उल्लेख शुभान शर्मा का है, जिन्होंने चार विषयों में परीक्षा देकर प्रेरणादायक मिसाल कायम की। उन्होंने इतिहास, राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र में शत-प्रतिशत (100 पर्सेंटाइल) अंक अर्जित किये, जबकि अंग्रेजी में 99.99 पर्सेंटाइल प्राप्त किया। जैसे-जैसे परिणाम घोषित हो रहे हैं। उपलब्धि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए विद्यालय की प्राचार्या डॉ जया चौहान ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा, हम अपने विद्यार्थियों पर अत्यंत गर्व महसूस कर रहे हैं, जिनकी कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। मैं सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देती हूं।

# व्याख्याता नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने शुक्रवार को वर्ष 2008 में हुई व्याख्याता नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। नियुक्ति को मीरा कुमारी समेत 19 अभ्यर्थियों ने याचिका दायर कर चुनौती दी थी। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रोशन की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। पूर्व में सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। प्रार्थियों ने अपनी याचिका में कहा था कि वर्ष 2008 में जेपीएससी ने जिन अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुशंसा की थी, उसमें गड़बड़ी हुई थी। इसलिए नियुक्ति को निरस्त किया जाना चाहिए। लेकिन हाइकोर्ट ने यह आग्रह ठुकरा दिया। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरावाल और प्रिंस कुमार ने पक्ष रखा।

## महत्वपूर्ण खबरें

### डोरंडा महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने स्वच्छता अभियान चलाया




रांची (आजाद सिपाही)। डोरंडा महाविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा गोद लिये गांव खिजरी में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य गांव में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और बरसाती बीमारियों से बचाव करना था। इसमें पूरे गांव के साथ ही साथ सरकारी मध्य विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र एवं सामाजिक स्थल अखड़ा की विशेष तौर पर साफ सफाई की गयी। बरसात को देखते हुए ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। एनएसएस वॉलिंटियर्स ने प्रत्येक घरों में जाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया और इससे होने वाले फायदे से अवगत कराया। एनएसएस वॉलिंटियर्स ने स्वच्छता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बरसात के दिनों में विशेष रूप से मच्छरों के प्रकोप से बचने और बरसाती बीमारियों से कैसे बचा जा सकता है, इसके प्रति जागरूक किया। आम ग्रामीणों ने इस अभियान में भरपूर सहयोग दिया और एनएसएस के कार्यों की सराहना की।

### रांची यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने किया फ्री लीगल एड कैंप का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, रांची यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को ग्राम बुकरु, चामा व नगड़ी, कांके में फ्री लीगल एड कैंप का आयोजन किया। यह कार्यक्रम पूर्व में 1 जून से 7 तक किये गये लीगल एड कैंप का फॉलो अप प्रोग्राम है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों को उचित कानूनी सलाह व सहायता प्रदान करना है। इस कैंप में मुख्य रूप से फ्रॉड, चीटिंग, लैंड फ्रॉड, मेंटेनेंस आदि के मामले आये, जिसमें जरूरतमंदों को उचित कार्यवाही की सलाह देते हुए भविष्य में कोर्ट में भी सहायता देने का आश्वासन दिया गया। विद्यार्थियों ने अपना भरपूर योगदान देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। शनिवार को यह कैंप हुसिर ग्राम, कांके में आयोजित किया जायेगा, जहां विद्यार्थी फिर से जरूरतमंदों को कानूनी सहायता प्रदान करेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थी समाज के वंचित वर्गों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 05 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



## परेशानी : सीढ़ियों से चढ़ कर बच्चों को स्कूल जाते देख दहल जाता है दिल

# पीठ पर बच्चों को बांध कर सीढ़ी के सहारे टूटे पुल को पार कर स्कूल पहुंचाते हैं अभिभावक

अनिल मिश्रा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची और खूंटी को गुमला, सिमडेगा के अलावा छत्तीसगढ़ और ओड़िशा को जोड़ने वाले केटीके रोड(खूंटी-तोरपा-कोंलेबिरा रोड) पर पेलौल गांव के पास ध्वस्त हुए बनइ नदी पुल से न सिर्फ आम लोग प्रभावित हुए हैं, बल्कि बच्चों की शिक्षा भी इससे प्रभावित हो रही है। बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर रोज स्कूल जा रहे हैं। पेलौल के पास कैथरीन स्कूल के अलावा बिचना स्थित संत अंथोनी स्कूल में तोरपा, डोड़मा, बाला, सुनगी, रोड़ो, अंगराबारी, बिचना जैसे गांवों से सैकड़ों बच्चो ग्रामीणों द्वारा बांस की बनायी गयी लगभग



25 फीट ऊंची खतरनाक सीढ़ी के सहारे पुल पर चढ़कर और फिर उसी सीढ़ी से वापस उतर कर स्कूल और घर आना-जाना करते हैं। ध्वस्त पुल के कारण स्कूल बस सेवा लगभग बंद है। वैकल्पिक मार्ग से पहुंचने में घंटों लगते हैं, जिससे अभिभावकों को मजबूरन अपने निजी वाहनों से बच्चों को ध्वस्त पुल तक लाना पड़ रहा है। हर दिन यही नजारा दिखता है।

छोटे-छोटे बच्चों को अभिभावक कभी पीठ पर, तो कभी हाथ पकड़कर सीढ़ियों से उतारते-चढ़ते हैं और फिर टूटी पुलिया के गैप को पार कराकर स्कूल छोड़ते हैं। स्कूल छुट्टी के बाद भी यही दृश्य दोहराया जाता है। सीढ़ी पर चढ़ते-उतरते नन्हें बच्चों को देखना दिल दहलाने वाला होता है। ज्ञात हो पुल 19 जून को भी बारिश के कारण ध्वस्त हो गया था। पंद्रह दिनों के बाद भी न तो डायवर्सन का काम शुरू किया गया और न ही वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था को दुरुसत करने करने कोई कवायद की गयी।

### सांसद ने दिया था डायवर्सन के शीघ्र निर्माण का आश्वासन

ज्ञात हो कि पुल ध्वस्त होने के बाद गत 24 जून को सांसद कालीचरण मुंडा ने राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह पांडेय से मुलाकात कर क्षतिग्रस्त पुल और डायवर्सन निर्माण का आग्रह किया था। सांसद ने बाद में कहा कि डायवर्सन का निर्माण शीघ्र शुरू होगा, पर इस दिशा में काई पहल प्रशासन या सरकार द्वारा नहीं की गयी। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की उदासीनता से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल टूटने के लिए दोषी ठेकेदार और अभियंता पर कभी कोई कार्रवाई होगी क्या?

ई-नीलामी के माध्यम से द. पू. रेलवे की स्क्रैप बिक्री

सं.: एसईआर/मुख्यालय-एसटीओआर0सेल (डीएसपीएल)/1/2025-26 सेल/1 दिनांक: 03.07.2025

अतिरिक्त ई-नीलामी कार्यक्रम

| मंडल | अतिरिक्त ई-नीलामी की तिथि |
|---|---|
| चक्रधरपुर मंडल | 11.07.2025 |

नोट: ई-नीलामी कार्यक्रम और सूची के विवरण के लिए कृपया वेबसाइट: www.ireps.gov.in/e-Auction पर जाएं।

(PR-357) प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, गार्डन रीच

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# मुहर्रम को लेकर रांची के ट्रैफिक में बदलाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुहर्रम को लेकर राजधानी रांची के ट्रैफिक में छह जुलाई को बदलाव किया गया है। यह बदलाव छह जुलाई को सुबह 10 बजे से जुलूस की समाप्ति तक लागू रहेगा। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी ने शुक्रवार आदेश जारी कर दिया है।

### इन सड़कों पर वाहनों के परिचालन पर रहेगी रोक

- किशोरी यादव चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक होकर शहीद चौक में परिचालन बंद रहेगा।
- शहीद चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक के तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- सुभाष चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर के तरफ वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- कचहरी चौक से शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक में सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- चडरी तालाब से अल्बर्ट एक्का चौक की ओर आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- प्लाजा चौक से अल्बर्ट एक्का चौक तक वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- पुरुलिया रोड से सर्जना चौक तक परिचालन बंद रहेगा।
- एसएन गागुंली रोड,विष्णु गली, बुधिया गली और राधेश्याम गली से मेन रोड तक परिचालन बंद रहेगा।
- सुजाता चौक से मेन रोड की तरफ वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- वूल हाउस के पास से मेन रोड की तरफ से आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- कर्बला चौक से रतन पीपी चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- कडरू से रेडिसन ब्लू होटल होकर मेन रोड आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- जैप वन कमांडेंट आवास मोड़ से राजेंद्र चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- मेकॉन चौक से राजेंद्र चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- तुलसी चौक से अंबेडर चौक आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- रांची शहर के अन्य मार्गों में भी यातायात को आवश्यकतानुसार डायवर्ट किया जायेगा।

# हरिहरगंज में अवैध शराब का बड़ा जखीरा बरामद, एक करोड़ रुपये की शराब जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कटैया पंचायत अंतर्गत ममरखा गांव निवासी वकील सिंह के घर और एक शेड से गुरुवार की देर शाम उत्पाद विभाग और स्थानीय पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। बरामद शराब की बाजार मूल्य करीब एक करोड़ रुपये बतायी जा रही है। पलामू उपायुक्त के निर्देश पर छत्तरपुर एसडीएम आशीष गंगवार और उत्पाद अधीक्षक संजीत कुमार देव के नेतृत्व में की गयी इस कार्रवाई में सीओ मनीष कुमार सिन्हा और पुलिस निरीक्षक सह हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार भी शामिल थे।



जब्त की गयी अवैध शराब की जखीरा और पुलिस पदाधिकारी।

उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गुप्त सूचना पर वकील सिंह के घर से 1335 पेटी शराब बरामद की गयी है, जिसमें रॉयल ब्लू विस्की का रैपर लगा हुआ है। जबकि छापामारी की भनक लगते ही शराब कारोबारी और मकान मालिक फरार हो गये। उन्होंने बताया कि शराब की दुकानें बंद होने के कारण कारोबारी अवैध शराब को बाहर भेजने की फिराक में थे। बरामद शराब के बोतल पर लगे लेबल से प्रथम दृष्टया नकली प्रतीत होता है। इस मामले में मकान मालिक वकील सिंह पर उत्पाद अधिनियम की धारा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# आउटसोर्स कर्मियों के हक में ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**जल्द सकारात्मक पहल नहीं हुई तो संघ राज्यव्यापी लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास निगम में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को न्यूनतम वेतन और समान कार्य के लिए समान वेतन सहित अन्य मांगों को लेकर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने शुक्रवार को निगम के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

यह ज्ञापन एक जुलाई 2025 को झारखंड उच्च न्यायालय की ओर से पारित आदेश के आलोक में दिया गया है। संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि वर्षों से निगम में कार्यरत तकनीकी और



गैर-तकनीकी कर्मियों को आज तक न्यायोचित वेतन नहीं मिला है, जो संविधान और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। यदि निगम जल्द सकारात्मक पहल नहीं करता है, तो संघ राज्यव्यापी लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करेगा। ज्ञापन में 2017 से बकाया एरियर का भुगतान, स्थायी और संविदा कर्मियों के बीच वेतन समानता, भविष्य की नियुक्तियों में आउटसोर्स कर्मियों को प्राथमिकता और पारदर्शी शिकायत निवारण प्रणाली सहित अन्य मांगे शामिल है। प्रतिनिधिमंडल में विजय सिंह, मुकेश साहू, अनिकेत कुमार, मुकेश यादव, रोशन लूगून, प्रवीण कुजूर, राम शरण प्रसाद, दीपेश यादव, रमेश चंद्र महतो, जगतपाल महतो, पिंटू सेन गुप्ता, सुनील सहाय सहित अन्य मौजूद थे।

# अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा का पूर्वांचल समागम आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के पूर्वांचल संभाग के अंतर्गत पांच और छह जुलाई को समागम होने जा रहा है। इसमें झारखंड, बिहार, कोलकाता, पश्चिम बंगाल, उत्कल, असम पूर्वोत्तर, नेपाल चैप्टर का समागम रांची सभा के आतिथ्य में होगा।

इस समागम का मुख्य एजेंडा अपनों के साथ सहयोग, संतुलन, समाधान से कार्य करने की है। अखिल भारतवर्ष माहेश्वरी सभा के महासभापति संदीप काबरा, महामंत्री अजय काबरा, निवर्त्तमान अध्यक्ष श्याम सोनी, मुख्य अतिथि कोलकाता निवासी कमल गांधी, महासभा अर्थमंत्री राज कुमार काल्या, पूर्वांचल उपाध्यक्ष कैलाश काबरा, संयुक्त सचिव छीतर मल धूत, छह प्रदेश के अध्यक्ष और सचिव के साथ महासभा कार्यकारी मंडल सदस्य सहित अन्य कई सदस्यों उपस्थित होंगे। इस समागम में इन प्रदेशों से आये हुये लगभग 150 प्रतिनिधियों के अलावा रांची माहेश्वरी समाज के दो सौ लोग सम्मिलित होंगे। यह सभी कार्यक्रम अग्रसेन भवन के सभागार में होगा।

# पूर्व सांसद प्रभुनाथ के अनुज दीना की जिंदगी की टूट गयी डोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** सारण की सियासत में कद्दावर माने जाने वाले महाराजगंज के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के अनुज दीनानाथ सिंह की जिंदगी की डोर गुरुवार को टूट गयी। हत्या के मामले में अपने बड़े भाई के साथ हजारीबाग जेल में सजा काटने के दौरान पिछले छह माह से बीमार चल रहे दीनानाथ सिंह का एम्स में निधन हो गया। कलियुग में भी बड़े भाई के साथ भरत की भूमिका में खड़े दीनानाथ सिंह के बिछड़ने या यूं कहें कि साथ छोड़ने से प्रभुनाथ सिंह काफी आहत हैं।

गुरुवार की सुबह परिजनों के फेसबुक से जैसे ही 66 वर्षीय दीना सिंह के निधन की खबर लोगों को मिली मशरक बड़हिया टोला अवस्थित आवास पर शोक व्यक्त करने आम से खास तक बड़ी तादाद में लोग देर शाम तक पहुंचते रहे। मशरक आवास पर दीनानाथ सिंह के अनुज बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह, मदन सिंह, उनके बड़े पुत्र युवराज सुधीर सिंह व राजू सिंह से मिल कर लोगों ने सांत्वना देते हुए दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर दिल्ली एम्स से पोस्टमार्टम व कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव लाने में पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के पूर्व विधायक पुत्र रणधीर सिंह, दीनानाथ सिंह के पुत्र अभिषेक उर्फ टूटू सिंह, भतीजा अधिवक्ता ऋतुराज सिंह सहित पूरा परिवार मशरक के लिए लिए रवाना हो चुका है। देर रात तक मशरक पहुंचने की बात बतायी गयी। समर्थकों को उम्मीद है कि छोटे भाई दीनानाथ सिंह की अंत्येष्टि में शुक्रवार को न्यायालय से आदेश मिलने पर पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह भी शामिल होंगे। मशरक अवस्थित आवास पर छपरा, सीवान, गोपालगंज, पटना के अलावा झारखंड से भी कई राजनेता व प्रमुख हस्ती, मुखिया, प्रखण्ड प्रमुख, पूर्व जिला पार्षद, पूर्व मुखिया, शिक्षक, व्यवसायी से लेकर पत्रकार तक दिवंगत की अंतिम यात्रा में शामिल होने पहुंचे है। मशरक के सामान्य परिवार जन्मे दीनानाथ सिंह के पिता बासुदेव सिंह सहित उनके पड़ोस में लोग टायर गाड़ी व किसानी से जीवन यापन करते थे। चार भाई व एक बहन में दूसरे नंबर पर रहे दीनानाथ सिंह ने वर्ष 1977 में उच्च विद्यालय मशरक से बोर्ड परीक्षा दी। 1980 से अपने बड़े भाई के साथ सामाजिक व राजनीतिक गलियारे में रहे। 1985 से लगातार अपने बड़े भाई के साथ सारण के राजनीतिक गलियारे में किंग मेकर की भूमिका में रहे। शोक व्यक्त करने के दौरान मौजूद लोगों ने कहा कि उन्होंने सैकड़ों युवाओ को प्रेरित कर रोजगार के लिए स्वावलंबी बनाया। राजनीतिक हल्के में चर्चित होने के साथ हत्या के आरोपी होने के बावजूद आखिरी सांस तक अपने आदर्श बड़े भाई प्रभुनाथ सिंह के साथ हमेशा छाया की तरह रहे। 2004 में न्यायालय से सजायाफ्ता नही होने की स्थिति में विधायक होते। अपने छोटे भाई केदारनाथ सिंह को उम्मीदवार बनाने की पेशकश बड़े भाई प्रभुनाथ सिंह से की।

# श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति से अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को श्रद्धालुओं का जत्था श्री चैती दुर्गा मंदिर से अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। इस यात्रा में कुल दस से 15 भक्त शामिल हुए, जो बाबा बफार्नी के दर्शन करेंगे। इस आध्यात्मिक यात्रा का क्रम अमरनाथ के दर्शन से शुरू होकर माता वैष्णो देवी और शिवखोड़ी के पावन स्थलों से होते हुए रांची लौटेगें। सभी भक्तजन पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ इस कठिन यात्रा पर निकले हैं।

प्रवक्ता नमन भारतीय ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करना और समाज में सद्भाव व एकता का संदेश देना है। महासमिति की ओर से यात्रा की सफलता और सभी श्रद्धालुओं की कुशलता के लिए प्रार्थना की गयी। इस यात्रा में प्रमुख रूप से संजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू सिंह, राकेश वर्मा, रंजन गुप्ता, शंकर वर्मा, प्रमोद साहू, करण सिंह, आशीष रजक और रोहन सिंह श्रद्धालु शामिल हैं। यह जानकारी श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दी।

## 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल को झारखंड में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा का समर्थन

रांची (आजाद सिपाही)। केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ 9 जुलाई को हड़ताल होने जा रही है। झारखंड में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त मंच ने यह जानकारी दी। रांची में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को लेकर व्यापक रणनीति और तैयारियों की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि हड़ताल 17 सूत्री मांगों को लेकर की जा रही है। मांगों में मुख्य रूप से चारों श्रम संहिताओं की वापसी, 26,000 रुपये न्यूनतम वेतन, 9000 रुपये न्यूनतम पेंशन, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, महंगाई पर रोक, सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण बंद, यूनियन अधिकारों की रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य व पानी की सार्वजनिक गारंटी, बिजली के का विरोध और एमएसपी की गारंटी आदि मुद्दे शामिल हैं। संयुक्त मंच ने बताया कि 18 जून तक राज्यभर में हड़ताल के नोटिस जारी किये गये थे। 22 जून तक रांची, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, दुमका सहित कई जिलों में सम्मेलन कर कार्यान्वयन समितियों का गठन कर लिया गया। 23 जून से 7 जुलाई तक नुक्कड़ सभाएं, जनसंपर्क यात्राएं, कॉलोनियों और बस्तियों में प्रचार अभियान चलाया गया। इस मौके पर एक्टू के शुभेंदु सेन, एटक के अशोक यादव, संतोष रजक, सीटू के अनिर्बान बोस, प्रतीक मिश्रा, एस के राय, बेफी के एम एल सिंह, किसान सभा के सुफल महतो, प्रफुल लिंडा और सीपीआइ के अजय सिंह मौजूद थे।

# युवक को हाथी ने कुचल कर मार डाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के बहेरी पंचायत अंतर्गत हरिजन टोला निवासी रंजीत कुमार दास को हाथी ने कुचल कर जान ले ली। घटना शुक्रवार सुबह की बतायी जा रही है। घटना के बाद पूरे इलाके को शोक की लहर है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह जब रंजीत गुड़वा जंगल गया था, तभी जंगली हाथी के अचानक हमले में उसकी मृत्यु हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस पार्टी के सदर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी और नगर निगम प्रभारी मुन्ना सिंह मौके पर पहुंचे और



मृतक के परिजनों से मिलकर दुख व्यक्त किया। मौके पर बहेरी पंचायत के मुखिया पप्पू यादव और सखिया पंचायत के मुखिया इम्तियाज आलम भी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुन्ना सिंह ने वन विभाग और मुफ्फसिल थाना को त्वरित रूप से सूचित कर राहत और बचाव कार्यों को गति देने का आग्रह किया। उन्होंने शव को सदर अस्पताल भिजवाकर पोस्टमार्टम की तत्काल व्यवस्था कराई और अधिकारियों से बात कर 50,000 की तात्कालिक मुआवजा राशि पीड़ित परिवार को दिलाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि शेष मुआवजा राशि भी जल्द से जल्द परिवार को मिलेगा।

## सिमडेगा डीसी ने किया करंगागुड़ी शिव मंदिर का दौरा

# चोट के कारण जमीन पर पड़े बच्चे को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** करंगागुड़ी शिव मंदिर के दौरे पर निकली सिमडेगा डीसी कंचन सिंह के कदम एक बच्चे को देख सहसा खुद-ब-खुद रुक गयीं। यह शिव मंदिर सिमडेगा के केरसई प्रखंड में है। जब डीसी कंचन सिंह मंदिर परिसर में बने विवाह मंडप भवन का जायजा ले रहीं थीं, तभी अचानक एक स्कूली बच्चे पर उनकी नजर पड़ी। वह बच्चा जमीन पर लेटा हुआ था। डीसी खुद को रोक न सकीं और बच्चे के पास पहुंच गयीं। उन्होंने देखा कि बच्चे के माथे पर चोट लगी है और बच्चा



दर्द में है। पूछताछ करने पर पता चला कि जख्मी बच्चा सरस्वती शिशु मंदिर का छात्र है और स्कूल से छुट्टी के बाद लौटते समय गिर गया था, जिससे उसे चोट लग गयी।

उपायुक्त कंचन सिंह ने तत्काल मौके पर मौजूद बीडीओ ज्ञानमणी एक्का को निर्देश दिया कि बच्चे को जल्द से जल्द पास के किसी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर उसका इलाज करायें। डीसी के आदेश पर बीडीओ ने तुरंत कार्यवाही करते हुए जख्मी बच्चे को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बच्चे के प्रति उपायुक्त की ममता, संवेदनशीलता और तत्परता के बारे जिसने भी जाना-सुना या देखा, उनके मुख से हौले से बस यही निकला डीसी हों तो ऐसी।

# दलाई लामा के साथ भारत

उत्तराधिकार के मसले पर भारत ने दलाई लामा का पक्ष लिया है। इसमें कुछ भी अप्रत्याशित नहीं। भारत शुरू से तिब्बतियों के अधिकार, उनके हितों और उनकी परंपराओं एवं मूल्यों के समर्थन में खड़ा रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का बयान चीन के लिए यह संदेश भी है कि इस संवेदनशील मसले पर उसकी मनमानी नहीं चलेगी।

**चीन से टकराव :** 14वें दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी Gaden Phodrang Trust को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था। रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है। वहीं, चीन का कहना है कि उत्तराधिकारी का चयन चीनी मान्यताओं के अनुसार और पेइचिंग की मंजूरी से होना चाहिए।

**दलाई लामा की ताकत :** तिब्बत के लिए दलाई लामा केवल धार्मिक गुरु नहीं हैं - वह उसकी सांस्कृतिक पहचान, उसके वजूद और उसके ताकत के केंद्र हैं। 1959 में जब उन्हें कम्युनिस्ट सरकार के दमन के चलते भारत में शरण लेनी पड़ी थी, तब से हालात बिल्कुल बदल गये हैं - चीन बेहद ताकतवर हो चुका है और तिब्बत कमजोर। इसके बाद भी अगर तिब्बत का मसला जिंदा है, तो वजह हैं दलाई लामा। चीन इसे समझता है और इसी वजह से इस पद पर अपने प्रभाव वाले किसी शख्स को बैठाना चाहता है।

**1959 में जब उन्हें कम्युनिस्ट सरकार के दमन के चलते भारत में शरण लेनी पड़ी थी, तब से हालात बिल्कुल बदल गये हैं - चीन बेहद ताकतवर हो चुका है और तिब्बत कमजोर। इसके बाद भी अगर तिब्बत का मसला जिंदा है, तो वजह हैं दलाई लामा।**

**भू-राजनीतिक असर :** चीन ने तिब्बत की पहचान को मिटाने की हर मुमकिन कोशिश कर ली है। दलाई लामा के पद पर दावा ऐसी ही एक और कोशिश है। उसकी वजह से यह मामला धर्म से आगे बढ़ कर जियो-पॉलिटिक्स का रूप ले चुका है, जिसका असर भारत और उन तमाम जगहों पर पड़ेगा, जहां तिब्बत के लोगों ने शरण ली है। भारत पर तो चीन लंबे समय से दबाव डालता रहा है कि वह दलाई लामा को उसे सौंप दे।

**दबाव डालने का मौका :** चीन और तिब्बत की लड़ाई भारतीय भूमि पर दशकों से चल रही है और नयी दिल्ली-पेइचिंग तनाव का एक कारण यह भी है। दलाई लामा की घोषणा के अनुसार, उनका उत्तराधिकारी तिब्बत के बाहर का भी हो सकता है - अनुमान है कि भारत में मौजूद अनुयायियों में से कोई एक, तो यह तनाव और बढ़ सकता है। लेकिन, इसमें भारत के लिए मौका भी है। वह चीन पर कूटनीतिक दबाव डाल सकता है, जो पहलगाम जैसी घटना में भी पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा और बॉर्डर से लेकर व्यापार तक, हर जगह राह में रोड़े अटकाने में लगा है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**राज्य में महिलाओं के विरुद्ध अपराध की दर प्रति लाख जनसंख्या पर 71.8 है, जो 66.4 प्रति लाख के राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है, जबकि दोष सिद्धि की दर अत्यधिक कम है। मार्च में कर्नाटक के हंपी में 5 लोगों के लिए एक भयावह स्थान बन गया। इस घटना में 2 इसराईली महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया और 3 पुरुषों को नहर में फेंक दिया गया। यह घटना हमें स्मरण कराती है कि एक दशक पहले निर्भया बलात्कार कांड जैसे जघन्य यौन हिंसा और अपराध देश भर में अभी भी जारी हैं और इस तरह की घटनाएं देश में असंख्य महिलाओं के साथ हो रही हैं।**

# बलात्कार और वास्तविकता : देश अपने स्त्री धन की रक्षा करने में विफल

**पूनम आई. कौशिश**



भारत में बालिकाओं और महिलाओं के विरुद्ध युद्ध छिड़ा हुआ है। जघन्य बलात्कार, घरेलू दुर्व्यवहार और हिंसा की खबरें हर दिन सुनने को मिलती हैं, किंतु पिछले 3 महीनों में 3 घटनाओं ने हमें पुनः विस्मित कर दिया है। कोलकाता के एक कालेज परिसर में तृणमल छात्र परिषद के एक पूर्व नेता और उसके साथियों द्वारा एक 24 वर्षीय विधि छात्रा का सामूहिक बलात्कार न केवल एक दुखद विसंगति है, अपितु यह राज्य प्रणाली पर एक गंभीर आक्षेप भी है, जो महिलाओं की रक्षा करने में बारंबार विफल हो रहा है। आरजीकर मेडिकल कालेज में एक स्नातकोत्तर छात्रा के बलात्कार और हत्या के बावजूद यह घटना बताती है कि इस अवधि में कुछ भी नहीं बदला है।

पश्चिम बंगाल में संस्थाएं अब खतरनाक रूप से असुरक्षित हो रही हैं और दोषी व्यक्तियों को अक्सर राजनीति बचा लेती है। हालांकि ममता की तृणमूल कांग्रेस ने इस जघन्य घटना की सार्वजनिक रूप से निंदा की है, किंतु छात्र सुरक्षा और राजनीतिक हस्तक्षेप के व्यापक मुद्दों पर उसकी चुप्पी बहुत कुछ बता देती है।

**देश में 60 लाख से अधिक पर्यटक आते हैं, जिनमें से अनेक सिंगल होते हैं और उनकी सुरक्षा को गंभीरता से लिया जाता है।**

राज्य में महिलाओं के विरुद्ध अपराध की दर प्रति लाख जनसंख्या पर 71.8 है, जो 66.4 प्रति लाख के राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है, जबकि दोष सिद्धि की दर अत्यधिक कम है। मार्च में कर्नाटक के हंपी में 5 लोगों के लिए एक भयावह स्थान बन गया। इस घटना में 2 इसराईली महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया और 3 पुरुषों को नहर में फेंक दिया गया।

यह घटना हमें स्मरण कराती है कि एक दशक पहले निर्भया बलात्कार कांड जैसे जघन्य यौन हिंसा और अपराध देश भर में अभी भी जारी हैं और इस तरह की घटनाएं देश में असंख्य महिलाओं के साथ हो रही हैं। जब इन मामलों पर शोर होता है तो हमारे देशवासी इन पर क्रोध और प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं, किंतु सत्ता के गलियारों तक इस विरोध की आवाज नहीं पहुंचती।

राजनीतिक मौन ऐसी घटनाओं को दोहराने का कारण बनता है। पिछले वर्ष जब झारखंड में स्पेन की एक पर्यटक और उसकी सहयोगी के साथ बलात्कार किया गया, तो हमारा राष्ट्रीय महिला आयोग इस बारे में चिंतित था।

हमारे पूरे देश को बदनाम नहीं किया जाना चाहिए। देश में 60 लाख से अधिक पर्यटक आते हैं, जिनमें से अनेक सिंगल होते हैं और उनकी सुरक्षा को गंभीरता से लिया जाता है। यह अलग बात है कि कर्नाटक के क्षेत्रफल के छठे भाग के बराबर अल्बानिया में 1 करोड़ 20 लाख पर्यटक आते हैं, किंतु वे सुरक्षित हैं।

निःसंदेह भारत को महिलाओं के लिए खतरनाक और असुरक्षित स्थानों में शीर्ष रैंकिंग में रखा गया है, जहां पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के अनुसार बलात्कार एक राष्ट्रीय समस्या है। यह अतिशयोक्तिपूर्ण लगता है, किंतु लगता है हम ऐसे समाज में रहते हैं जहां पर वैवाहिक जीवन में बलात्कार कानूनी है और इसके चलते अगर यदि पत्नी की मृत्यु भी हो जाती है, तो इससे पति प्रभावित नहीं होता। शायद इसका संबंध हमारी पितृ सत्तात्मक विरासत से है, जहां पर हम महिलाओं को सम्मान नहीं देते। हाथरस बलात्कार मामला उन लोगों की बर्बरता को दर्शाता है, जो लिंग और जाति की सत्तारूढ़ पदानुक्रम प्रणाली में शीर्ष स्थान पर बैठे हुए हैं।


स्पष्ट है कि एक ऐसे पश्चगामी सोच वाले समाज में, जहां महिलाओं के लिए स्वतंत्रता और समानता व्यभिचार के समान मानी जाती है, ऐसे में हम दो विपरीत परिस्थितियों में रह रहे हैं, जहां पर बालिका का जन्म एक बुरी खबर मानी जाती है और उसे एक निश्चित मानदंडों के साथ पाला पोसा जाता है, ताकि नौका न गड़बड़ाये और उन पर महिलाओं के संरक्षण के नाम पर अनेक प्रतिबंध लगाये जाते हैं, जहां पर पिता नियम बनाता है, पति उनको लागू करता है और पुरुष बॉस उन्हें दोराहते हैं। आज भी महिलाओं के एक बड़े वर्ग में उनके शरीर पर उनका कोई अधिकार नहीं है और उन्हें सैक्स की वस्तु और मानव के रूप में पशु जैसे पुरुषों के आनंद की वस्तु माना जाता है, जिन्हें हर कदम पर समझौता करना होता है। उन पर अनेक बंदिशें लगाई जाती हैं। जघन्य अपराधों के लिए अपराधियों को दंडित करने की बजाय पीड़ित को दोष देना और महिलाओं को अपनी पसंद के लिए उन्हें बदनाम करना कोई सम्मान की बात नहीं है। शादी करना और बच्चे पैदा करना आज महिलाओं का मुख्य कार्य रह गया है। बलात्कार केवल वासना या क्रोध का कार्य नहीं है, यह अक्सर वर्चस्व का प्रदर्शन भी है, जिसे व्यवस्था की विफलता और सांस्कृतिक मौन बढ़ावा देता है। जब तक सामाजिक और राजनीतिक तौर पर समस्या का मिलकर समाधान नहीं किया जाता, महिलाओं की सुरक्षा में सुधार केवल दिखावटी रह जायेंगे।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार प्रति मिनट महिलाओं के विरुद्ध अपराध होते हैं, प्रत्येक 5 मिनट में महिलाओं के साथ बलात्कार होता है, 77 मिनट में दहेज के कारण मौत होती है, पति या रिश्तेदारों द्वारा प्रत्येक मिनट में महिलाओं के साथ क्रूरता या अपराध होता है और इसी के चलते हमारे देश में बालिका भ्रूण हत्या या गर्भपात की घटनाएं बढ़ती हैं। निःसंदेह महिला सुरक्षा के लिए इस संबधं में तत्काल कदम उठाये जाने चाहिए। इस संबंध में पुलिस को बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के मामलों की जांच करने की स्वायत्तता दी जानी चाहिए। आंतरिक शिकायत समिति को शक्तियां दी जानी चाहिए और संकट प्रकोष्ठों में महिलाओं के प्रति संवेदनशील पेशेवर लोगों को तैनात किया जाना चाहिए। बलात्कार पीड़ितों को कानूनी सहायता, मानसिक स्वास्थ्य समर्थन उपलब्ध कराये जाने चाहिएं और ऐसे मामलों की सुनवाई फास्ट ट्रैक न्यायालयों में होनी चाहिए। हमें यौन उत्पीड़न के बारे में अपने दृष्टिकोण को बदलना होगा। कानूनों को कठोर बनाया जाना चाहिए, जिसके चलते पुरुष ऐसे अपराध करने से पहले हजार बार सोचे। इसके अलावा पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन के लिए कदम उठाये जाने चाहिए।

हमारे नेताओं को इस बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए। सरकार ने महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने और फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करने के झूठे वायदे किए हैं। यदि भारत एक ऐसा देश बनना चाहता है, जहां पर समानता और न्याय को महत्व दिया जाता है, तो उसे सत्ता के चंगुल से बाहर निकलना और कानून का शासन पुनः स्थापित करना होगा। हमें महिलाओं को पुरुषों की विलासिता की वस्तु मानने पर अंकुश लगाना होगा। क्या हम केवल सांकेतिक कदम उठायेंगे या नई दिशा दिखा कर महिलाओं को इससे मुक्त करेंगे? क्या महिलाओं की सफलता के लिए हम एक नयी शुरुआत करेंगे?

## कोल्हान की खबरें

### डीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जन शिकायत निवारण दिवस में डीसी कर्ण सत्यार्थी ने स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी व्यक्तिगत और सामूहिक समस्याएं सुनीं। लोगों ने विद्यालय में नामांकन, शुल्क माफी, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का लाभ, पेंशन स्वीकृति, वेतन भुगतान में विलंब, अनुभव प्रमाण पत्र निर्गत न होने, भूमि विवाद, पारिवारिक कलह और सार्वजनिक सड़क पर नाली का पानी बहने जैसी समस्याएं रखीं। डीसी ने सभी मामलों में संबंधित विभागों को शीघ्र जांचकर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने आश्वस्त किया सभी वाजिब शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष निपटारा किया जायेगा। शिकायतों के निष्पादन व फॉलो अप के लिए जन सहायता कोषांग और ऑनलाइन पोर्टल भी सक्रिय है, ताकि आवेदनों को त्वरित अग्रसारित किया जा सके। डीसी ने सभी लंबित आवेदनों पर 10 दिनों में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

### प्रखंड स्तरीय शिक्षा समिति की हुई बैठक



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पोटका विधायक संजीव सरदार ने शुक्रवार को जमशेदपुर प्रखंड मुख्यालय में आयोजित प्रखंड स्तरीय शिक्षा समिति की बैठक में भाग लिया। विधायक ने कहा पोटका विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयास की जा रही हैं। विधायक ने जानकारी दी पोटका के प्रमुख विद्यालयों को +2 में अपग्रेड करने की सभी कागजी प्रक्रिया पूरी कर विभाग को सूची भेज दी गयी है। जमशेदपुर प्रखंड के चार ग्रामीण और शहरी विद्यालयों को चिन्हित कर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। विधायक ने भरोसा दिलाया जल्द ही क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव दिखेगा। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमित प्रकाश, शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित सांसद प्रतिनिधि और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### युवा कांग्रेस की चुनाव की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव राकेश साहू ने अपनी टीम का नामांकन पूर्वी सिंहभूम जिला युवा कांग्रेस चुनाव के लिए कराया है। नामांकन में रवि रंजन कुमार, नीरज कुमार और मुकेश यादव को जिला अध्यक्ष पद के लिए, गौतम साव और शिवाजी चटर्जी को जिला महासचिव पद के लिए उतारा गया। इसके अलावा जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा अध्यक्ष के लिए सागर साहू, गोलमुरी प्रखंड अध्यक्ष के लिए विवेक कुमार सिंह, घाटशिला विधानसभा के लिए पियूष मंडल और जुगसलाई विधानसभा के लिए विष्णु साहू ने नामांकन किया। राकेश साहू ने बताया 6 जुलाई शाम 5 बजे तक नामांकन की प्रक्रिया चलेगी। इसके बाद सदस्यता अभियान और वोटिंग की प्रक्रिया 15 जुलाई से 15 अगस्त तक चलेगी।

# विधायक की पहल से बागबेड़ा कॉलोनी से हटा महीनों से जमा 50 क्विंटल कचरा

**आजाद सिपाही संवाददाता**






**जमशेदपुर।** बागबेड़ा कॉलोनी दुर्गा पूजा मैदान के समीप मुख्य सड़क पर महीनों से जमा कचरे की समस्या से आखिरकार स्थानीय लोगों को राहत मिल गयी है। पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता के आग्रह पर विधायक संजीव सरदार ने जुगसलाई नगर परिषद को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये। विधायक के निर्देश के बाद शुक्रवार को नगर परिषद की टीम ने सफाई अभियान चलाया और सड़क किनारे जमा करीब 40 से 50 क्विंटल कचरे को ट्रैक्टर के माध्यम से हटाया गया। यह कचरा लंबे समय से जमा था और बारिश के कारण सड़कर दुर्गंध फैला रहा था, जिससे स्थानीय लोगों को आवाजाही में परेशानी और बीमारियों का खतरा बढ़ गया था। बता दें यह सड़क बागबेड़ा बाजार, स्कूल और स्टेशन से जुड़ती है। जिससे हजारों लोगों की रोजमर्रा की आवाजाही होती है। कचरे के कारण यह मार्ग अवरुद्ध और अस्वच्छ बना हुआ था। सफाई अभियान के बाद पूरे मार्ग को स्वच्छ कर दिया गया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। सफाई कार्य पूरा होने के बाद पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने स्थानीय निवासियों और दुकानदारों से अपील की वे सड़क पर कचरा न फेंकें और क्षेत्र को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा बागबेड़ा को साफ-सुथरा बनाना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए विधायक संजीव सरदार, जुगसलाई नगर परिषद और पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता का आभार व्यक्त किया। मौके पर सुनील गुप्ता ने विधायक संजीव सरदार और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

## परिवारिक व्यवसायों के लिए विरासत संरक्षित पर संगोष्ठी आयोजित

# पारंपरिक मूल्यों के संरक्षण के साथ नवाचार को अपनाने पर जोर

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** सीआइआइ झारखंड ने स्ट्रेटेजिक वेल्थ प्रिजर्वेशन एंड सक्सेशन प्लानिंग विषय पर परिवारिक व्यवसायों के दीर्घकालिक हितों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एक विशेष सत्र का आयोजन किया। सत्र में पीढ़ी दर पीढ़ी वित्तीय स्थिरता बनाए रखने, नेतृत्व परिवर्तन को सुगम बनाने और बदलते व्यावसायिक परिदृश्य में निरंतरता बनाए रखने पर चर्चा हुई। सीआइआइ पूर्वी क्षेत्र के पूर्व चेयरमैन, आरबीएस ट्रांसमिशन्स के उपाध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सुवेंद्र बेहरा ने पारंपरिक मूल्यों के संरक्षण के साथ नवाचार को अपनाने पर जोर दिया। वहीं सीआइआइ झारखंड के उपाध्यक्ष दिलू पारिख ने मजबूत पारिवारिक मूल्यों, पारदर्शी शासन व्यवस्था और सुदृढ़ वित्तीय योजना को विरासत बनाये रखने के लिए महत्वपूर्ण बताया। सीआइआइ झारखंड फैमिली बिजनेस पैनल के संयोजक कृष्णा खरिया ने कहा परिवारिक व्यवसाय न केवल आर्थिक रीढ़ हैं बल्कि सांस्कृतिक विरासत और परंपरा के संरक्षक भी हैं। उन्होंने उत्तराधिकार योजना और प्रोफेशनल गवर्नेंस को जरूरी बताया। वहीं एमएसएमई पैनल के सह-संयोजक राजीव शुक्ला ने पारिवारिक व्यवसायों में भावनात्मक जटिलताओं को समझने और आपसी सम्मान के साथ मिलकर काम करने की अपील की। विशेषज्ञ वक्ताओं ने पारिवारिक व्यवसायों में कानूनी पारदर्शिता, संवाद और दीर्घकालिक योजना पर भी जोर दिया। मौके पर सीआइआइ झारखंड ने परिवारिक व्यवसायों को मजबूत और लचीला बनाये रखने के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।

### ट्रैफिक से स्थानीय लोग परेशान, कार्रवाई की मांग



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** गोलमुरी स्थित केरला समाजम मॉडल स्कूल के सामने प्रतिदिन स्कूल खुलने और छुट्टी के समय भीषण ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। स्कूल प्रबंधन की लापरवाही या स्कूल के सामने अभिभावको की वाहनों के अव्यवस्थित पार्किंग से प्रतिदिन स्थानीय राहगीरों और आसपास की कॉलोनियों के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को उठाते हुए जिला प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की।

### वृद्धा, विधवा और विकलांग पेंशन नहीं मिलने पर जदयू ने सौंपा ज्ञापन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जनता दल यूनाइटेड के उपाध्यक्ष दुर्गा राव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल अंचल सह प्रखंड कार्यालय में एक मांग पत्र सौपा। शुक्रवार को सौंपे गये मांग पत्र में लाभुकों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और विकलांग पेंशन नहीं मिलने पर जल्द उपलब्ध कराने की मांग की। दुर्गा राव ने बताया मंईयां योजना तो चालू है, लेकिन कई जरूरतमंद लोगों को पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। इससे लोगों को आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा इसके लिए लगातार शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी अगर प्रखंड स्तर से समाधान नहीं हुआ तो जदयू प्रतिनिधिमंडल जिला कार्यालय में डीसी के नाम मांग पत्र सौंपेगा।

### चोरी हुई ट्रैक्टर पुरुलिया से बरामद, एक गिरफ्तार

**इचागढ़ (आजाद सिपाही)।** बीते 2 जून को ईचागढ़ थाना क्षेत्र के लेपटांड में किशोर उरांव की एक सोनालिका ट्रैक्टर (नंबर जेएच06टी 5157) चोरी हो गयी थी। मौके पर उन्होंने स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायत की। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी और मानवीय पहलुओं पर जांच करते हुए पुरुलिया निवासी 23 वर्षीय तपानंद मंडल के घर से चोरी की ट्रैक्टर बरामद कर लिया। शुक्रवार को पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी दल में ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रमादित्य पांडे, महाती सिंकु, विश्वजीत कुमार तिवारी, राजेश कुमार और सशस्त्र बल शामिल रहे।

### भाजपा महिला मोर्चा के फार्म हाउस में मिला अजगर

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के भाजपा महिला मोर्चा की नेत्री तरु मुंडा और सामाजिक कार्यकर्ता भोला मुंडा के चांडिल प्रखंड के गौरी स्थित कृषि फार्म हाउस में शुक्रवार सुबह एक विशालकाय अजगर जाल में फंस गया। मुंडा दंपति ने बत्तख और मुर्गी पालन के लिए फार्म को जाल से घेर रखा है। अजगर फंसने की खबर मिलते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। अजगर जिस जगह फंसा था, उसके पास ही मुंडा दंपति का मकान भी है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर अपने साथ ले गयी।

# रंका में भगवान जगन्नाथ की लौटती रथयात्रा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** भगवान जगन्नाथ की घुरती रथ यात्रा शुक्रवार (4 जुलाई 2025) को भैया बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ धूमधाम और हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हो गयी। भगवान जगन्नाथ आठ दिनों के प्रवास के बाद मौसी बाड़ी से लौटकर अपने मूल स्थान ठाकुरबारी मंदिर के कक्ष में आज विराजमान हो गये। शुक्रवार को दोपहर श्रीमद्भागवत पाठ के पूर्णाहुति के पश्चात हवन और भगवान को विशेष महाप्रसाद का भोग लगाया गया। इसके बाद बाजे गाजे, शंख ध्वनि और जय घोष के बीच राजपुरोहितों द्वारा भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र जी के विग्रह को रथ में विराजमान कराकर श्रद्धालु भक्तों के द्वारा रथ खींच कर ठाकुरबारी मंदिर वापस लाया गया। जहां वे अपने पक्ष में पुनः स्थापित कर दिए गये हैं।

इस मौके पर सेवईत राजा कुमार गोवर्धन प्रसाद सिंह, युवराज कुमार गुलाब सिंह, कुमार गौरव सिंह, पंडित बालेश्वर दुबे, पंडित सत्यनारायण ओझा, पंडित भोला पांडेय सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष, बच्चे-बच्चियां और श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।


रंका में घुरती रथयात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़।

## मुहर्रम को लेकर पुलिस ने विशुनपुरा में निकाला फ्लैग मार्च



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। मोहर्रम त्योहार के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस के आलाधिकारियों द्वारा संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में आज दिन शुक्रवार को श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में विधि व्यवस्था, सुरक्षा व शांतिपूर्ण ढंग से पर्व संपन्न कराने को लेकर विशुनपुरा थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च विशुनपुरा थाना क्षेत्र के पतिहारी, हुरही, पिपरीकला बाजार, कमता, कोवेया चौराहा, गांधी चौक, चक चक मोड़ टेंपू स्टैंड, नई बाजार विशुनपुरा, ग्रामीण बैंक मोड़, ब्लॉक मोड़ होते हुए थाना परिसर आकर समाप्त हुआ। पुलिस की अपील : अफवाहों पर ध्यान न दें, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, और सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहारों का आनंद लें। फ्लैग मार्च में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, विशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह, श्री बंशीधर नगर थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, रमना थाना प्रभारी आकाश कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी और पुलिस जवान शामिल थे।

## मेराल के डंडई रोड में आज चलेगा अतिक्रमण पर बुलडोजर



मेराल (आजाद सिपाही)। बस स्टैंड स्थित डंडई रोड में जल जमाव और कीचड़ से आम लोगों की परेशानी का खबर दैनिक अखबार आजाद सिपाही में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आयी है। डंडई रोड में नाली पर किये गये अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन कड़ा एक्शन लेने के मूड में है। खबर प्रकाशित होने के बाद अंचलाधिकारी द्वारा मुखिया रामसागर महतो के नेतृत्व में सीआई जॉनसन गिद्दी, आमीन रवि कुमार पांडे के साथ थाना पुलिस द्वारा रोड के मुआयना किया गया। सीआई तथा अमीन के द्वारा बताया गया कि रोड के नाली पर स्थानीय फल दुकान, होटल, किराना दुकान, खैनी दुकान आदि के द्वारा अतिक्रमण किया गया है, जिसकी वजह से यहां नाली की सफाई एवं निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रहा है जिसके फल स्वरुप बरसात के पानी से यहां जल जमाव की स्थिति है। अमीन के रिपोर्ट पर अंचलाधिकारी यशवंत नायक द्वारा सभी अतिक्रमण कार्यों को नोटिस देकर 24 घंटा के अंदर अतिक्रमण हटाने को कहा गया है। नोटिस मिलने के बाद कुछ लोगों द्वारा अपना दुकान हटा लिया गया है, जानकारी के अनुसार शनिवार को यहां प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण को हटाया जायेगा।

## महिलाओं को दिये जा रहे आय वृद्धि का प्रशिक्षण

कांडी (आजाद सिपाही)। जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने शुक्रवार को मोखापी गांव में महिलाओं को दिये जा रहे आय वृद्धि योजना अंतर्गत प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। कल्याण पदाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं महिलाओं से कई तरह की जानकारी लिया। आदिवासी कल्याण आयुक्त झारखंड के तहत स्वयं सेवी संस्था रोज के द्वारा मोखापी गांव में 90 दिवसीय आयवृद्धि योजना के तहत महिलाओं को डिटर्जेंट पाउडर, फिनाइल, हार्पिक, साबुन बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें 13 महिला व दो पुरुष को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षक हेमंत प्रसाद, बिरसा पहाड़िया व राम अवतार शास्त्री द्वारा निर्धारित सभी को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में अर्चना देवी, पुष्पा कुमारी, सीमा देवी, कविता देवी, नीरज कुमार, सावित्री देवी, चंदा कुमारी, अंकुर लाल शामिल हैं।


साबुन, हार्पिक, डिटर्जेंट पाउडर बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त करतीं महिलाएं।

## शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम का पर्व मनायें : उपायुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मुहर्रम पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में शांति/समन्वय समिति के सदस्ययों, मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के सदस्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों के साथ संपन्न की गयी। मुहर्रम पर्व के अवसर पर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त, श्री यादव एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने संयुक्त रूप से मुहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। पुलिस अधीक्षक श्री कुमार द्वारा लॉ एंड ऑर्डर की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने की बात कही गयी। उपायुक्त गढ़वा श्री यादव द्वारा सभी की बातों को सुनते हुए लोगों को शांतिपूर्वक एवं आपसी भाईचारा के साथ मोहर्रम पर्व मनाने की शुभकामनाएं दी गयी। शांति समिति के सदस्य एवं मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदस्यों ने मोहर्रम के दौरान डीजे का प्रयोग नहीं करने की बात कही। किसी भी प्रकार की समस्या से ससमय निबटने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम का एक हेल्पलाइन 620 1261 084 पर संपर्क कर आवश्यक अनुरूप सहायता ली जा सकती है। बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला परिषद की अध्यक्ष शांति देवी, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला स्तर के विभिन्न पदाधिकारीगण, जिले के विभिन्न प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, विभिन्न प्रखंडों के थाना प्रभारी, पुलिस विभाग के अन्य पदाधिकारी, गढ़वा जिला के विभिन्न प्रखंडों से आये जनप्रतिनिधि, समन्वय समिति के सदस्यगण, सामाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित थें।

## ग्रामीणों ने बीडीओ से जांचोंपरांत उचित स्थान पर श्मशान शेड बनवाने की मांग की




आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी बहुल क्षेत्र परती कुशवानी पंचायत के ग्रामीणों ने शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार को हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया है। इस आवेदन में श्मशान घाट निर्माण कार्य गलत स्थान पर कराये जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जिस स्थान पर छठ घाट का निर्माण किया गया था उसी के समीप श्मशान शेड का निर्माण मुखिया के मिलीभगत से किया जा रहा है। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है उस स्थान पर कभी शव नहीं जलाया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि बिना ग्राम सभा किये अपने समर्थक संतोष प्रजापति के पत्नी सोनी देवी को संवेदक बनाया है, और रैयती भूमि में न बनाकर उसी के बगल में निर्माण किया जा रहा है। इस पर ग्रामीणों ने संवेदक से पूछने पर बताया कि यह मुर्गी फार्म का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आवेदन में जिक्र किया है कि जबसे मुखिया का पदभार मुनी देवी ग्रहण ने किया है, तबसे ग्राम सभा के साथ-साथ कार्यकारिणी का भी बैठक नहीं कराया गया है। यह बहुत ही गंभीर आरोप है। ग्राम सभा के बारे में पूछे जाने पर गाली गलौज की जाती है। ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से जांचोंपरांत उचित स्थान पर श्मशान शेड बनवाने का आग्रह किया है। इस मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार से दूरभाष से संपर्क किया गया पर उनसे संपर्क नहीं हो पाया। इस मामले में मुखिया मुनी देवी ने बताया कि यह राजनीति से प्रेरित होकर ग्रामीण आरोप लगा रहे हैं। आवेदन देने वालों में जेएमएम युवा मोर्चा पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश यादव, रविंद्र यादव, बीसीसी राजेंद्र सिंह, वार्ड उपेंद्र सिंह, अरविंद यादव, पिंटू प्रजापति, विशुनदयाल प्रजापति, ब्रजेश उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जमीन से जुड़े सात मामलों का निष्पादन




भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। स्थानीय थाना परिसर में शुक्रवार को थाना दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीओ शंभू राम व थाना प्रभारी रजनी रंजन मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान थाना दिवस पर प्रखंड के विभिन्न गांव से आये लोगो ने आवेदन देकर मामले की निष्पादन की मांग की। आवेदन के आलोक में दोनो पक्ष की बात सुनने के बाद उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा सात मामको का निष्पादन मौके पर किया गया। जबकि एक मामला में न्यायालय से निबटारा कराने की बात कही। सुनवाई के दौरान सीओ शंभू राम ने कहा कि थाना दिवस पर पारिवारिक जमीन विवाद के मामले काफी आ रहे है। जिसमें पैतृक जमीन को बंटवारा नहीं होने एवं खतियान में नाम सुधार नहीं होने से संबंधित कई मामले आये। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों की बातों को सुनकर सुलहनीय मामले के आधार पर सहमति बनाते हुए कई मामलों का निष्पादन गया। इस मौके पर एसआई प्रदीप उरांव, एएसआई नारायण प्रसाद, आशुतोष सिन्हा सहित अन्य अंचल व पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## पीएलवी ने दिव्यांग जन खोज संपर्क अभियान चलाकर तीन दिव्यांगों को खोजा

रंका (आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा के निर्देशन में रंका प्रखंड के मानपुर पंचायत के पीएलवी समाजसेवी अमरेंद्र कुमार एवं विश्रामपुर पंचायत के पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने 1 जुलाई 2025 को संयुक्त रूप से दिव्यांग जन खोज संपर्क अभियान चलाकर तीन दिव्यांगों की खोज किया। जिसमें रंकाकला पंचायत के शिवनाला टोला निवासी उदयकांत राम की पुत्री अनिता कुमारी (35 वर्ष) एवं कोशिला देवी (40 वर्ष) तथा सिकंदर राम के पुत्र एस कुमार रवि (11 वर्ष) का नाम शामिल है। इस अवसर पर पीएलवी ने आजाद सिपाही को बताया कि डालसा गढ़वा के अंतर्गत व्हील चेयर और दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है और शीघ्र ही इन्हें सरकारी योजनाओं, जैसे पेंशन आदि का लाभ मिल सकेगा। इस नेक कार्य में वार्ड सदस्य एसएचजी सक्रिय महिला शोभा देवी, वार्ड प्रतिनिधि अमित कुमार ने सराहनीय योगदान दिया।

## स्कूली बच्चों को हैंडवाश को लेकर किया गया जागरूक



मझिआंव (आजाद सिपाही)। नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देशानुसार 1 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय अखौरी तहले में बच्चों के बीच स्वच्छता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्हें बताया गया कि नियमित रूप से हाथ धोने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर नगर प्रबंधक जितेश कुमार, राकेश सिन्हा, बिरेन्द्र चौधरी, विश्वजीत कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं रसोईया उपस्थित थे। सभी ने बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी और अभियान को सफल बनाने की अपील की।

## रौनियार समाज के संरक्षक महेश चंद्र सर्राफ का निधन, व्यवसायियों में शोक

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा के जाने-माने वस्त्र व्यवसायी और रौनियार समाज के संरक्षक महेश चंद्र सर्राफ का शुक्रवार को निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। उनके निधन से स्थानीय व्यवसायियों में शोक की लहर है। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में भाजपा नेता सह समाजसेवी अलखनाथ पांडेय, समाजसेवी नंद कुमार गुप्ता, रौनियार समाज के अध्यक्ष हीरा गुप्ता, प्रशांत कुमार, सुशील कुमार गुप्ता, उपकार गुप्ता, बैजनाथ गुप्ता, कृष्ण केसरी, डॉक्टर गोईंन, दुर्गा केसरी, बैजनाथ प्रसाद, कमलेश अग्रवाल, डॉ विजय भारती शहीद कई व्यवसायियों ने उनके निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की है।


महेश चंद्र सर्राफ का फाइल फोटो।

## माउंट हीरा कमेटी ने सम्मान समारोह का किया आयोजन

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। मोहर्रम की सातवीं तिथि के अवसर पर विशुनपुर स्थित माउंट हीरा कमेटी की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को कमेटी के अध्यक्ष सद्दाम आलम ने झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य व समाजसेवी ताहिर अंसारी एवं थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक को पगड़ी पोषी कर सम्मानित किया। समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और आपसी एकता, सौहार्द एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस मौके पर झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि आज के दौर में इंसानियत, न्याय और सच्चाई की राह पर चलने की सख्त जरूरत है। थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने कमेटी के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि माउंट हीरा कमेटी जिस तरह से सामाजिक समरसता और सहयोग की भावना से कार्य कर रही है, वह प्रेरणादायक है। मैं हमेशा ऐसे सकारात्मक प्रयासों के साथ खड़ा हूं। कमेटी के अध्यक्ष सद्दाम आलम ने कहा कि यह सम्मान उन व्यक्तियों को दिया जाता है जो समाज में शांति, सद्भाव और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। मौके पर संरक्षक व युवा समाजसेवी महमूद आलम सीनियर, मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर लालबाबू खान, तालिब खान, बिट्टू खान, शोएब आलम, महमूद आलम जूनियर, आशिक अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सड़क में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

रविकांत चंद्रवंशी

**केतार (आजाद सिपाही)।** मुकुंदपुर मुख्य पथ से पंडा नदी तक लगभग 1 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से मुख्यमंत्री सड़क योजना से बन रही सड़क में अनियमितता को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने संवेदक के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के बीच में दो तीन स्थान पर पीसीसी का निर्माण नहीं कराया गया, जबकि गांव के शुरूआत एवं अंतिम छोर पर सड़क निर्माण कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक के मनमानी एवं क्रूर रवैया के कारण कहीं-कहीं सड़क बनाया जा रहा है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में भारी अनिमियता एवं लापरवाही बरती जा रही है। जहां पीसीसी का निर्माण किया जा रहा है, वहां सड़क निर्माण में घटिया किस्म की सीमेंट का प्रयोग करने के बाद भी सीमेंट की मात्रा मानक से काफी कम डाली जा रही है। कालीकरण में घटिया और कम मटेरियल का इस्तेमाल किया जा रहा है। सड़क निर्माण होने के कुछ दिन बाद ही निर्माणाधीन सड़क क्षतिग्रस्त हो गया है। सड़क बनते ही सड़क की दुर्दशा देखकर ग्रामीण सड़क का निर्माण कार्य का विरोध करने लगे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जल्द ही हस्ताक्षर युक्त शिकायत पत्र जिला प्रशासन को सौंपा जायेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। सड़क निर्माण कार्य का विरोध करने वालो में दिनेश वर्मा, संतोष प्रसाद, रामनाथ वियार, गोपाल वियार, परबिंद चंद्रवंशी, सतीश चंद्रवंशी, दारा साह, श्याम बिहारी वियार, लल्लू वियार, दिनेश चंद्रवंशी, राजु प्रसाद, रंजीत वियार, शीला देवी, संध्या देवी सहित अन्य लोगो का नाम शामिल है।



# नवजात या गर्भवती महिला का टीकाकरण नहीं छूटना चाहिए : चिकित्सा पदाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर ।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश सिंह की अध्यक्षता में मासिक स्वास्थ्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सबसे पहले एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत टी4 कैंप की समीक्षा की गयी। चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि क्षेत्र की महिलाओं और किशोरी बालिकाओं में एनीमिया की रोकथाम के लिए नियमित जांच और आयरन सप्लीमेंटेशन जरूरी है। इसके बाद यू-विन एंट्री, एचएमआईएस रिपोर्टिंग एवं टीबी रोगियों की पहचान व उपचार पर चर्चा हुई। मासिक रोग मैट्रिक्स (सीएचओ) को अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया, ताकि प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता बनी रहे। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए टीकाकरण माइक्रोप्लान बनाने पर जोर दिया गया। प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र के किसी भी नवजात या गर्भवती महिला का टीकाकरण नहीं छूटना चाहिए। इसके लिए एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं को लक्ष्य दिया गया। शेष पड़े एएएम में टीकाकरण एवं अन्य लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने को कहा गया। पीएमएसएमए (प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान) के अंतर्गत हर महीने की 9 तारीख और अंतिम बुधवार को गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच कराने हेतु एएनएम को जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में डॉ नितेश भारती, डॉ इन्द्रकिशोर विश्वकर्मा, लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, अनूप कुमार, सुनील पटेल, अरुण लकड़ा, बबीता कुमारी, मनोज पाठक, अनुज गुप्ता सहित एएनएम, एमपीडब्ल्यू बीटीटी, एएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।



# राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन
# गढ़वा के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण समेत पांच पदक झटके

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** 2 से 3 जुलाई तक इनडोर स्टेडियम रामगढ़ में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी, जिसमें गढ़वा के खिलाड़ियों ने झटके 5 पदक, पदक विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार से हैं। जिसमें सुप्रिया कुमारी स्वर्ण पदक, झूलन कुमारी स्वर्ण पदक, शिविक प्रजापति रजत पदक, समीर कुमार चौबे रजत पदक, शाहीन परवीन कांस्य पदक प्राप्त किया है।

सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को मुख्य रूप से बधाई देने वाले पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर किकबॉक्सिंग संघ संरक्षक संजय कुमार सिंह, अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, सचिव मनोज सेनशई, वरीय उपाध्यक्ष जेबी थापा, डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अरविंद दुबे प्रभात तिवारी, रमाशंकर सिंह सहसचिव गणेश यादव, कार्यकारी सदस्य अभय कांत, राजकुमार राम, अजीत कुमार, गढ़वा ओलंपिक संघ अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, संरक्षक राकेश पाल, अनिता दत्त, रेखा चौबे, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, सचिव आलोक मिश्रा, जितेंद्र सिन्हा, राघवेंद्र नारायण सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, रामप्रवेश तिवारी, नितिन तिवारी, चंद्र बहादुर सिंह, दीपक कुमार आदि लोगों ने बधाई दी।

इसकी जानकारी गढ़वा जिला किक बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने दी।




# फुटबॉल खेल का विकास करना प्रतियोगिता का उद्देश्य: सोरेंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** फुटबॉल स्टेडियम में शुक्रवार को फुटबॉल खेल के विकास को लेकर झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से पहली बार शुरू किये गये लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सुरेंग ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बच्चों में फुटबॉल के प्रति जागरूकता लाना और इस खेल का विकास करना है। वहीं जिला स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता भी चल रहा है। इस प्रतियोगिता के विजेता टीम प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज ने कहा कि गढ़वा जिले के सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों में फुटबॉल प्रतिभा की कमी नहीं है। अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अल्का लकड़ा ने गढ़वा के बच्चों को प्रमंडल एवं राज्य स्तर पर बेहतर खेल दिखाते हुए विजेता बनने की शुभकामना दी। अंडर 15 आयु वर्ग में भंडरिया प्रखंड की उत्क्रमित मध्य विद्यालय नौका भंडारिया के टीम ने नगर को हराकर विजेता बनी। वहीं नगर ऊंटारी के पीएम श्री उच्च विद्यालय चित विश्राम नगर ऊंटरी के टीम उप विजेता रहा। खेल को सफल बनाने में मुख्य रेफरी चिफ जगन्नाथ राम, अरविंद कुमार निर्णायक टीम के सदस्य आकाशदीप विजय सिंह संजय प्रताप देव सोनू कुमार रविकांत नीलकंठ आर्यन रुपेश नितेश कंचन विजय एवं शारीरिक शिक्षक सुशील तिवारी, आलोक, शमशाद आलम आदि की भी खेल संचालक में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शिकायत की समीक्षा करने गढ़वा पहुंचे राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता संबंधी शिकायत विभिन्न माध्यम से राज्य कार्यालय प्राप्त होने के पश्चात राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन के निर्देश पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग शुक्रवार को गढ़वा निरीक्षण किया। अनुश्रवण के दौरान सभी प्रखंड के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं लेखा अधिकारी के साथ बैठक की। बैठक में प्रतियोगिता के दौरान नियमों का सही तरीके पालन करने संबंधी, शिकायत प्राप्त है पर प्रतियोगिता के दौरान नियमानुसार करवाई करना एवं राशि का पूर्ण उपयोग सही तरीके से करने संबंधी निदेश दिया। बैठक के बाद गढ़वा फुटबॉल स्टेडियम में चल रहे जिला स्तरीय प्रथम लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम में खेल एवं शारीरिक शिक्षा कोषांग, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के एम मोदस्सर और शंकर पाल मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 05 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in
08

## रांची-मुरी सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित कर गति शक्ति योजना से जल्द होगा फोरलेन : विनय



मुरी (आजाद सिपाही)। रातू रोड ऐलिवेटेड फ्लाइओवर के लोकार्पण समारोह के अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची-सिल्ली-मुरी सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित कर फोरलेन करने की मांग की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मांग करते हुए कहा कि सिल्ली क्षेत्र का औद्योगिक विकास बहुत तेजी हो रहा है सिल्ली से प्रतिदिन हजारों छात्र, मजदूर और रांची आते हैं। रांची से मुरी की दूरी लगभग 65 किमी है रांची आने में डेढ़ घंटे से अधिक समय लग जाता है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने संबोधन में कहा कि रांची-मुरी सड़क का अध्ययन कर जल्द राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित कर गति शक्ति योजना से फोरलेन किया जायेगा। फोरलेन निर्माण के बाद 30 मिनट में मुरी से रांची का सफर तय कर पायेंगे। फ्लाईओवर लोकार्पण के मौके पर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज भी मौजूद रहे। भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने इस कार्य के लिए सिल्ली वासियों की ओर से केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का आभार व्यक्त किया है।

## 174.5 किलो अवैध अफीम डोडा बरामद, एक गिरफ्तार



गिरफ्तार नीरज माझी।

खूंटी (आजाद सिपाही)। पुलिस ने मुरहू थाना क्षेत्र में शुक्रवार को वाहन चेकिंग के दौरान एक बोलेरो से 174.5 किलो अवैध डोडा बरामद किया। पुलिस ने बोलेरो चालक नीरज कुमार मांझी को गिरफ्तार कर लिया। वह मुरहू थाना क्षेत्र के मेराल गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उक्त बोलेरो को भी जब्त कर लिया है। छापामारी दल में थानेदार के अलावा एसआई अरविंद कुमार, आदित्य कुमार, मतियस कुजूर समेत थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस अधीक्षक ने इस सफल कार्रवाई के लिए पूरी टीम की सराहना की है तथा अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ इसी प्रकार सतत अभियान चलाने का निर्देश दिया।

## बिना आधार कार्ड के खाद की बिक्री ने करें दुकानदार: नवीन



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने शुक्रवार को प्रखंड की खाद बीज दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में दुकान में खाद-बीज की कीमत संबंधी बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि किसानों को सही कीमत में खाद एवं बीज आदि की बिक्री करें। बीडीओ ने दुकान में उपलब्ध खाद, बीज की स्टॉक पंजी, बिक्री पंजी, मूल्य तालिका, पॉश मशीन का निरीक्षण किया और दुकानदारों को बगैर आधार कार्ड की खाद की बिक्री नहीं करने का निर्देश दिया, ताकि खाद की कालाबाजारी पर अंकुश लगाया जा सके। निरीक्षण के क्रम में वसुंधरा बीज भंडार, मांझी कृषि भंडार, कृषि बीज भंडार, पाहन खाद एवं बीज भंडार, जेनेरियस हेमरोम की दुकान का निरीक्षण किया गया। मौके पर उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी कि किसी कीमत पर अवधि समाप्त बबीज या खाद की बिक्री ने करे। इस अवसर पर बीटीएम अंजना सुरीन और, तोरपा पश्चिम पंचायत के मुखिया जॉन टोपनो आदि उपस्थित थे।

## पत्र सूचना कार्यालय का वार्तालाप कार्यक्रम आज



खूंटी (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित परिसदन के कांफ्रेंस हॉल में पांच जुलाई शनिवार को समाहरणालय के कांफ्रेंस हॉल में पूर्वाह्न 11.30 बजे से वातालाप कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। शुक्रवार को समाहरणालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कार्यक्रम की रूपरेखा और उसके आयामों की जानकारी पत्रकारों को दी गयी। इसमें खूंटी जिले की उपायुक्त आर रॉनिटा मुख्य अतिथि होंगी, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर विभाग के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा होंगे।

## तोरपा में पुल से नीचे गिरी बोलेरो, सात घायल



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा थाना क्षेत्र के तोरपा-कर्रा रोड पर शुक्रवार को पूर्वाह्न लगभग 11 बजे एक बोलेरो गाड़ी(जेएच 01डीडी 6875) अनियंत्रित होकर छाता नदी पुल के नीचे गिर गयी। इससे बोलेरो पर सवार सात लोग घायल हो गये। घायलों में वाहन चालक सूरज गोप (थाना इटकी, कुरगी, सेमरा निवासी), दिनेश गोंझू रामगढ़, सुआरपुर, बिरजीजिया तोपनो, जकरियस तोपनो, संतोष तोपनो, उर्सेला तोपनो और तीन वर्षीय बच्ची अनन्या शामिल हैं। सभी कामडारा थाना क्षे के पोजे बड़काटोली गांव के रहने वाले हैं। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस से तोरपा सदर अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों के अनुसार उर्सेला को गंभीर चोट लगी है, लेकिन सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बतायी जाती है। चालक सूरज गोप ने बताया कि वह अपने दोस्त दिनेश गोंझू के साथ गुरुवार को पोजे आया था और शुक्रवार को सुबह वह अपनी पत्नी उर्सेला और परिवार के अन्य सदस्यों को लेकर घुरती रथ मेला देखने के लिए बेड़ा जा रहा था। छाता नदी पुल के पास ओवरटेक के चक्कर में बोलेरो नदी से पहले पुल के नीचे गिर गयी। तोरपा पुलिस दुर्घटनाग्रस्त वाहन को थाना ले गयी।

# ईचागढ़ के बांदू टोला डुंगरीडीह गांव में डायरिया से दर्जनों बीमार





सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ में कुर्सी पर लिटा कर हो रहा उपचार

आजाद सिपाही संवाददाता

ईचागढ़। सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के बांदू टोला डुंगरीडीह के दर्जनों ग्रामीण डायरिया से पीड़ित हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ में एक दर्जन मरीज इलाजरत हैं। वहीं विभिन्न निजी क्लिनिकों में भी दर्जनों डायरिया पीड़ितों को भर्ती कराया गया है। सामुदायिक चिकित्सा केंद्र में भारती देवी, निचल मांझी, सुमित्रा मांझी, बुधनी, रथी, गुलटु, घासनी मांझी आदि का इलाज कराया जा रहा है। वहीं एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला को बेड का अभाव में कुर्सी पर लिटाकर इलाज किया जा रहा है। वहीं पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि सह समाजसेवी भूषण चंद्र मुर्मू एवं मुखिया ठाकुर दास मांझी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ में मरीजों के लिए न पर्याप्त बेड है और न अन्य सुविधाएं। वहीं मरीजों के परिजनों का आरोप है कि दवा भी बाहर से खरीदना पड़ रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शेखर चौधरी ने कहा कि अस्पताल में बेड का अभाव है। इस संबंध में विभाग को अवगत कराया गया है और डायरिया पीड़ित गांव में ब्लीचिंग पाउडर



का छिड़काव करने के लिए सम्बन्धी कर्मी को सूचित किया गया है। वहीं ग्रामीणों सह डायरिया पीड़ित परिजनों ने गांव में कैंप लगाने के लिए मांग किया है।

### विधायक सुदीप गुड़िया ने गोविंदपुर में किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन, कहा

# जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। तोरपा विधानसभा क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता है। आप मुझे अपनी किसी भी प्रकार की बीमारी की जानकारी दें, मैं उसे बेहतर इलाज और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। ये बातें तोरेपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने कही। विधायक शुक्रवार को कर्रा प्रखंड की गोविंदपुर पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संगोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि स्वास्थ सुविधा को तोरपा



विधानसभा में और भी बेहतर करना है और जितने भी सुविधा हो सके, सारी सुविधा अपने विधानसभा में उपलब्ध कराना है। कोई भी जानकारी मुझे या झामुमो प्रखंड कमेटी को जानकारी दें। मैं रिम्स हो या सदर अस्पताल या अन्य संस्थान, जहां पर आपका इलाज होगा, आपके बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए मैं मदद करूंगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से आग्रह है कि वे नर सेवा ही नारायण सेवा है, यह मानकर लोगों की सेवा करें। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी स्मिता नगेसिया, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी अनीता कुमारी, गोविंदपुर पंचायत की मुखिया मीना देवी, ,अस्पताल के जमीन दाता डॉ रामनन्द सोनी, राहुल केशरी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संदीप हेरेंज, प्रखंड सचिव विनोद उरांव, उपाध्यक्ष मार्शल आईंद, नामजन होरो, शेख फिरोज, प्रिया देवी, कमलेश महतो, शंभु शर्मा, शंकर साहू, बीजू सोनी, रोशन उरांव, भोला साहू, बसंत महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला सांसद प्रतिनिधि रविंद्र ने दिशा की बैठक में उठायी कोयलांचल की समस्याएं

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। चतरा समाहरणालय में सांसद कालीचरण सिंह सांसद की अध्यक्षता में आहुत दिशा की बैठक में पिपरवार से जिला सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह और भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा भी शामिल हुए। इस बैठक मं चतरा में चल रहे विकास योजनाओं पर समीक्षा हुई, जिसमें रोड, पुल पुलिया, जल मीनार, पेंशन शिक्षा, स्वास्थ्य, पशुपालन, तालाब, हर घर नल जल योजना, कृषि आदि योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बड़कागांव विधायक रौशनलाल चौधरी ने बचरा-पतरातु रोड में बचरा बस्ती के पास एक किलोमीटर खराब रोड का विवाद समाप्त कर यथाशीघ्र बनाने की बात कही। बैठक में शामिल जिला सांसद प्रतिनिधी रविंद्र सिंह ने दिशा की बैठक प्रत्येक तीन महीने पर समीक्षा बैठक कराने की बात रखी। इसके अलावा बचरा उच्च विद्यालय की एकमात्र महिला शिक्षिका रेखा कुमारी का तबादला अन्य स्कूल में किये जाने पर उन्हे पुनः बचरा उच्च विद्यालय में लाने की मांग को उठाया, जिसे उपायुक्त क्रीतिश्री ने सहर्ष सवीकार किया एवं लाने का आदेश दिया। उपायुक्त ने अक्टूबर माह में बचरा उत्तरी का बचरा बस्ती, हेसाबार किचटो पंचायत के नगडुआ, होसीर, परटांड़, हरगड़वा आदि जगहों पर जलापूर्ति शुरू करने की बात कही। वहीं बैठक में पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा ने बचरा उत्तरी, बचरा दक्षिणी में रुके हुए विकास कार्यों से अवगत कराया। बैठक में सांसद कालीचरण सिंह, चतरा विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास, बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी, चतरा उपायुक्त कीर्तिश्री, पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, जिला सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह, भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा सहित सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद थे।

## तमाड़ विधायक ने विभिन्न विकास योजनाओं का किया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

बुंडू। शुक्रवार को नगर पंचायत बुंडू क्षेत्र में 19 विकास योजनाओं के लिए लगभग 3.50 करोड़ और अमनबुरु स्थित अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय छात्रावास के लिए ढ़ाई करोड़, कुल लागत 6 करोड़ योजना विकास कार्य का शिलान्यास तमाड़ विधायक के द्वारा किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम का मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक ने सभी योजनाओं का विधिवत नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। नगर पंचायत क्षेत्र के भाकुवाडीह, बुंडू में पार्क और ग्रीन स्पेस निर्माण, शहरी आवास, महिला समूह को लोन सहित स्वच्छता, जलापूर्ति, नाली और बुनियादी ढांचे से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। इस मौके पर स्थानीय विधायक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में पार्क के साथ स्टेडियम का भी निर्माण बहुत जल्द की जायेगी। राज्य सरकार सभी वर्गों को विकास कार्य में जोड़ना चाहती है। तत्पश्चात नगर प्रशासन ने कहा कि हमारा उद्देश्य बुंडू को स्वच्छ सुंदर एवं संपन्न बनना है यें योजना आने वाले दिनों में तस्वीर बदलेगी। उन्होंने आम जनता से विकास कार्य में सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि, समेत नगर पंचायत के कर्मचारी और बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

# मजदूरों के हक और अधिकार को लेकर जारी रहेगा संघर्ष : फुलेश्वर बैठा

पिपरवार में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का धरना पांचवें दिन भी रहा जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



पिपरवार। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के समीप बचरा रेलवे साईडिंग के असंगठित मजदूरों की मांगों को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के द्वारा चल रहे अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। इस बीच शुक्रवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कांके विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी फूलेश्वर बैठा भी धरना में शामिल होकर पार्टी और मजदूरों की मांगों का समर्थन किया। इस संबंध में फुलेश्वर बैठा ने कहा कि सीसीएल को कोयला खनन के लिए अपनी जमीन देने वाले स्थानीय ग्रामीणों को अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शोषित पीड़ित गरीब मजदूर किसानों के लिए झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के द्वारा संघर्ष जारी रहेगा। यदि जल्द मजदूरों की मांगों को पूरा नहीं किया जाता है, तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन के तहत पूरे पिपरवार क्षेत्र को भी बंद कराया जायेगा। उन्होंने सभी असंगठित मजदूरों से अपनी चट्टानी एकता बरकरार रखते हुए संघर्ष को जारी रखने का आह्वान किया। इस मौके पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के रांची जिला संगठन मंत्री रतिया गंझू, रांची जिला उपाध्यक्ष दीपक महतो, चतरा जिला उपाध्यक्ष बिजय महतो, चतरा जिला प्रवक्ता अमर महतो, श्रवन महतो, खलारी प्रखंड अध्यक्ष तोहिद अंसारी, बचरा दक्षिणी पंचायत अध्यक्ष कृष्णा यादव, रविंद्र, बालेश्वर, महेंद्र, प्रदीप, बुटन, विशेश्वर महतो, भोला महतो सहित काफी संख्या में असंगठित मजदूर मौजूद थे।

## एनके एरिया में वाहन चालकों का आंदोलन जारी, न्यूनतम वेतन की मांग पर अड़े चालक

खलारी (आजाद सिपाही)। न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर सीसीएल एनके एरिया में चलने वाले निजी वाहन के चालकों का आंदोलन तीसरे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में वाहन चालक अपनी मांग को लेकर महाप्रबंधक कार्यालय के पास जुटे रहे। जनता मजदूर संघ के असंगठित क्षेत्र के प्रतिनिधि के अगुवाई में चल रहे इस आंदोलन में पिपरवार, मगध, संघमित्रा समेत अन्य क्षेत्र में अनुबंध पर वाहन चलाने वाले चालक इसमें शामिल हुए। अनुबंध पर चलने वाली गाड़ियों का परिचालन बाधित होने पर हो रही परेशानी को देखते हुए प्रबंधन के द्वारा शुक्रवार को महाप्रबंधक कार्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल में गाड़ी मालिकों और चालकों के बीच बैठक कराकर मामला सुलझाने का प्रयास किया गया। लेकिन वेतनमान की मामूली बढ़ोतरी को नामंजूर करते हुए चालकों ने शांतिपूर्वक आंदोलन करने के निर्णय पर अड़े रहे।

## संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा ने पुरनाडीह और चुरी परियोजना में गेट मीटिंग की

खलारी (आजाद सिपाही)। सीसीएल एनके एरिया के दो परियोजना पुरनाडीह तथा चुरी में संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा द्वारा गेट मीटिंग किया गया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता संयुक्त रूप से सभी ट्रेड यूनियनो के वरिष्ठ पदाधिकारियो ने किया, तथा संचालन पुरनाडीह मे गोलटेन प्रसाद यादव एवं चुरी मे शैलेश कुमार ने किया। गेट मीटिंग मे नौ जुलाई को होने वाले राष्ट्रब्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने की अपील की गयी तथा 07 जुलाई को डकरा वीआईपी में होने वाले मजदूर कान्वेंशन मे शामिल होने का अग्रह किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कोरोना काल में जहां पुरा देश अपना जान बचाने में लगा हुआ था, वहीं केंद्र सरकार अपने मजदूर विरोधी एजेंडा को आगे बढ़ा कर हमारा 29 श्रम कानून समाप्त कर चार मजदूर विरोधी काला कोड ला दिया। इस श्रम कोड को लागु करने के लिए अध्यादेश भी निर्गत हो गया, अब यह कोड राज्य सरकार के पाले में आ गयी है, जब भी चाहे राज्य सरकार इसे लागु कर देगी। श्रम कोड लागु होते ही हमारा ,वेतन, बोनस, काम के घंटे, पुराने श्रम कानूनों द्वारा सुरक्षित अधिकार सारे खतरे में पड़ जायेगा। हम प्रबंधन के हिसाब से अपना आंदोलन कर सकेंगे, हमारी सारी स्वतंत्रता समाप्त हो जायेगी और जेबीसीसीआई भी नहीं रहेगा। इसलिए 09 जुलाई का हड़ताल बहुत जरूरी है, अगर हमें अपना अस्तित्व बचाना है, तो हर हाल में यह हड़ताल करना ही होगा।

## हिंडाल्को सीएसआर विभाग ने बहुउद्देशीय विकास भवन का किया उद्घाटन



मुरी (आजाद सिपाही)। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के अंतर्गत सिल्ली प्रखंड के बांसारूली पंचायत अंतर्गत मोदीडीह गांव में निर्मित विकास भवन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर हिंडाल्को के बिजनेस हेड सौरभ खेडेकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री खेडेकर ने कहा कि यह विकास भवन विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का केंद्र बनेगा, जिससे गांव के युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में हिंडाल्को के मुख्य निर्माण अधिकारी (सीएमओ) एनएन रॉय, क्लस्टर एचआर हेड शिशिर मिश्रा, प्लांट हेड संदीप पाटिल, एचआर हेड अरुण राय सहित कंपनी के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पंचायत के मुखिया लालू राम उरांव ने हिंडाल्को कंपनी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों से ग्रामीणों को सीधा लाभ लेगा।

## सोनाहातू में खरीफ फसल को लेकर कार्यशाला



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड सभागार में शुक्रवार को बीडीओ खगेश कुमार की अध्यक्षता में खरीफ फसल को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन बीडीओ खगेश कुमार, उपप्रमुख सविता देवी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी विष्णु खंडित ने संयुक्त रूप में दीप प्रज्वलित कर किया। तकनीकी प्रबंधक दीनानाथ भगत के द्वारा खरीफ मौसम में बोए जाने वाले बीजों के प्रकार, चयन, बीजोपचार करने मिट्टी जांच करने एवं कृषि विभाग द्वारा संचालित केंद्रीय एवं राज्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। बीडीओ के द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का समीक्षा करते हुए कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओ की जानकारी दिये। मौके पर प्रखंड के सहकारिता पदाधिकारी,मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, कृषक मित्र, प्रगतिशील किसानों एवं लैंप्स के सदस्य मौजूद थे। समापन उप प्रमुख सबिता देवी के द्वारा किया गया।

## राहे थाना में मुहर्रम को लेकर बैठक



राहे (आजाद सिपाही)। मुहर्रम पर्व को लेकर राहे थाना में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सीओ जया शंखी मुरमू ने सभी को मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की बात कही। साथ ही आपसी भाईचारा और सामुदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पुलिस ने व्हाट्सएप ग्रुप में भड़काऊ पोस्ट से बचने को कहा। मौके पर जिप सदस्य बादल महतो,उप प्रमुख उमेश महतो, एएसआई कुलदीप सिंह, अमजद अली, कासिम अंसारी, वकील आलम, बिलु ठाकुर, अक्षय महतो, देवगुण महतो, संजय महतो, सुभाष महतो आदि मौजूद थे।

## ट्रैक्टर चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ थाना क्षेत्र के लेपाटांड़ गांव से चोरी हुए एक ट्रैक्टर को ईचागढ पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया और चोरी में संलिप्त पश्चिम बंगाल के पुरूलिया जिला के टामना थाना क्षेत्र के नौराडीह गांव निवासी 23 वर्षीय तपानंद मंडल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि 2 मई 2025 को लेपाटांड़ गांव के किशोर उरांव का ट्रैक्टर को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक सरायकेला के द्वारा एक छापेमारी दल का गठन किया गया एवं गुप्त सुचना के आधार पर बंगाल के पुरूलिया जिला के टामना थाना अन्तर्गत नौराडीह से तपानंद मंडल को गिरफ्तार किया गया एवं पुछताछ कर ट्रैक्टर को भी सही सलामत बरामद किया गया। चोरी की घटना में शामिल अन्य आरोपी फरार है। बहुत जल्द सभी अपराध कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## प्रबंधन की कार्यशैली से नाराज ग्रामीणों ने बैठक का किया बहिष्कार



खलारी (आजाद सिपाही)। रोहिणी प्रबंधन की कार्यशैली से नाराज ढुब पेटपेट के विस्थापित ग्रामीणों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। रोहिणी प्रबंधन के द्वारा शुक्रवार को खदान विस्तारीकरण एव ग्रामीणों के पुनर्वास सहित अन्य मामलों को लेकर बैठक बुलाया था, जिसमें परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार, सर्वेयर सतपाल सिंह, एरिया भूमि राजस्व पदाधिकारी विकास चौधरी तथा तुमांग पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि एव रैयत विस्थापित बैठक में पंहुचे थे। लेकिन प्रबंधन के द्वारा बैठक की कार्रवायही शुरू करते ही ग्रामीणों ने प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए बैठक का बहिष्कार करते हुए सभी ग्रामीण बैठक से बाहर निकल गये। ग्रामीणों का कहना था कि प्रबंधन के द्वारा आजतक उनके पुर्नवास मुद्दे को लेकर कोई ठोस पहल नहीं कर रहा है और हमेशा बैठक के नाम पर ग्रामीणों को झूठा आश्वासन दिया जाता है, जिससे ग्रामीणों में काफी नाराजगी व्यक्त किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ढुब पेटपेट के पुर्नवास को लेकर अबतक समाधान करते करते कई परियोजना पदाधिकारी आये और स्थानांतरित होकर चले गये हैं, लेकिन ग्रामीणों के पुर्नवास का मामला ज्यों का त्यों पड़ा हुआ है और कोई कार्य आजतक आगे बढ़ता नहीं दिख रहा है। इसलिए ग्रामीण अब पुर्नवास के मुद्दे पर ठोस निर्णय पर ही प्रबंधन के साथ बात करेंगे। अब कोरे आश्वासन पर ग्रामीण मानने वाले नहीं है।

## पारा शिक्षक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैक्लुस्कीगंज निवासी सुरेंद्र दुबे ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक सुरेंद्र दुबे लपरा पंचायत के बहेरटांड़ मध्य विद्यालय में पारा शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार की रात्रि अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वे अपने बेटे सूरज दुबे के साथ घर में सोए हुए थे। सुबह जब सूरज की नींद खुली तो उसने अपने पिता को फांसी के फंदे से झूलते देखा। बेटे ने तत्काल फांसी का फंदा खोला और आसपास के लोगों को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी धनंजय बैठा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रांची भेज दिया। इधर स्थानीय लोगों ने बताया कि सुरेंद्र दुबे पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से व्यथित थे। पिछले वर्ष उनकी पत्नी की भी आकस्मिक मृत्यु हो गयी थी। लपरा शिव मंदिर परिसर में पूजा के दौरान आग लगने से उनकी पत्नी गंभीर रूप से झुलस गयी थीं और बाद में उनकी मौत हो गयी थी। उस घटना के बाद से ही वे गहरे अवसाद में चले गये थे। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। पूरे क्षेत्र में इस घटना को लेकर शोक की लहर है।

# चाईबासा में सुरक्षाबलों ने 30 आइइडी बरामद किया

## सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की साजिश को नाकाम किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**चाईबासा।** सुरक्षाबलों ने पश्चिमी सिंहभूम जिले के जंगली इलाके में नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने 30 आइइडी बरामद किये हैं, जो नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों के अभियान को विफल करने के लिए छुपाये गये थे।

सूचना के बाद, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ और एसएसबी की संयुक्त टीम ने टोकलो थाना और दलभंगा ओपी के सीमावर्ती जंगली पहाड़ी इलाके में सर्च अभियान शुरू किया। इस दौरान, सुरक्षाबलों ने 2-2 किलो के 30 आईईडी बरामद किए, जिनका उद्देश्य सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाना था।

नक्सलियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है, क्योंकि कई बड़े नक्सली नेता जैसे मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया और अश्विन अपने दस्ते के साथ सारंडा और कोल्हान क्षेत्रों में विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए सक्रिय हैं। सुरक्षाबलों द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियानों के दौरान सूचना मिली थी कि नक्सली संगठन के शीर्ष नेता अजय महतो अपने दस्ते के साथ सारंडा क्षेत्र में सक्रिय हैं। यह कार्रवाई सुरक्षा बलों की निगरानी और नक्सल गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण है।

## मुहर्रम को लेकर इटकी थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

# हाइकोर्ट की गाइड लाइन के तहत निकाला जायेगा जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता



**इटकी।** मुहर्रम को लेकर इटकी थाना परिसर में शुक्रवार को आयोजित शांति समिति की बैठक में सौहार्दपूर्ण वातावरण व हाइकोर्ट के गाइड लाइन के तहत मोहर्रम का जुलूस निकाला जायेगा। बैठक इटकी अंचलाधिकारी मो अनीस की अध्यक्षता में हुई। बैठक उपस्थित सभी अखाड़ा धारियों को उक्त दिशा निर्देश दिया गया। रानिखटंगा मुहर्रम कमिटी के द्वारा 8 जुलाई को मुहर्रम मनाया जायेगा। मुहर्रम का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु कई पहलुओं पर चर्चा की गयी। रानिखटंगा में कुद्दुस अंसारी के मार्ग दर्शन एवं तबरेज अंसारी के नेतृत्व में ताजिया के साथ जुलूस निकाली जायेगी। जुलूस रानिखटंगा से स्टेशन स्थित मुहर्रम मेला मैदान स्थल पहुंचेगी, जहां अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन व करतब दिखाया जायेगा। बैठक में इटकी सीओ सह दंडाधिकारी मो अनीस ने सरकार एवं हाइकोर्ट के गाइडलाइन के तहत सुरक्षा के दृष्टिकोण से झंडा, निशान के लिए बांस की ऊंचाई 13 फीट से अधिक नहीं लगाने का निर्देश दिया गया। ताजिया की ऊंचाई चार फीट, डीजे पूरी तरह से प्रतिबंधित है। अग्नेस्त्र का किसी भी तरह का प्रदर्शन करतब नही किये जाने की नसीहत दी गयी।

वहीं थाना प्रभारी मनीष कुमार ने मुहर्रम के त्योहार को भाईचारे और शांति का प्रतीक बताया। और समिति के सदस्यों से अफवाह या भ्रामक सूचना से बचने, किसी भी तरह के मामले की सूचना पुलिस प्रशासन देने की बातें कही । साथ ही कई दिशा-निर्देश भी दिये गये।

मुहर्रम का पर्व शांति, सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संकल्प दिलाया गया। इटकी का गंगा जमुनी तहजीब बरकार रहे ताकि समाज में एकता और भाईचारे का संदेश जाए। संचालन व धन्यवाद इटकी थाना प्रभारी मनीष कुमार ने। बैठक में आजसू जिला सचिव मो मुर्तजा आलम, रांची जिला महबीर मंडल ग्रामीण अध्ययक्ष अजित केशरी, राजकुमार तिर्की, वसीम एकबाल पम्मू, राजेन किस्पोट्टा, आजाद कुरेशी, मुद्दीन मंसूरी, अनुपम महतो, शिशु गोप, बबलू हासमी, मनोज गोप, थाना के एएसआइ मणिभूषण कुमार व जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न समुदायों के लोग उपस्थित थे।

# दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** विकास- रामपुर रिंग रोड ओवरब्रिज में हेसल कॉलोनी के पास सर्विस रोड में शुक्रवार की शाम में हुई दुर्घटना में बाइक सवार युवक सुरेंद्र भोगता (22) की घटना स्थल पर हीं दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक बीसा पंचायत के छोटकीगोड़ाग निवासी सीताराम भोगता का पुत्र था। वह गेतलसूद स्थित जीतून टेंट हाउस में काम करता था। बताया गया कि सुरेंद्र अपने पल्सर बाइक (जेएच 01 एफयू 7071) से रामपुर की ओर से रिंग रोड होते हुए गोंदलीपोखर की तरफ तेज रफ़्तार से आ रहा था। इसी दौरान ओवरब्रीज हेसल कॉलोनी के पास जैसे ही वह सर्विस रोड में उतरा उसकी बाइक नाला के किनारे से टकरा गयी और वह वहीं पर नाले में गिर गया, जबकि उसकी बाइक 200 मीटर दूर चली गयी। उसके गर्दन व पैर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। जानकारी मिलते ही समाजसेवी रामपोदो महतो एवं जलेश्वर महतो उर्फ मार्शल महतो मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस एवं परिजनों को दिया।

# मुहर्रम को लेकर करांजी में पुलिस का फ्लैग मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में मुहर्रम पर्व को लेकर प्रखंड में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु बेड़ो डीएसपी अशोक कुमार राम के नेतृत्व में शुक्रवार को बेड़ो पुलिस के द्वारा प्रखंड के करांजी गांव में फ्लैग मार्च निकाल कर त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था माहौल बनाये रखने की अपील की। मौके पर डीएसपी ने कहा कि मुहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा मुहर्रम पर्व को ले बिल्कुल शांति व्यवस्था बनाए रखें, ताकि आपसी भाईचारा कायम रहे। सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी मिल कर मोहर्रम का त्यौहार मनाएं। त्योहार के दौरान माहौल खराब करने वाले शरारती तत्वों को चिन्हित कर पुलिस प्रशासन द्वारा सादे लिवाज द्वारा विशेष नजर उन पर रहेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण किसी भी तरह की अफवाह में ना आये और वैसे कोई भी सूचना मिलती है, तो तत्काल पुलिस प्रशासन से संपर्क कर जानकारी दें। जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके। इसके पूर्व बेड़ो थाना परिसर में डीजे साउंड सिस्टम और लाइसेंसी एवं गैर लाइसेंसी अखाड़े के समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर हाइकोर्ट के निर्देश अनुसार तय डेसिबल सीमा में डीजे बजाने के लिए शपथ पत्र दिया गया। वहीं अखाड़ा के सदस्यों से शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन करने के साथ विधि व्यवस्था बनाए रखने निर्देश दिया गया। मौके पर इंस्पेक्टर उत्तम उपाध्याय एसआइ अनिल टोप्पो सहित कई लोग मौजूद थे।

# नगड़ी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। मौके पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि नगड़ी में मुहर्रम नहीं मनाया जायेगा। किसी भी तरह का जुलूस नहीं निकल जायेगा। मुहर्रम शांति सौहार्द और आपसी प्रेम भाव के साथ मिलकर मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर महेश्वर प्रसाद रंजन एवं मंच संचालन थाना प्रभारी अभिषेक कुमार राय धन्यवाद ज्ञापन एसआइ मनोज कुमार ने किया। मौके पर इंस्पेक्टर महेश्वर प्रसाद रंजन, नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय सहित दर्जनों शांति समिति के सदस्यों अपने अपने विचार व्यक्त किये। नगड़ी प्रशासन ने कहा कि नगडी प्रशासन आपके साथ में है। मौके पर मुख्य रूप से प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव तपेशवर केसरी चुड़ामणि महतो, हाजी साकिर, बालकरन महतो, शीला देवी, गुलरेज अंसारी, अब्दुल गफ्फार, मनोज महतो, हाजी रकीब, मो हाशीम अंसारी, कुलदीप तिवारी, यासीन अंसारी अब्दुल कुदूश, सत्यनरायन, हजाम, भोला केसरी उपस्थित थे।

# बनादाग गेतलसूद में चल रहा क्रेशर प्लांट रातों-रात गायब

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के बनादाग गेतलसूद में चल रहे एक क्रेशर प्लांट को रातों रात गायब कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में क्रशर मालिक सदर थाना क्षेत्र के बांधगाड़ी ढीपाटोली निवासी विनोद कुमार ने शुक्रवार की शाम अनगड़ा थाना में रामानुज पांडेय नामक व्यक्ति के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है।

बताया गया कि क्रेशर मालिक विनोद सिंह एवं उनके दो अन्य पार्टनर द्वारा इकरारनामे पर क्रशर संचालन का जिम्मा चापुटोली पुंदाग निवासी रामानुज पांडेय को दिया था। 10 जुलाई 2025 को खनन पट्टे की अवधि समाप्त होने वाली है। इसको ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को विनोद कुमार अपने खनन स्थल पर पहुंचे तो देखा कि क्रेशर का प्राइमरी एवं सेकेंडरी मशीन एवं 100 एचपी का मोटर सहित कई अन्य सामग्री वहां से गायब है, वहीं रामानुज पांडेय व अन्य कर्मचारी भी वहां कहीं नजर नहीं आये। विनोद कुमार ने कहा कि उन्होंने या उनके किसी अन्य पार्टनर के द्वारा पूर्व में वहां से क्रेशर प्लांट हटाने का कोई आदेश नहीं दिया गया है। उन्होंने दावा किया है कि रामानुज पांडेय के द्वारा धोखाधड़ी और अमानत में खयानत कर क्रेशर प्लांट के मशीनों की चोरी कर ली गयी है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चोरी की इस घटना में अन्य अज्ञात लोगों की भी संलिप्तता हो सकती है। मामले को लेकर अनगड़ा थाना प्रभारी हीरालाल साह ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। फोटोः-इसी क्रशर प्लांट के मशीनों की चोरी कर ली गयी है।

# जगन्नाथ महोत्सव 2025 में तनुश्री रॉय ने प्रस्तुति दी



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** झारखंड सरकार द्वारा जगन्नाथपुर रथ मेला धुर्वा, रांची में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम जगन्नाथ महोत्सव 2025 में पिठोरिया की तनुश्री रॉय ने भी अपने कलादल के सदस्यों के साथ प्रस्तुति दी। तनुश्री की टीम में नीरज, तमन्ना, श्रीता, दृष्टि एवं स्पृहा शामिल थे। इनकी टीम के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम मैं कथक नृत्य पेश किया गया। तनुश्री ने अपने कलादल के सदस्यों के साथ शुरुआत में शिव वंदना किया ओर फिर अंत में कृष्ण भजन के द्वारा दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह महोत्सव एक से छह जुलाई तक आयोजित है। तनुश्री सुतियांबे, पिठोरिया निवासी हराधन रॉय व भानु रॉय की सुपुत्री हैं।

# एसबीआइ बेड़ो में एटीएम छह माह से ठप, उपभोक्ता हलकान

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** भारतीय स्टेट बैंक बेड़ो का एटीएम मशीन पिछले छह माह से बंद पड़ा है। इसमें पैसे नहीं होने के कारण एसबीआई बैंक के स्थानीय खाताधारियों को पैसे की निकासी को लेकर भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इधर इस संदर्भ में इन समस्याओं से मुक्ति पाने के लिए जद्दोजहद कर रहे परेशान ग्रामीणों ने भारतीय स्टेट बैंक के बेड़ो शाखा प्रबंधक को लिखित आवेदन सौंपा है। जिसमें ग्रामीणों ने एटीएम को सुचारू रूप से शुरू करने का मांग किया है। ग्रामीणों ने कहा कि पिछले 6 महीनों से एटीएम काम नहीं कर रहा है। एटीएम के लंबे समय तक बंद रहने से स्थानीय निवासियों, खासकर वरिष्ठ नागरिकों और दिहाड़ी ॅमिजदूरों के लिए बड़ी मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। जो नियमित रूप से नकदी निकालने के लिए इस सुविधा पर निर्भर रहते हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के ग्रामीणों को भारतीय स्टेट बैंक पर बहुत भरोसा है। भारत के सबसे बड़े और सबसे भरोसेमंद बैंकों में से एक होने के नाते, एसबीआई ने हमेशा आम लोगों की बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमें उम्मीद है कि बैंक इस मुद्दे को गंभीरता से लेगा और इस आवश्यक सेवा की जल्द से जल्द बहाली सुनिश्चित करेगा।

# स्वामी विवेकानंद को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** जैक कार्यालय के समीप स्वामी विवेकानंद क्रीड़ा मैदान में शक्रवार को स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह एवं प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बरगावां की प्रधानाचार्य ज्योति कुमारी, सभी शिक्षक और बच्चों ने मैदान में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माला एवं पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय एवं आरडीएस पब्लिक स्कूल के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मौके पर मनोज सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत ही नही, पूरे विश्व में अपने विचारों के कारण आज भी याद किए जाते है। कहा कि उन्होंने जीवन जीने के लिए कुछ संदेश दिए है। जिसमें लक्ष्य निर्धारित करने, एक समय में एक काम, जब तक जीना तब तक सीखना, नारी का सम्मान, दूसरों के प्रति दया-भाव है। उन्होंने बच्चों से यह पांच संदेश को अपने जीवन में उतारने की अपील की।

प्राचार्य ज्योति ने स्वामीजी को भारतीय संस्कृति का अप्रतिम योद्धा बताते हुए कहा कि स्वामी जी का जीवन जितना सरल और सादा था, उनकी सोच और उनके विचार उतने ही ऊंचे थे। उनका चिंतन बिल्कुल स्पष्ट और दूरगामी परिणाम वाला था। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणा श्रोत है। उनके बताये मार्ग पर चलना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में नीलम देवी, अनिल कुमार, अरविंद कुमार, ज्योति गुप्ता, कृष्णा कुमार, बीएड प्रशिक्षु शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं की भागीदारी रही।

# नगड़ी प्रखंड कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शुक्रवार को मेहता बैंक्वेट हॉल निपुण टिकरा टोली में नगड़ी प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक की गयी।

बैठक के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सह रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के प्रभारी शाहजादा अनवर, विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अजय नाथ शाहदेव थे। उन्होंने संगठन सृजन और सशक्तिकरण पर अपनी बातों को रखा और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया साथ हो प्रखंड के नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

इस बैठक में संगठन सृजन अभियान-2025 पर चर्चा और संगठन की भावी रणनीतियों की जानकारी दी गयी। बैठक में कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षण भी दिया गया साथ ही प्रखंड के नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपी गयी। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन प्रखंड अध्यक्ष सहाबीर लोहरा ने किया।

बैठक में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, प्रदेश सचिव सह नगड़ी प्रखंड के पर्यवेक्षक बेलस तिर्की, निलेशजी, सुनील उरांव, राम बरन महतो, फिरोज आलम, शाहिद अहमद, महिला अध्यक्ष ऊषा देवी, मंडल अध्यक्ष अख्तर अंसारी, संजय सरैया, अर्चना देवी, रायमुनी किस्पोट्टा, नीलम तिग्गा, जतरी देवी, निरुपमा, लक्ष्मी देवी, शैली हेरेंज, मकसूद अंसारी, महावीर नायक, रोशन कुजूर, एनामुल अंसारी, गुलशन टोप्पो, स्टीफन, मास्टर शाहिद, सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जमनी महुआ टोली गांव जाने वाली सड़क बदहाल, कीचड़ में चलने को ग्रामीण मजबूर

आजाद सिपाही संवाददाता



जमनी महुआ टोली गांव जाने वाली बदहाल सड़क।

**बेड़ो।** देश भले ही वैश्विक स्तर पर सफलताओं के नए आयाम और कीर्तिमान स्थापित कर रहा हो मगर ग्रामीण क्षेत्र के गांव में आज भी कच्ची रास्ते बदहाल है। सरकारें भले ही विकास शील होने का दावा के साथ सड़क का जाल बिछाने का ढिंढोरा पिट रही हो मगर जमीनी हकीकत यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी आजादी के 77 वर्ष बीत जाने के बाद भी मूलभूत सुविधाओं के नाम पर केवल आश्वसान की घुट्टी पिलाई जा रही है। जहां विकास के इस दौर में हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ने के बड़े-बड़े दावे हो रहे हों। वही वर्षा होने के साथ ही गांव की कच्ची सड़क बदहाल हो गयी, जिससे बेड़ो प्रखंड के जमनी महुआ टोली गांव के लोगों की मुश्किले काफी विकराल हो गयी है। महुआ टोली गांव के स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को जहां पक्की सड़के न होने की वजह से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण कई बार सड़क निर्माण के लिए मांग कर चुके हैं इसके बाद भी सड़क निर्माण की दिशा में अभी तक कोई पहल नहीं किया गया। इसको लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्षा की शुरूआत होते ही कीचड़ की समस्या बनी रहती है। कीचड़ की वजह से आए दिन कोई ना कोई दोपहिया वाहन चालक व पैदल आने जाने वाले राहगीर फिसल कर गिरते रहते हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि वर्षा के दिनों में कीचड़ की समस्या रहती है। गांव की सड़क पर कीचड़ होने से ग्रामीण बेहद परेशान रहते हैं।

कीचड़ भरे रास्ते से गुरजने वाली महिलाएं एवं स्कूली बच्चे भी परेशान हैं। ग्रामीणों को साप्ताहिक बाजार व प्रखंड कार्यालय जाने में बहुत परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने जन प्रतिनिधियों व प्रखंड प्रशासन से महुआटोली गांव जाने वाली सड़क को बनवाने की मांग की है।

# लापुंग प्रखंड में आवास निर्माण नहीं करनेवाले को बीडीओ ने नोटिस दिया

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मे प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज द्वारा दाड़ी पंचायत मे प्रधानमंत्री आवास व अबुआ आवास योजना का कार्य नहीं कर रहे लाभुकों का आवास का निरिक्षण किया गया। इसमें प्रखंड समन्वयक, पंचायत सचिव, मुखिया सुमिला मिंज एवं वार्ड उपस्थिति थे। लाभुकों को नोटिस दिया गया एवं दो दिनों के अंदर प्लीथ तक का कार्य करने का निर्देश घर घर जाकर दिया गया। आवास निर्माण का कार्य नहीं करने पर उनके विरुद्ध कानूनी करवाई करने की चेतावनी दी गयी है। दाड़ी पंचायत की जितनी देवी, सुमुंति देवी, जिदिया उराव, बाहलेन बारला, उमा देवी, फगनी मुंडाइन, दीपिका कुमारी, बिरसा मुंडा, सोनामती देवी, करमी देवी, दिबरी हेरेंज, सुगिया उराइन के अलावा अन्य लाभुकों को आवास का यथा शीघ्र निर्माण करने का आदेश दिया गया।

# लापुंग में 150 किसानों के बीच मडुआ और उड़द बीज का वितरण किया गया

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में किसानों को सिंगल विंडो में पूर्ण अनुदान में उरद और मडुवा बीज 150 किसानों के बीच वितरित किया गया। वितरण प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, बीएओ मो आरिफ, विधायक प्रतिनिधि, सुदामा महली, जन्मेजय पाठक, लखन साहु, पंचायत अध्यक्ष फिरू साहू ने संयुक्त रूप से सभी पंचायत के किसानों को किया। सुशीला बरला, बोनीफास कोंगाडी, जनार्दन महतो, अजय कुमार, महावीर साहू तथा भारी संख्या में किसानों ने बीज वितरण का लाभ उठाया।

### मिर्च की कीमत में गिरावट, किसानों ने कहा
# लागत निकालना भी हुआ मुश्किल प्रशासन से राहत पैकेज की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**जारी।** जारी प्रखंड के आसपास के क्षेत्रों में कई एकड़ मिर्च लगाई गयी है जिससे किसान इस समय अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहे हैं। वही किसान अलीमुद्दीन खान ने जानकारी देते हुए बताया कि मिर्च की कीमतों में भारी गिरावट के कारण हमलोगों का कमर टूट गयी है। 70 रुपये प्रति किलोग्राम बिकने वाली मिर्च अब मात्र 10 से 15 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर आ गयी है, जिससे किसानों के लिए अपनी लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है। कई किसानों ने हताशा में अपनी मिर्च की फसल को खेतों में ही सड़ने के लिए छोड़ दिया है। इतना ही नहीं, जिन किसानों ने फसल तोड़ी है, उन्हें भी उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, जिसके कारण वे अपनी तोड़ी हुई फसल को बोरियों सहित कम दाम में बेचने को मजबूर हैं। यह स्थिति किसानों की दयनीय हालत को दर्शाती है और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि लागत में लगातार वृद्धि हो रही है, जबकि फसल के दाम लगातार गिर रहे हैं। रोपाई से लेकर तुड़ाई तक का खर्च और फिर मंडी तक पहुंचाने का किराया, सब मिलाकर उन्हें भारी घाटा हो रहा है। इस स्थिति से परेशान किसान ने जिला प्रशासन और झारखंड सरकार से तत्काल हस्तक्षेप और राहत पैकेज की मांग कर रहे हैं ताकि वे इस संकट से उबर सकें।

## बैजनाथ जालान कॉलेज सिसई के पूर्व एनसीसी सीटीओ को दी गयी विदाई



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई मे कार्यक्रम आयोजित कर एनसीसी के पूर्व सीटीओ डॉ निसार अहमद को विदाई दी गयी। डॉ निसार ने महाविद्यालय मे सीटीओ के रुप में जनवरी 2023 से जनवरी 2025 तक दो वर्ष रहे। विदाई समारोह में प्रभारी प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती ने कहा कि डॉ निसार अहमद ने सीटीओ के रुप मे कार्य करते हुए एनसीसी को अलग पहचान दिलाया। स्वयं के खर्च से प्रोत्साहित कर सफलता दिलायी। इसके कार्य काल में महाविद्यालय के ग्यारह कैडेट का चयन अग्निवीर में हुआ। वहीं दो कैडेट का चयन होमगार्ड में हुआ है। डॉ निसार अहमद ने कहा मै डर से कांलेज में एन सी सी कैडेट नहीं बना। पर महाविद्यालय में सीटीओ बना तो आत्मविश्वास बढ़ा। शुरू में परेशानी हुई पर हर परेशानी को देखते हुए महाविद्यालय मे एन सी सी कैडेटों को आगे बढ़ाने का काम किया है। जिससे कैडेट भी साथ चल कर मेहनत किया। आज जिसका फल मिल रहा है। कार्यक्रम का संचालन वर्तमान सीटीओ डॉ श्रवण कुमार तिवारी ने किया। मौके पर डॉ रंजीत कुल्लू, डॉ पारंगत खलखो, प्रो सुदीप्ति खुशबू लकड़ा, डॉ अरुण कुमार दास, सुरेश साहु,प्रो विनीता गुड़िया, प्रो करम ओडेया, डॉ कीर्ति मिंज, डॉ दीपक कुमार,प्रो अरविंद प्रसाद, डॉ बिष्णु देव तिवारी,डॉ इंद्रजीत राम, प्रो सुनिता कुमारी,प्रो कृष्णा कुमार आर्या, जगरनाथ साहु साहु सहित कई लोग शामिल थे।

## खीरा खांड में मृत बच्चों के परिजनों को पंचायत समिति सदस्य ने दिया सहयोग का भरोसा



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड के नवागढ़ पंचायत के खीरा खांड गांव में करीब एक वर्ष पूर्व खेलने के क्रम में पुआल से जलकर तीन बच्चों की मौत हो गयी थी। मामले को लेकर परिवार के लोगों ने प्रखंड प्रशासन से सहयोग की गुहार लगायी थी। प्रखंड प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को सिर्फ आश्वासन मिला आज तक किसी प्रकार की सुविधा और सहयोग नहीं मिल पाया। वही कोई भी प्रशासनिक अधिकारी आज तक परिवार की सुध लेने गांव नहीं पहुंचा। परिवार के लोग थक हार कर चुप हो गये। बता दे कि एक वर्ष पूर्व तीन मासूम बच्चे गांव के समीप पुआल के पास खेल रहे थे तभी माचिस से पुआल में एक बच्चे ने आग लगा दी देखते ही देखते धू धू कर पुआल जलने लगा और तीनों बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए तीनों को तत्काल सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के उपरांत तीनों को रिम्स रेफर कर दिया गया। सोमरा खड़िया के चार वर्षीय पुत्र निर्मल खड़िया की सदर अस्पताल में ही मौत हो गयी। कुछ दिनों बाद रिम्स में इलाज के क्रम में लोदो खड़िया का चार वर्षीय पुत्र अनीश खड़िया और तेतरु खड़िया की 4 वर्षीय पुत्री सोनी खड़िया की इलाज के क्रम में मौत हो गयी। गुरुवार की अपराह्न 4 बजे पंचायत समिति सदस्य हिमांशु गुप्ता पीड़ित परिवार से मिले और सहयोग का आश्वासन दिया साथ ही वीडियो प्रधान हांसदा को आवेदन देते हुए पीड़ित परिवार को सहयोग की गुहार लगायी है।

## राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय के जर्जर भवन का प्रखंड प्रमुख -बीडीओ ने लिया जायजा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोड़ेदाग का चार जर्जर कमरा के नीचे छोटे-छोटे मासूम बच्चों के पढ़ने की खबर राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में तीन जुलाई को प्रमुखता से खबर प्रकाशित हुआ था इसपर संज्ञान लेते हुए शुक्रवार की दोपहर को सिसई प्रखंड प्रमुख मीना देवी, उप प्रमुख निलेश उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव सहित 15 वें वित्त के प्रखंड समन्वयक प्रवीण कुमार विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। विद्यालय पहुंचते ही विद्यालय परिसर का साफ सफाई विद्यार्थियों की उपस्थिति और अनुशासन को देखकर भारी उत्साहित हुए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनमोहन मिश्रा ने आंख में आंसू भरते हुए विद्यालय के जर्जर भवन और अन्य सभी परेशानियों को बताया। जहां उन्होंने कहा इन सभी गरीब बच्चों का भविष्य को बचा लीजिए। इस विद्यालय के आसपास नजदीक में और कोई विद्यालय नहीं है। जिसके कारण इस क्षेत्र के सभी विद्यार्थी कक्षा एक से दसवीं तक के पढ़ाई करने के लिए आते हैं। वहीं उन्होंने बताया कि विद्यालय में शिक्षकों का अभाव है जिसके कारण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में परेशानी हो रही है। विद्यालय में कुल 7 रूम है जिसमें से चार रूम की स्थिति बहुत ही खराब है वहीं तीन रूम ठीक ठाक है जिसमें एक रूम में कार्यालय और दो रूम में कक्षा नौवीं और दसवीं के विद्यार्थी बैठते हैं।

# गुमला में अतिक्रमण हटाने का विरोध, प्रदर्शन, नगर परिषद कर्मियों से हाथापाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला के जशपुर रोड स्थित डेली मार्केट में शुक्रवार को एक बार फिर से हाई वाल्टेज ड्रामा चला। रिमझिम वर्षा के बीच नगर परिषद के अधिकारी और कर्मियों ने डेली मार्केट में लगे दुकानों को हटाने का आदेश दे दिया। जबरन दुकान हटवाने पर दुकानदार और नगर परिषद कर्मियों क बीच हाथापाई भी हो गई। घटना में दो लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज हेतु सदर अस्पताल भेजा गया। जिसके विरोध में सब्जी दुकानदारों ने रोड पर उतर कर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन के कारण आवागन बाधित हो गया। वर्षा के कारण महिलाएं छाता लेकर रोड पर प्रदर्शन कर रही थी। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों से बहस होने लगा। नगर परिषद की ओर से अधिकारी कर्मचारी और पुलिस तथा दुकानदारों की ओर से राजनीतिक सामाजिक एवं व्यापारिक संगठन के लोग उतर गए। चेंबर आफ कामर्स के पूर्व अध्यक्ष व कांग्रेस नेता रमेश कुमार चीनी ने कहा कि नगर प्रशासन के ठेकेदार प्रत्येक दिन दुकानदारों से टैक्स लेता है। इसलिए यह दुकान अवैध नहीं हो सकता है। उधर प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन के अध्यक्ष देवकी देवी ने कहा कि नगर प्रशासन बरसात में गरीबों को परेशान कर अन्याय कर रही है। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सब्जी दुकान से गरीबों का रोजी रोटी चल रहा है। प्रशासन और सब्जी विक्रेताओं के हाई वाल्टेज ड्रामा के कारण डेली मार्केट कीचड़ में तब्दील हो गया। वही नगर परिषद ने दो जेसीबी लगाकर पूरे मार्केट को तहस-नहस कर दिया जिससे पूरा मार्केट कीचड़ में तब्दील हो गया। शुक्रवार को कुछ देर के लिए दुकान नहीं लगी। शाम में कुछ दुकाने खुलने लगी थी।

# मुख्यमंत्री के दरबार में पहुंचा बसिया दलमादी लीज खनन का मामला

**जिला परिषद सदस्य ने मुख्यमंत्री को आवेदन देकर लगायी न्याय की गुहार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बसिया क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडुंग ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर बसिया प्रखंड के मौजा दलमादी में अवैध तरीके से किये गये लीज को रद्द करने की मांग की। उन्होंने नियम के विरुद्ध इस कार्य में संलिप्त पदाधिकारियों के खिलाफ कारवाई की भी मांग की है। मुख्यमंत्री को दिए आवेदन में उन्होंने कहा कि तिजराज बिल्डकॉन के द्वारा बसिया अंचल के मौजा दलमादी से गलत वंशावली बनवाकर दिनांक 27 जनवरी 2023 को जमीन का लीज एकरारनामा के तहत कराया और 31 जनवरी 2024 को लीज पट्टा स्वीकृत करा लिया गया है।

**आदिवासी भूमि पर गैर आदिवासी को नहीं दिया जा सकता खनन लीज पट्टा :** जिप सदस्य ने कहा कि गुमला जिला पांचवी अनुसूची क्षेत्र से सम्बंधित जिला है जिसमे पांचवी अनुसूची के प्रावधानों के अनुसार कोई भी गैर आदिवासी व्यक्ति आदिवासी की जमीन को न तो खरीद सकता है और न खनन पट्टा के लिए लीज ले सकता है। थाना क्षेत्र की बाध्यता का भी उलंघन किया गया है। आवेदन में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए बताया गया है कि 11जुलाई 1997 समता जजमेंट के अनुसार भी स्पष्ट है कि आदिवासी की जमीन को गैर आदिवासी को लीज या खरीदगी नही किया जा सकता है। सीएनटी एक्ट 1908 में भी स्पष्ट उल्लेख है कि आदिवासी की जमीन को लीज या खरीदगी गैर आदिवासी के द्वारा नही किया जा सकता है फिर भी यहां लीज दे दिया गया।

**इस अवैध खनन पट्टा देने में उपायुक्त- खनन पदाधिकारी व अंचलाधिकारी की रही है अहम भूमिका :** इस अवैध लीज देने में तत्कालीन उपायुक्त गुमला, खनन कार्यालय गुमला, अंचल अधिकारी बसिया सभी की अहम भूमिका रही है। संवैधानिक नियमो को दरकिनार करते हुए उक्त सभी अधिकारी पदाधिकारियो ने उक्त खनन पट्टा को स्वीकृति दी है। खतियानी रैयतों द्वारा उक्त लीज को रद्द करने हेतु तत्कालीन उपायुक्त को लिखित आवेदन दिया गया था जिसमें खनन पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को जांच की जिम्मेदारी सौपी गयी थी।

**मोटी रकम लेकर उल्टा रिपोर्ट बनाने का है आरोप**

आवेदक ने बताया कि उन पदाधिकारियों के द्वारा मेसर्स तिजराज बिल्डकॉन के विकास कुमार व दीपक प्रसाद से मोटी रकम लेकर जांच को प्रभावित करते हुए जांच में लीपा पोती कर खनन कम्पनी के पक्ष में जांच रिपोर्ट बना दिया गया है। जिप सदस्य ने मुख्यमंत्री से खनन पट्टा को रद्द करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने और दोषी उपायुक्त, जिला खनन पदाधिकारी एवम अंचल पदाधिकारी के विरुद्ध न्याय संगत कारवाई करने की मांग की है।

## पुसो में आदिवासी मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म, केस दर्ज

**सिसई (आजाद सिपाही)।** पुसो थाना प्रभारी प्रकाश तिर्की ने बृहस्पतिवार रात 8:00 बजे के आसपास जानकारी देते हुए कहा कि पुसो थाना क्षेत्र के एक आदिवासी महिला द्वारा थाना में आवेदन देते हुए बताया गया है कि बीते 1 जुलाई 2025 को उसकी 5 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है। दुष्कर्म एक नाबालिक किशोर ने किया है। यह घटना उस समय घटी जब बच्ची नहाने के लिए डोभा गई हुई थी। उसी समय नाबालिक किशोर ने मिठाई खिलाने का लालच देकर बच्ची को झाड़ियों में ले गया और बच्ची के साथ दुष्कर्म कर दिया। बच्ची ने जब सारा मामला अपनी मां को बतायी तो लोक लाज के डर से उन्होंने तुरंत पुसो थाना को इसकी सूचना दी। सूचना के आधार पर पूसो थाना प्रभारी के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्ची को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है।


# सड़क चौड़ीकरण की मांग को लेकर चैंबर ने उपायुक्त से की मुलाकात, मांगपत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शुक्रवार को गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधि मंडल चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में गुमला उपयुक्त से उनके कार्यालय में मुलाकात किए और गुमला के समस्याओं से संबंधित एक मांग पत्र भी सौंपा इस मांग पत्र में मुख्य रूप से दो बिंदुओं का उल्लेख किया गया है। गुमला शहर में वाहनों की संख्या बढ़ने की वजह से ट्रैफिक व्यवस्था में दिक्कत होने लगी है इससे निजात पाने के लिए सिसई रोड कर्मडीपा से लेकर चंडाली बाइपास तक सड़क का चौड़ीकरण करा दिया जाये जिससे वाहनों का आवा जाही में काफी सुविधा होगी। भवन निर्माण से संबंधित दैनिक मजदूरों को पालकोट रोड में खुले में जमा रहना पड़ता है बरसात या गर्मी में काफी दिक्कत होती है इसलिए कहीं पर स्थाई मजदूर पड़ाव की व्यवस्था की जाये। मौके पर चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, सचिव बबलू वर्मा, पूर्व अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, कार्यकारणी के दिलीप गुप्ता और रितेश कुमार उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सीरीज के मीडिया राइट्स की बिक्री भी टाल दी है। पहले 7 जुलाई को टेक्निकल बोली और 10 जुलाई को फाइनेंशियल बोली होनी थी।

# भारत का बांग्लादेश दौरा तय समय पर नहीं होगा

एजेंसी



**ढाका/ नयी दिल्ली।** भारत का बांग्लादेश दौरा अब तय समय पर नहीं होगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भले ही आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाली वनडे और टी20 सीरीज की तैयारियां रोक दी गयी हैं। माना जा रहा है कि भारत और बांग्लादेश के बीच हाल ही में बिगड़े रिश्तों और सुरक्षा की वजह से यह फैसला लिया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सीरीज के मीडिया राइट्स की बिक्री भी टाल दी है। पहले 7 जुलाई को टेक्निकल बोली और 10 जुलाई को फाइनेंशियल बोली होनी थी। लेकिन अब बोर्ड ने तय किया है कि वह पहले पाकिस्तान सीरीज (17-25 जुलाई) के लिए मीडिया राइट्स बेचेगा और फिर बाकी मैचों के लिए फैसला लेगा। एक हफ्ते पहले बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा था कि दौरे में आने से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) को अपनी सरकार की मंजूरी का इंतजार है।

**बीसीसीआइ ने भी मना किया, कोई तारीख तय नहीं :** क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक बीसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि भारत ने अगस्त में दौरे के लिए मना कर दिया है। बीसीसीआइ ने फिलहाल कोई पक्की तारीख नहीं दी है। हालांकि, अगले हफ्ते तक इस पर आधिकारिक बयान आ सकता है।

**सरकार की सलाह के बाद बीसीसीआइ ने फैसला लिया :** भारत सरकार ने मौजूदा हालात को देखते हुए बीसीसीआइ को बांग्लादेश दौरे से बचने की सलाह दी है। हालांकि, यह सलाह सिर्फ द्विपक्षीय सीरीज के लिए है। बांग्लादेश में आए दिनों हिंसा के मामले हो रहे हैं। ऐसे में भारतीय टीम को बांग्लादेश भेजना सही नहीं हैं। 3 जून को भारत सरकार ने पाकिस्तान की हॉकी टीम को एशिया कप के लिए बिहार आने की अनुमति दी है, जो 29 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर में होगा। ऐसे में एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के मैच को लेकर संभावना बढ़ गयी हैं।

## विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण



**जारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना से प्राप्त 11 साईकिल का वितरण शुक्रवार को प्रखंड संसाधन केंद्र जारी मे बीइइओ प्रीति कुमारी कुजूर और बीपीएम सरफराज अंसारी के द्वारा नि:शुल्क वितरण किया गया। बीपीएम सरफराज अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड शिक्षा परियोजना के द्वारा सामान्य जाति के बालक बालिकाओं को जो वर्ग आठ मे सत्र 2023-2024 में अध्ययनरत थे उन्हें साइकिल वितरण किया गया। साइकिल प्राप्त कर समान्य जाति के बच्चों मे खुशी देखी गयी। बच्चों ने कहा कि हमलोगों को सामान्य जाति होने के कारण साइकिल नहीं मिल रहा था लेकिन अब हमलोगों को भी साईकिल मिल रहा है। अब हमलोग साइकिल से ही स्कूल आना जाना करेंगे। वहीं बीइइओ प्रीति कुमारी कुजूर ने बच्चो से कहा कि अब आपलोगों स्कूल समय पर जा सकेंगे क्योंकि अब आपलोगों को साइकिल मिल गया। सरकार के द्वारा पढ़ाई के लिए हर तरह का प्रयास कर रही है जिसका आप लोगो फायदा उठायें। कहा कि सरकार शिक्षा पर विशेष जोर दे रही है आपलोग दूर दराज से स्कूल आते जिससे स्कूल आने मे विलंब हो जाती है इसका ख्याल रखते हुए सरकार के द्वारा नि:शुल्क साईकिल का वितरण किया गया। मौके पर बीआरपी रीना कुमारी, निर्भय कुमार, सेवन्ती कुमारी सीआरपी दिनेश नन्द माताशरण कुजूर आदि उपस्थित थे।

## जरडा पंचायत का डीटीओ ने किया निरीक्षण



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के जरडा पंचायत में शुक्रवार को डीटीओ गुमला राकेश कुमार गोप के द्वारा निरीक्षण किया गया। सबसे पहले आंगनबाड़ी केंद्र भीखमपुर की मध्यान भोजन की जांच की गयी और बच्चों की हाइट वजन को मापने सहित रजिस्टर एवं उपस्थित चेक किया गया। स्वास्थ्य केंद्र भीखमपुर का निरीक्षण करते हुए दवाई भी की जानकारी ली और साफ सुथरा रखने की बात कहा। ततपश्चात बरवाडीह में लाभुक जंतरी देवी का सरकार द्वारा बन रहे अबुआ आवास को जल्दी से ढालने की बात कही। मनरेगा कूप निर्माण लाभुक नीरा देवी को कुआं को जल्दी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। पीडीएस दुकान जरडा नूरी महिला समूह की वितरण और स्टॉक की रजिस्टर भी चेक किया गया और कहा कि पीडीएस दुकान रोजाना खोलने की बात कही। साथ में उपस्थित जरडा पंचायत के मुखिया विनय एक्का, बीपीओ आजाद कुमार, पंचायत सेवक अमित कुमार साहू, अरुण साहू , प्रदीप लकड़ा,रोजगार सेवक परशुराम मौके पर साथ थे।

## विद्यार्थियों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती का प्रशिक्षण मिला



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड थाना क्षेत्र के शिवनाथपुर पंचायत में स्थित प्रस्तावित कुड़ुख विद्यालय में त्रिमूर्ति प्लांट साइंसेज प्रालि के प्रोडक्ट डेवलपमेंट ऑफिसर संजय कुमार राय व स्कूल के प्रधानाध्यापक सुकरु उरांव के द्वारा कक्षा नौवीं और दसवीं के छात्रों को मक्का की खेती करने के लिए खेत में प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। खेतों में बीज बोने की दूरी को बताया गया। रो टू रो, 60 सेंटीमीटर और प्लांट टू प्लांट की दूरी 20 सेंटीमीटर पर मक्का लगा कर बतलाया गया। किसान परिवार से आने वाले छात्रों ने खेती की वैज्ञानिक पद्धति को देखकर बेहद खुश और प्रभावित हुए। छात्रों ने कहा कि हम सभी अपने अपने घरों में भी वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के लिए घरवालों को प्रेरित करेंगे। संजय राय ने बताया कि इस विधि से खेती करने पर किसानों की आय दोगुनी हो जाती है। सभी छात्र वैज्ञानिक विधि से खेती करने की बातें कहीं।

## अमरनाथ तीर्थ यात्रियों का पहला जत्था रवाना

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला से अमरनाथ तीर्थ यात्रियों का पहला जत्था विगत 24 जून को बाबा बफार्नी के दर्शन हेतु प्रस्थान किया था। इस समूह में गुमला से कुल 52 तीथर्यात्रियों ने श्री अमरनाथ यात्रा के प्रथम दिवस पर भगवान अमरनाथ के सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक दर्शन प्राप्त कर समस्त गुमलावासियों के खुशहाली की कामना की। जानकारी रविन्द्र सिन्हा ने दी।

## बीडीओ ने राशन दुकानों का किया निरीक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी दिनेश कुमार ने घाघरा प्रखंड के तीन राशन दुकान का निरीक्षण किया। इस क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार रुकी गांव स्थित बिहारी उरांव, पोढ़ा गांव के वासुदेव उरांव, और छोटाअजियातु के विजेंद्र साहू के राशन दुकान का निरीक्षण किया। इस क्रम में तीनों दुकान बंद पाया। वही दुकानों के बाहर दीवार लेखन नहीं रहने पर फटकार भी लगाया। दूरभाष पर संपर्क करने पर छोटाअजियातु के राशन डीलर विजेंद्र साहू राशन दुकान पहुंचे। जहां बीडीओ ने स्टॉक पंजी वितरण पंजी, स्टॉक की जांच की। इसके साथ ही साफ सफाई, दीवाल लेखन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके साथ ही लाभुकों से ससमय राशन मिलने की जानकारी भी ली। साथ ही सभी डीलरों को समय पर राशन का वितरण करने राशन दुकानों को खोलने व कई अन्य संबंधित दिशा निर्देश दिया। मौके पर कनीय अभियंता सतीश कुमार बंसल सहित कई ग्रामीण लाभुक उपस्थित थे।

## देवाकी बाबा धाम प्रबंधन समिति की बैठक आज

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** देवाकी बाबा धाम प्रबंधन समिति की बैठक 5 जुलाई को मंदिर प्रांगण में रखी गयी है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए समिति के सचिव किशोर कुमार जायसवाल ने बताया कि सावन के पावन माह को देखते हुए प्रबंधन समिति की बैठक रखी गयी है। जहां सावन माह में आने वाले श्रद्धालुओं सहित मेला के अलावा कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात किया जायेगा। बैठक का समय दोपहर 3 बजे रखा गया है। उन्होंने सभी लोगों से समय पर बैठक में पहुंचने का आग्रह किया है।

## बाइक और ऑटो की टक्कर में एक घायल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बसिया रोड में बृहस्पतिवार शाम 6:30 बजे के आसपास एक ऑटो और बाइक में टक्कर हो गया। जिसमें बाईक सवार युवक बुरी तरह से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को तुरंत रेफरल अस्पताल सिसई पहुंचाया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। एवं घायल युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया।

## शारदा सिंह ने बकाया राशि के आवंटन को लेकर दीपिका पांडेय से की मुलाकात



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शारदा सिंह के अगुवाई में शुक्रवार को पंचायती राज के मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से धुर्वा रांची स्थित आवास में मुलाकात कर 15 वित्त 24– 25 बकाया राशि के आवंटन के संबंध में गहन चर्चा हुई। जिसमें माननीय मंत्री ने गंभीरता पूर्वक लेते हुए इसे जल्द से जल्द भुगतान करने के संबंध में निर्णय लेने का आश्वासन दिया। इस बैठक में धनबाद जिला के सभी प्रखण्ड के त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने मनमानी तरीके से हो रहे प्रखंड एवं मुख्यालय मे हो रहे काम को लगाम लगाने हेतु अपनी अपनी बातों को मंत्री महोदय ने इसे संज्ञान में लेते हुए कड़े शब्दों में सभी जिला के उपायुक्तो को निर्देश दीए कि कोई भी त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का अवहेलना नहीं किया जायेगा। इस बैठक में प्रखंड प्रमुखगण, जिला परिषद सदस्यगण, मुखियागण, पंचायत समिति सदस्यगण, वार्ड सदस्यगण उपस्थित थे।

## पूर्वी टुंडी में बालू लदा ट्रक जब्त, एफआइआर



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर जिले में खनिज पदार्थों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदा एक ट्रक को जब्त किया है। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि उनके नेतृत्व में आज दोपहर लगभग 12:45 बजे जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा, खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक, सुमित प्रसाद, बसंत उरांव एवं आवंटित सशस्त्र पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से पूर्वी टुण्डी थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में पूर्वी टुंडी से गोविन्दपुर की ओर आ रहे एक ट्रक, रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 78 एटी 5166, को बिना परिवहन चालान के बालू परिवहन करते हुए पकड़ा गया। इसके बाद ट्रक को जब्त कर सुसंगत धाराओं के अंतर्गत पूर्वी टुंडी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## झरिया सीओ ने जोरापोखर में की त्रिपक्षीय वार्ता



**झरिया/ जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** सुशी आउटसोर्सिंग परियोजना मे हो रही हैवी ब्लास्टिंग के कंपन एवं पत्थरों के उड़कर आसपास के मोहल्लों में जाने से जानमाल की खतरों से प्रभावित मोदीभिट्ठा बस्ती के ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को झरिया सीओ मनोज कुमार ने जोरापोखर थाना में त्रिपक्षीय समझौता वार्ता किया। वार्ता में एकीकृत जयरामपुर कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी ए के पांडेय ,प्रबंधक शांतनु शील,थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा एवं बस्ती के पांच दर्जन रैयत व ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। बस्ती के ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे जेएलकेएम के नगर अध्यक्ष शक्ति नाथ महतो,सुरेश चक्रवर्ती ,वीना देवी एवं पार्वती देवी ने सीओ को बस्ती के बगल में चल रही आउटसोर्सिंग परियोजना में हैवी ब्लास्टिंग पर रोक लगाने, ब्लास्टिंग से क्षतिग्रस्त हुए आवासों की मरम्मती कराने,बस्ती के रैयतों को आर आर पॉलिसी के तहत जमीन के बदले नियोजन और मुआवजा देने को जरेडा में 2017 में रैयतों द्वारा जमा की गयी। जमीन की कागजात का तत्काल समाधान करने,सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सुविधाओं के साथ बस्ती के लोगों को विस्थापित करने , तथा विस्थापित बेरोजगारों को परियोजना एवं मैनुअल लोडिंग में रोजगार देने की मांगों से अवगत कराते हुए समस्याओं के समाधान होने तक बस्ती के समीप चल रही परियोजना में खनन कार्य पर रोक लगाने की मांग किया। वार्ता को हुई बैठक में कोयला अधिकारियों ने परियोजना में संतुलित ब्लास्टिंग करने तथा ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए ग्रामीणों द्वारा गठित पांच सदस्यीय कमिटी के साथ वार्ता कर समाधान करने का सीओ एवं ग्रामीणों को आश्वासन दिया है। इस दौरान सीओ मनोज कुमार ने प्रबंधन को बस्ती के रैयतों की जमीन संबंधी जरेडा को दी गयी। कागजातों पर बात कर सभी कागजातों के साथ पुन: 14 जुलाई को रैयतों की समस्याओं पर वार्ता करने को आने का निर्देश दिया है। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं ने सीओ से आगामी वार्ता के पहले बस्ती में समस्याओं से होने को निरीक्षण करने की मांग किया। ग्रामीणों की मांग पर सीओ ने बस्ती में आने का लोगो को आश्वासन दिया है। वार्ता में सुरेश चक्रवर्ती, नेपाल भट्टाचार्य, मुकेश महतो,मनौती कुमारी,रामप्रसाद सिंह, सरिता कुमारी,भानु देवी, ममता देवी, जोशना देवी, दिलीप सिंह, विजोला देवी आदि थे।

## घर से 3 लाख जेवर समेत नगद की चोरी

**फुसरो/ बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो मे घरों मे चोरी होने का सिलसिला रुक नहीं रहा है। लोग जीवन भर मेहनत मजदूरी कर संपत्ती इकट्ठा करते है और चोर पल भर मे चोरी कर रफूचक्कर हो जाते है। इसी तरह का मामला बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो बाटा गली निवासी सिंह नगर गैराज संचालक दिलीप कुमार सोनी के यहां हुआ है। जब वो अपने परिवार के साथ अम ससुराल बिहार के जमुई गए हुए थे और घर मे ताला बंद था, तब चोर घर का ताला तोड़ 3 लाख का जेवर और 25 हजार रुपए कैश की चोरी कर ली। इसके लिए दिलीप ने बेरमो थाना में आवेदन देकर इसकी जानकारी दी है। दिलीप ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी उन्हें पड़ोसियों ने फोन के द्वारा मिली थी। आवास पहुंचे, तो कमरे का ताला टूटा था। अंदर कमरे अलमारी में रखे सारा सामान बिखरा पड़ा था। तीन लाख के जेवरात व 25 हजार रुपये गायब थे। बताया कि मुझे अंदेशा है कि वह कर कॉलोनी का ही है। दिलीप की पत्नी ने बताया कि छोटे–छोटे जेवर मिलाकर कुल लगभग 3 लाख के समान थे। इसके अलावा 25 हजार रुपए कैश थे। हम लोगों की जिंदगी भर का जमा पूंजी चोरों ने चोरी कर ली है। घटना के बाद कॉलोनीवासियों में भय व्याप्त है। लोगों ने बेरमो पुलिस से कॉलोनी में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## शहीदों के नाम वृक्षारोपण कर स्वतंत्रता सेनानी स्मृति उद्यान का शुभारंभ

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** पर्यावरण–मित्र चौक स्थित पर्यावरण–मित्र वाटिका में 'स्वतंत्रता सेनानी स्मृति उद्यान' का शुभारंभ बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी बी के तिवारी ने अमर शहीद सिदो की स्मृति में दिव्य वृक्ष रुद्राक्ष का रोपण कर किया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा आयोजित किया गया। मुख्य महाप्रबंधक लक्ष्मी दास ने अमर शहीद कान्हू की स्मृति में बहेड़ा का पेड़ लगाया। इसी प्रकार संस्थान के सदस्यों द्वारा मिलकर अमर शहीद चांद, भैरव, फूलो और झानो की भी स्मृति में एक एक दिव्य वृक्षों का रोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इन शहीदों के जन्म स्थल की लायी गयी पवित्र मिट्टी वृक्ष लगाते समय उनकी जड़ में डाली गयी। इन वृक्षों को इन अमर शहीदों के नाम से जाना जायेगा। स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा निर्णय लिया गया है कि झारखंड के रहने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के घर से लायी गयी मिट्टी को डालकर सभी स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में एक एक वृक्ष इस स्वतंत्रता सेनानी उद्यान में रोपित कर उनको श्रद्धांजलि दी जायेगी।

# वाहन जांच अभियान में 4.50 लाख रुपये जुर्माना की वसूली

**पिंड्राजोरा चेकपोस्ट व चास तथा बालीडीह क्षेत्र में कुल 97 वाहनों की हुई जांच**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** राष्ट्रीय राज्यमार्ग 32 एवं राष्ट्रीय राज्यमार्ग 320 पर पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चेकपोस्ट एवं चास तथा बालीडीह थाना क्षेत्र पर परिवहन विभाग द्वारा शुक्रवार को चलाएं गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 19 वाहनों से 4.50 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया। उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर द्वारा जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 19 वाहनों से 4.50 लाख रुपए जुमार्ना वसूला गया।

डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 97 वाहनों की जांच की गयर। जिसमें रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल होने को लेकर 19 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया। इस अभियान में नगर निगम अंतर्गत जोधाडीह मोड़, आईटीआई मोड़, चास चेक पोस्ट सहित अन्य जगहों पर दो पहिया वाहनों सहित चार पहिया वाहनों की जांच की गयी। जिसमें हेलमेट, रजिस्ट्रेशन, पॉल्यूशन, लाइसेंस, सीट बेल्ट, रिफ्लेक्टिव टेप सहित अन्य की जांच के दौरान कुल 30 वाहनों को फाइन किया गया । जिसका रशीद ऑनलाइन दिया गया। जांच के दौरान एमभीआई कमल किशोर सिंह सहित विभाग के अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## एशियन हॉस्पिटल में नवीनतम पद्धति से किडनी रोगियों का हो रहा इलाज : डॉ अफताब अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** 200 से भी अधिक किडनी बायोप्सी कर चुके और 700 से अधिक किडनी रोगियों को स्वस्थ कर चुके एशियन हॉस्पिटल के अनुभवी किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ आफताब अंसारी ने एशियन हॉस्पिटल में सभागार में शुक्रवार को आयोजित किडनी की बीमारियों के नविनतम इलाज की चर्चा सत्र बैठक के दौरान बताया की अबतक किडनी का इलाज लोग रांची, कोलकाता जैसे बड़े शहरों में अधिक खर्च देकर करा रहे थे। अब किडनी बायोप्सी एवं अन्य नविनतम चिकित्सा प्रक्रियाओं से किडनी का इलाज मरीज सुलभ रूप से करा रहे हैं। मरीज के ईएसकेडी यानी एन्ड स्टेज ऑफ किडनी स्थिति में किडनी का प्रत्यारोपण इलाज भी लिविंग किडनी डोनर और डिजीस्ड किडनी डोनर के द्वारा कानूनी नियमों के अनुसार हमारे मुख्य हॉस्पिटल फरीदाबाद के एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एशियन हॉस्पिटल में में विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा हो रहा है। जिससे हजारों किडनी के मरीज लाभान्वित हुए हैं। धनबाद एशियन हॉस्पिटल सेंटर में भी



किडनी ट्रांसप्लांट प्रत्यारोपण इलाज की तैयारियां चल रही है जिससे बहुत शीघ्र ही यहां धनबाद एवं आसपास के जिलों के किडनी रोगियों को किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा मिलेगी।

किडनी के इलाज चर्चा सत्र में उपस्थित एशियन हॉस्पिटल के सेंटर हेड डॉ. सी. राजन ने बताया कि हॉस्पिटल में डायलिसिस का फीस 13 सौ रुपए है लेकिन अब मरीज से कूल 700 रुपए फीस लिया जा रहा है जो धनबाद एवं आसपास जिलों के अस्पताल के फीस से सबसे कम है अस्पताल में वर्तमान में 18 डायलिसिस यूनिट है जिसमें हर महीने करीब 12 सौ लोगों का डायलिसिस किया जा रहा है।

## कोयला क्षेत्र पुलिस ड्यूटी मीट समारोह संपन्न
## बोकारो जिला बल बना ओवरऑल चैंपियन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** पुलिस अधीक्षक बोकारो हरविंदर सिंह के निर्देशन में पिछले तीन दिनों (2 जुलाई से 4 जुलाई 2025) तक चल रहे कोयला क्षेत्र पुलिस ड्यूटी मीट का समापन शुक्रवार को भव्यता के साथ हुआ । इस प्रतियोगिता में बोकारो जिला बल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, वहीं धनबाद जिला बल रनर अप रहा।

तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में कई प्रकार के इवेंट्स आयोजित किए गए, जिसमें बोकारो एवं धनबाद के पुलिस अधिकारियों और कर्मियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बोकारो जिला के सब इंस्पेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक बोकारो के तकनीकी शाखा प्रभारी पुष्पराज कुमार ने कुल 3 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीतकर इंडिविजुअल ओवरऑल चैंपियन का खिताब हासिल किया। वहीं, महुदा सर्किल, धनबाद की इंस्पेक्टर ममता कुमारी ने 1 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर ओवरऑल रनर अप बनीं।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक, बोकारो प्रक्षेत्र, क्रांति कुमार गडिदेशी रहे। उन्होंने सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चयनित प्रतिभागियों को अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जायेगा। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक बोकारो, पुलिस अधीक्षक बोकारो के अलावा ग्रामीण एसपी धनबाद कपिल चौधरी, सिटी एसपी धनबाद ऋत्विक श्रीवास्तव, सिटी डीएसपी बोकारो आलोक कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। समस्त कार्यक्रम का संचालन सार्जेंट मेजर प्रथम प्रणव कुमार के नेतृत्व में किया गया।

## राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ ने धनबाद उपायुक्त को तीन सूत्री मांगपत्र सौपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/ जोड़ापोखर।** सेल जीतपुर कोलियरी को जल रिसाव से संभावित खतरा बताकर प्रबंधन द्वारा 1 जुलाई से खदान को बंद किए जाने का मामला तूल पकड़ते जा रहा है। मामले को लेकर संयुक्त मोर्चा के समर्थकों ने एक ओर जहां शुक्रवार को कोलियरी परिसर में विरोध प्रदर्शन कर खदान चालू कराने की प्रबंधन से मांग किया तो वही ठेका कर्मियों एवं स्थानीय समस्याओं के मुद्दे पर शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के महामंत्री अवधेश यादव के नेतृत्व में रणजीत यादव, रीना पासवान एवं उदय शर्मा ने शुक्रवार को जिले के उपायुक्त से



मिलकर मजदूरों से जुड़ी तीन सूत्री मांगपत्र देकर जनहित तथा मजदूर हित में तत्काल हस्तक्षेप कर समस्याओं के अविलंब समाधान करने की मांग किया है। मांगपत्र में श्री यादव ने सेल के वर्तमान जीएम मनीष कुमार पर साजिश के तहत ठेकेदार को लाभ पहुंचाने को तथा 856 करोड़ की पेनाल्टी का घोटाला करने को गलत मसौदा तैयार कर खदान को बंद करने का आरोप लगाते हुए खदान बंदी से जुड़ी सभी मुद्दे की जांच कराने की मांग किया । उन्होंने उपायुक्त से कहा कि खदान बंद होने से जीतपुर के लगभग बीस हजार लोग पानी बिजली की समस्या से प्रभावित होंगे तथा 6 सौ असंगठित मजदूर बेरोजगार हो जाएंगे। नेताओं ने कहा कि जब तक मजदूरों तथा स्थानीय लोगों को न्याय नहीं मिलता है तबतक उनके संगठन का आंदोलन जारी रहेगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा**
**Email Id- rwdsimdega@ gmail.com**

शुद्धि–पत्र

पत्रांक– सिमडेगा / दिनांक–

एतद् द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना शीर्ष (4515) अन्तर्गत ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**19/R1/2025-26/RWD/ SIMDEGA** दिनांक **26-06-2024,** आईडेन्टीफिकेशन संख्या RWD/ SIMDEGA/19/ 08/ 2023-24 जिसका **PR 356131 Simdega (25-26)D** है। विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, जिसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. SBD के Page No- 15 के Clause 5.2 (a) में 60% के स्थान पर 50% पढ़ा जाय।
2. SBD के Page No- 15 के Clause 5.2 (b) में 50% के स्थान पर $1/3^{rd}$ पढ़ा जाय।

**शेष सभी नियम एवं शर्तें यथावत् रहेंगी।**

ह0/– कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।

PR.NO.356556 Simdega(25-26):D



**झारखण्ड सरकार**
**स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग**
**इच्छा की अभिव्यक्ति**

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प ज्ञापांक– 58(21) दिनांक–11.04.2025 के द्वारा सरकारी अस्पतालों द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य बीमा योजना से अधिकतम Claim की राशि प्राप्त कर अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को Indian Public Health के मानक के अनुरूप करने के लिए "अस्पताल प्रबंधन हेतु मार्ग निदेश" निर्गत किया गया है।

उक्त संकल्प के अनुसार विभिन्न स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत उपार्जित राशि के प्रबंधन पारदर्शिता एवं सही वितरण के लिए एक अलग बैंक खाता का संचालन किया जाना है।

इसके लिए एतद् द्वारा इच्छुक बैंक से बैंकिंग सेवाओं के लिए आवेदन/प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। इससे संबंधित शर्त्तें/अभिलेख झारखण्ड सरकार के बेवसाईट https://www.jharkhand.gov.in/health के Advertisement Section में उपलब्ध है। इच्छुक बैंक दिनांक–18.07.2025 तक अपना आवेदन/प्रस्ताव अपर सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के कोशांग में जमा कर सकते है।

(विद्यानंद शर्मा पंकज)
सरकार के अपर सचिव

PR 356507 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)D



**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**
**VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE**
**FOR RATE PURPOSE ONLY**
**Quotation Reference No : BCD/Bld. Div. No.- 1 --- 08/2025-26**

Sealed Quotations are invited for the work **Upgaradation and Renovation of the First Floor in the Hon'ble Governor's Residence Part at Rajbhawan, Ranchi** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers / Suppliers / Retailers / Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**

1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट :–

(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 11-07-2025 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
(2) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 12-07-2025 अपराह्न 1:30 बजे।
(3) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची।
(4) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 8527519262

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

**Nodal Officer, e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer**
**Building Construction Department,**
**Building Division No.-1, Ranchi**

PR 356500 Building(25-26)D



**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**
**Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com**

अति अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 09/2025–26

इच्छुक अधिकृत फर्म/आपूर्तिकर्त्ता/निर्माता/विक्रेता निम्नांकित सामग्रियों से संबंधित अपनी कोटेशन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते है:–

विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा।
कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक– 14.07.2025 को 3:00 बजे अप0 तक।
कोटेशन खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक– 14.07.2025 को 3:30 बजे अप0,नगर परिषद, लोहरदगा के सभा कक्ष में।

| SL No. | Work Name | | Rate Including All Taxes with Company Name (Per Set) |
|---|---|---|---|
| 1 | LED Street Light (45/48Watt) | S.I.T.C of floowing rating LED Street lighting luminarie with pressure die cast housing and toughened glass cover (IP 66 Protection) in existing pole/pipe for supply voltage 100-270V AC, 50Hz. Luminarie shall be confirm to IS:10322 part-5/section-3 and shall be complete with all neccssary accessories as required. (Make Orient, Bajaj, Havells and Crompton) | |
| 2 | LED Street Ligth (70/72Watt) | | |
| 3 | High Mast LED Flood Light (200 Watt) | S.I.T.C of floowing rating LED Flood lighting luminarie with pressure die cast housing and toughened glass cover (IP 66 Protection) in existing pole/pipe for supply voltage 100-270V AC, 50Hz. Luminarie shall be confirm to IS:10322 part-5/section-5 and shall be complete with all neccssary accessories as required. (Make Orient, Bajaj, Havells and Crompton) | |

**नोट:–** कोटेशन की शर्त एंव विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं https:// udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा।

PR.NO.356564 Lohardaga(25-26):D



**समादेष्टा का कार्यालय सैप–1 वाहिनी, कैम्प–झा०स०पु०–2, टाटीसिलवे, राँची**
**Email id- commandantprsap1254@gmail.com**
**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना–04 / 2025–26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सैप–1 वाहिनी, कैम्प झा०स०पु०–2 टाटीसिलवे, राँची के विभिन्न कम्पनी, पिकेट, पोस्टो एवं टी०ओ०पी० में उपयोग होने वाले लेखन और टोनर (Cartridge) सामानों को क्रय करने हेतु समाचार पत्र के द्वारा वित्तीय वर्ष–2025–26 के लिए निविदा आमंत्रण की जाती है। इस संबंध में इच्छुक फर्म/मेसर्स, दिनांक– 05/07/2025 से 11/07/2025 तक निविदा का हार्ड कॉपी इस कार्यालय से प्राप्त कर दिनांक– 16/07/2025 तक निविदा मुहर बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। दिनांक– 17/07/2025 को कार्यालय कक्ष में समय 12:00 अप० में समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। उक्त निर्धारित तिथि को निविदा दाता या उसके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

नियम व शर्तें:–

1. निविदा दाता अपनी निविदा अपने लेटर पैड पर देंगे।
2. निविदा खुलने के समय निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
3. निविदा की शर्तो को संशोधित करने एवं बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
4. आपूर्तिकर्ता का निबंधन झारखण्ड राज्य अन्तर्गत होनी चाहिए।
5. निविदा दाता का **GST/PAN** एवं अन्य सभी प्रकार के कागजात अद्यतन होना चाहिए।
6. आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति किए गये सभी सामग्रियों की अच्छी गुणवत्ता एवं बाजार दर के अनुरूप होनी चाहिए।
7. सामग्रियों के आवश्यकता के पश्चात् दिये गये सूचना के आधार पर अविलम्ब आपूर्ति करना सूनिश्चित करेंगे।
8. आपूर्ति कर्ता द्वारा किसी भी प्रकार की कमी/त्रुटि पाये जाने पर आपूर्तिकर्ता के निविदा को बिना सूचना दिये अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

समादेष्टा
झा0स0पु0–2 टाटीसिलवे,रॉची
–सह– निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
सैप–1वाहिनी,कैम्प–टाटीसिलवे, रॉची।

PR 356550 Police(25-26)D

### पटना में कार्यकारिणी की अहम बैठक

# लालू प्रसाद यादव फिर बने राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** 13वें कार्यकाल के लिए लालू प्रसाद यादव राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष औपचारिक तौर पर बन गये हैं। परंपरा के तहत इकलौता नामांकन होने के साथ ही उनका पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना औपचारिकता थी, लेकिन अब राष्ट्रीय जनता दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की शुक्रवार को पटना के एक होटल में हुई बैठक में इस कोरम को पूरा कर लिया गया। लालू यादव और राबड़ी देवी के साथ पार्टी के बाकी दिग्गजों ने



दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक की शुरुआत की। इसमें बिहार चुनाव के दौरान वोटर लिस्ट बदलने और तेजस्वी यादव को अगला मुख्यमंत्री बनाने पर चर्चा शुरू हो गयी है।

# भारतीय नौसेना में पहली महिला फाइटर पायलट बनीं सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विशाखापत्तनम।** भारतीय नौसेना ने इतिहास रच दिया है। सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया को आधिकारिक रूप से नौसेना के फाइटर स्ट्रीम में शामिल कर लिया गया है। वे इस स्ट्रीम में जगह पाने वाली पहली महिला अधिकारी बन गई हैं। इससे महिला अधिकारियों के लिए लड़ाकू भूमिकाओं के द्वार खुल गए हैं।



**'विंग्स ऑफ गोल्ड' से आस्था पूनिया हुईं सम्मानित :** आस्था पूनिया को 'विंग्स ऑफ गोल्ड' सम्मान प्रदान किया गया, जो नौसेना की फाइटर पायलट बनने की पात्रता का प्रतीक है। यह सम्मान उन्हें रियर एडमिरल जनक बेवली, सहायक नौसेना स्टाफ (एयर) की तरफ से आईएनएस डेगा, विशाखापत्तनम में दिया गया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट अतुल कुमार ढुल को भी यह सम्मान प्राप्त हुआ। यह समारोह 'सेकेंड बेसिक हॉक कन्वर्जन कोर्स' की समाप्ति पर आयोजित हुआ था।

### इलाहाबाद हाइकोर्ट ने याचिका खारिज की

# मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद विवादित ढांचा नहीं

- हिंदू पक्ष के वकील बोले सुप्रीम कोर्ट जायेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**प्रयागराज/ मथुरा।** मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग वाली याचिका को इलाहाबाद हाइकोर्ट ने खारिज कर दिया। हिंदू पक्ष की याचिका पर 23 मई को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने कहा कि मूल वाद चल रहा है। हाइकोर्ट में ट्रायल चल रहा है। ऐसे में एक एप्लिकेशन पर विवादित ढांचा घोषित करने का कोई औचित्य नहीं। फिर जो मूल वाद है, उस पर असर पड़ेगा। मूल वाद ही इससे से जुड़ा है, इसलिए विवादित ढांचा का फैसला नहीं दिया जा सकता। वहीं, हिंदू पक्ष के वकील महेंद्र प्रताप ने इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ले जाने की बात कही है। दरअसल, 5 मार्च को हिंदू पक्ष के वकील महेंद्र प्रताप सिंह ने विवादित ढांचा घोषित करने को लेकर याचिका दाखिल की थी। कोर्ट से कहा था कि मस्जिद के पास जमीन के कागज नहीं हैं। इन्होंने अतिक्रमण कर रखा है। इसे मस्जिद क्यों कहा जाये? इसलिए मस्जिद को भी विवादित ढांचा घोषित किया जाये। इसके खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति दाखिल की थी। कहा था- हिंदू पक्ष की मांग सरासर गलत है। इस मामले में जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा की सिंगल बेंच में अब तक चार बार सुनवाई हो चुकी है।

### हिंदू पक्ष का दावा- मस्जिद की जगह पहले मंदिर था

हिंदू पक्ष ने याचिका में कहा था- शाही ईदगाह की जगह पहले मंदिर था। वहां पर मस्जिद होने का कोई भी साक्ष्य आज तक मुस्लिम पक्ष कोर्ट में पेश नहीं कर सका। जिसे मस्जिद कहा जा रहा है, उस की दीवारों पर हिंदू देवी देवताओं के प्रतीक चिह्न मौजूद हैं। किसी की जमीन पर अतिक्रमण करके बैठ जाने से, वह जमीन उसकी नहीं हो जाती है। न ही जमीन से जुड़ी खसरा-खतौनी में मस्जिद का नाम है। न नगर निगम में कोई रिकॉर्ड है और न ही टैक्स दिया जा रहा है। यहां तक की बिजली चोरी की रिपोर्ट भी शाही ईदगाह प्रबंध कमेटी के खिलाफ हो चुकी है। फिर इसे मस्जिद क्यों कहा जाए? जो प्रकरण अयोध्या में राम मंदिर और बाबरी मस्जिद का था। ठीक वही मामला मथुरा में भगवान श्री कृष्ण की जन्मभूमि का है। कोर्ट ने अयोध्या मामले में अपना निर्णय देने से पहले बाबरी मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किया था, इसलिए मस्जिद को भी विवादित ढांचा घोषित किया जाये।

### मुस्लिम पक्ष ने कहा था- 400 सालों से यह शाही ईदगाह

मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति में कहा था- हिंदू पक्ष की मांग सरासर गलत है। 400 सालों से यह शाही ईदगाह है, इसलिए इसे विवादित ढांचा घोषित करने की मांग कठोर दंड के साथ खारिज किया जाना चाहिए।

# रूस ने दी अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को मान्यता

- ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश
- तालिबान ने फैसले को बहादुरी भरा बताया

**एजेंसी**

**काबुल/मॉस्को।** अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता को रूस ने आधिकारिक मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला रूस दुनिया का पहला देश बन गया है। यह घोषणा गुरुवार को काबुल में अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और अफगानिस्तान में रूस के राजदूत दिमित्री झिरनोव के बीच हुई बैठक के बाद की गई।

तालिबान सरकार ने रूस के इस कदम को बहादुरी भरा फैसला बताया है। मुत्ताकी ने बैठक के बाद जारी एक वीडियो बयान में कहा कि यह साहसी फैसला दूसरों के लिए एक मिसाल बनेगा। अब मान्यता की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, रूस सबसे आगे रहा।

तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जिया अहमद तकाल ने भी एएफपी को पुष्टि करते हुए कहा कि रूस पहला देश है जिसने इस्लामिक अमीरात को आधिकारिक मान्यता दी है।



### मान्यता देने से द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ेगा : रूस

रूस के अफगानिस्तान मामलों के विशेष प्रतिनिधि जामिर काबुलोव ने रिया नोवोस्ती ने तालिबान सरकार को मान्यता देने की पुष्टि की। रूसी विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी कर कहा कि इस्लामिक अमीरात की सरकार को मान्यता देने से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ेगा। चीन, पाकिस्तान और ईरान जैसे कई देशों ने अपने-अपने यहां तालिबान राजनयिकों को तैनात कर रखा है, लेकिन अभी तक किसी ने भी तालिबान शासन को आधिकारिक मान्यता नहीं दी थी।

# रूस का यूक्रेन पर 550 मिसाइल और ड्रोन से हमला

- जेलेंस्की का दावा : 270 मिसाइलें मार गिरायीं, 200 से ज्यादा ड्रोन जाम किये

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन डीसी।** रूस ने यूक्रेन पर शुक्रवार सुबह 500 मिसाइलों और ड्रोनों से हमला किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि इनमें से 270 मिसाइलों को हवा में मार गिरा गया। इनके अलावा 330 शाहेद ड्रोन भी थे। इनमें से 208 ड्रोन को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के जरिए जाम कर दिया गया। ये ड्रोन ईरान में बने हैं। इस हमले का सबसे बड़ा निशाना राजधानी कीव ही था। कीव के अलावा द्निप्रो, सुमी, खार्किव, चेर्निहिव और आसपास के इलाकों को भी नुकसान पहुंचाया। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि इस हमले में कम से कम 23 लोग घायल हुए हैं और उनमें से 14 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। इस हमले से कीव के कई इलाकों में अपार्टमेंट बिल्डिंग, दुकानों, एक स्कूल, एक अस्पताल, रेलवे लाइन और दूसरे जरूरी ढांचों को नुकसान पहुंचा है। कीव इंडिपेंडेंट के मुताबिक धमाकों की आवाजें 3 जुलाई को रात 10 बजे से ही सुनाई देने लगी थीं और ये 4 जुलाई की सुबह तक जारी रहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने फोन पर बात की। दोनों नेताओं ने यूक्रेन, ईरान और अमेरिका-रूस संबंधों समेत कई मुद्दों पर बात की।



































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**